RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 313
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से हटी नाओमी ओसाका

स्पोर्ट्स-10

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की अमेरिकी कंपनियों के सीईओ संग बैठक

# भारत के साथ साझेदारी पर हुई सार्थक चर्चा

- क्वालकॉम, एडोब, फर्स्ट सोलर, जनरल एटॉमिक्स व ब्लैक स्टोन के प्रमुखों से देश में कारोबारी अवसरों पर हुई बात

**एजेंसियां ।** वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को अमेरिका में अपने कार्यक्रम की शुरूआत प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालकॉम के अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी क्रिस्टिआनो ई अमोन के साथ 'सार्थक बातचीत' के साथ की। पीएम ने क्वालकॉम अध्यक्ष समेत अलग अलग क्षेत्र की पांच प्रमुख कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक की। इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत में उपलब्ध व्यापक व्यवसायिक संभावनाओं के बारे में जानकारी दी।

अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे मोदी ने अमोन के साथ बैठक की। अपनी इस यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ पहली बार आमने-सामने की बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्विटर पर लिखा है, ....क्रिस्टिआनो अमोन और प्रधानमंत्री के बीच सार्थक बातचीत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में उपलब्ध असीम अवसरों के बारे में बताया। एमोन ने कहा कि वह 5जी और डिजिटल इंडिया से जुड़ी अन्य योजनाओं में भारत के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिन्दम बागची ने कहा कि दोनों ने हाल में घोषित इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और नवप्रवर्तन परिवेश को मजबूत बनाने के उपायों पर बातचीत की। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि वैश्विक नवप्रवर्तन केंद्र बनाने की ओर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टिआनो ई अमोन के साथ भारत में उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश अवसरों पर बातचीत की। हाल में घोषित इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार विनिर्माण उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं तथा नवप्रवर्तन परिवेश को मजबूत बनाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। भारत 5जी प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ा बढ़ा रहा है और चाक-चौबंद सुरक्षित व्यवस्था चाहता है। ऐसे में चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी के सीईओ के साथ बैठक महत्वपूर्ण है। सैनडिआगो की यह कंपनी सेमीकंडक्टर, ( शेष पेज 9 )



वाशिंगटन में बृहस्पतिवार को एडोब कंपनी के अध्यक्ष एवं सीईओ शांतनु नारायण से भेंट करते प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी

### भारत या जापान ऑकस में शामिल नहीं होंगे: अमेरिका

**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने हाल में हिंद-प्रशांत की सुरक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया तथा ब्रिटेन के साथ मिलकर बनाए त्रिपक्षीय गठबंधन ऑकस (एयूकेयूएस) में भारत या जापान को शामिल किए जाने की संभावना को खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने बुधवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले हफ्ते ऑकस की घोषणा केवल सांकेतिक नहीं थी और मुझे लगता है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों को यही संदेश दिया है कि हिंद-प्रशांत की सुरक्षा के लिए बनाए गठबंधन में किसी अन्य देश को शामिल नहीं किया जाएगा। साकी से ( शेष पेज 9 )

### भारतीय प्रवासियों ने विश्व में बनाई अलग पहचान: प्रधानमंत्री


**भाषा ।** वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए भारतीय प्रवासियों की प्रशंसा की है। मोदी के यहां पहुंचने पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री का विमान बुधवार को जैसे ही हवाई अड्डे पर उतरा, उसके तुरंत बाद भारतीय अमेरिकियों के एक समूह ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मोदी ने होटल में समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय-अमेरिकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ अपने संवाद की तस्वीरें ट्वीट कीं और लिखा, मैं गर्मजोशी से ( शेष पेज 9 )

## टेक्नीकल एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा सुप्रीम कोर्ट

- मामले की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अगले हफ्ते पारित होगा अंतरिम आदेश

पेगासस मामला



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**पेगासस** जासूसी मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित तकनीकी विशेषज्ञ समिति करेगी। केंद्र सरकार को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को मौखिक रूप से कहा कि वह पेगासस जासूसी प्रकरण की जांच के लिए तकनीकी विशेषज्ञ समिति बनाएगा और इस मामले की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अगले हफ्ते अंतरिम आदेश पारित करेगा।

ये टिप्पणियां इसलिए अहम हैं क्योंकि केंद्र ने इजराइली कंपनी एनएसओ के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर कुछ प्रतिष्ठित भारतीयों के फोन हैक कर कथित तौर पर उनकी जासूसी करने की शिकायतों की जांच करने के लिए खुद विशेषज्ञ समिति गठित करने की पेशकश की थी। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक के वकील सी.यू. सिंह से कहा कि आदेश अगले हफ्ते पारित किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम इस हफ्ते आदेश देना चाहते थे, लेकिन उसे इसलिए रुकना पड़ा क्योंकि अदालत जिन लोगों को तकनीकी समिति का सदस्य बनाना चाहती थी, उनमें से कुछ ने इसका हिस्सा बनने में 'निजी मुश्किलें' बतायी हैं।

न्यायालय ने कहा कि इसलिए वह समिति गठित करने में वक्त ले रहा है। हम अगले सप्ताह तक तकनीकी विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के नाम तय कर पाएंगे और फिर अपना आदेश देंगे। प्रधान न्यायाधीश ने सिंह को बताया कि वह उन्हें यह बता रहे हैं, क्योंकि वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल पिछले कुछ दिनों से अदालतों में नहीं आ रहे हैं। इस पर सिंह ने पीठ को बताया कि वह सिब्बल को सूचित कर देंगे। न्यायालय ने 13 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि ( शेष पेज 9 )

## मोदी 27 को करेंगे डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत

- इसके तहत लोगों को यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी, जिसमें उनके स्वास्थ का सारा रिकॉर्ड होगा

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**पीएम** नरेंद्र मोदी 27 सितंबर को राष्ट्रव्यापी स्तर पर प्रधानमंत्री डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की घोषणा करेंगे। इसके योजना के तहत लोगों को एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी प्रदान की जाएगी, जिसमें किसी व्यक्ति की मेडिकल हिस्ट्री का विवरण अस्पताल में सुरक्षित किया जाएगा, जहां उसका इलाज किया गया है। इस विशिष्ट हेल्थ कार्ड में व्यक्ति के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारियां दर्ज होंगी।

इससे मरीजों को फाइल हर जगह नहीं ले जाना पड़ेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को यहां बताया कि मरीज की यूनिक हेल्थ आईडी देखकर डॉक्टर स्वास्थ्य की स्थिति जान सकेंगे और आगे का इलाज जारी रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्ड से यह भी पता चलेगा कि मरीज को आयुष्मान भारत योजना जैसी सरकारी योजनाओं से लाभ मिलता है या नहीं। व्यक्ति के पहचान पत्र में उसका मोबाइल और आधार नंबर का उपयोग किया जाएगा। इन दोनों रिकॉर्ड का इस्तेमाल यूनिक हेल्थ कार्ड बनाने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार एक स्वास्थ्य प्राधिकरण बनाएगी जो किसी व्यक्ति के सभी के स्वास्थ्य आंकड़े जुटाएगी।

स्वास्थ्य प्राधिकरण को उस व्यक्ति के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की अनुमति होगी जिसका स्वास्थ्य आईडी बनाया गया है। जिस व्यक्ति का हेल्थआईडी बना हो उसे सार्वजनिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र या स्वास्थ्य सेवा प्रदाता जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरचना से जोड़ने के लिए पंजीकृत किया जा सकता है।

## दिव्यांगों व अशक्तों को घर पर लगेगा कोविड का टीका

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा-मामले भले ही कम हो रहे लेकिन दूसरी लहर अब भी जारी

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि दिव्यांगों तथा चलने-फिरने में असमर्थ लोगों को उनके घर पर ही कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भले ही दैनिक नए मामलों में कमी आ रही हो, लेकिन देश में कोविड-19 की दूसरी लहर अब भी जारी है।

बहरहाल, उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते सामने आए संक्रमण के कुल मामलों में से 62.73 फीसदी अकेले केरल में आए। केरल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां उपचाराधीन मरीजों की संख्या एक लाख से अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि देश में 33 जिलों में फिलहाल संक्रमण दर 10 फीसदी से अधिक है, जबकि 23 जिलों में संक्रमण दर पांच से 10 फीसदी के बीच हैं। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों के लिए कोविड-19 दिशानिर्देशों के तहत निरूद्ध क्षेत्रों और पांच फीसदी से अधिक संक्रमण दर वाले जिलों में भीड़भाड़ से बचना होगा। टीकाकरण अभियान के बारे में उन्होंने कहा कि देश की करीब 66 फीसदी आबादी को टीके की कम से कम एक खुराक दी गई है और 23 फीसदी आबादी का पूरी तरह टीकाकरण हो गया है।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 टीकों में 63.7 फीसदी ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए हैं और 35.4 फीसदी शहरी क्षेत्रों में लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 68.2 लाख खुराक (करीब 0.95 फीसदी) ऐसे कोविड-19 टीकाकरण केंद्रों पर दी गई जिन्हें ग्रामीण या ( शेष पेज 9 )



मुंबई में एक केंद्र पर कोरोनारोधी टीका लगवाते लोग।

## जज को जानबूझकर टक्कर मारी थी ऑटो चालक ने : सीबीआई

- जांच एजेंसी ने झारखंड हाईकोर्ट को दी जानकारी, घटना में न्यायाधीश उत्तम आनंद की हो गई थी मौत

**पायनियर समाचार सेवा ।** रांची

**झारखंड** हाईकोर्ट को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बृहस्पतिवार को बताया कि ऑटो चालक ने जानबूझकर धनबाद के न्यायाधीश उत्तम आनंद को टक्कर मारी थी जिससे उनकी मौत हो गई (उच्च न्यायालय में आज उपस्थित हुए के सीबीआई के संयुक्त निदेशक शरद अग्रवाल ने अदालत को यह जानकारी दी और कहा कि इस घटना के पीछे षड्यंत्र की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई के 20 अधिकारी दिन-रात इस घटना की जांच में जुटे हैं।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ रवि रंजन व न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। अदालत के आदेश पर सीबीआई के संयुक्त निदेशक आज पीठ के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने सुनवाई के दौरान कहा कि अब तक की जांच से पता चला है कि ऑटो चालक ने न्यायाधीश को जानबूझकर टक्कर मारी थी और यह कोई हादसा नहीं था। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे के षड्यंत्र की जांच की जा रही है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी न्यायिक अधिकारी की हत्या की गई है। इसने कहा कि इस घटना से न्यायिक अधिकारियों का मनोबल कम हुआ है और अगर इस मामले का जल्द से जल्द खुलासा नहीं किया गया तो यह न्यायिक व्यवस्था के लिए सही नहीं होगा।

सीबीआई के संयुक्त निदेशक ने अदालत को बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाले कई लोगों से पूछताछ की गई है और गिरफ्तार लखन शर्मा मोबाइल चोर है तथा उसने उस दिन भी मोबाइल चुराए थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति काफी चालाक है और बार-बार अपना बयान बदल रहा है, लेकिन सीबीआई के ( शेष पेज 9 )

## पिछड़े वर्गों की जातिगत जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन: सरकार

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पिछड़े वर्गों की जाति आधारित जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन और दुष्कर है और जनगणना के दायरे से इस तरह की सूचना को अलग करना सतर्क नीति निर्णय है। केंद्र का रूख इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में बिहार से दस दलों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और जाति आधारित जनगणना कराए जाने की मांग की थी। उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे के मुताबिक, सरकार ने कहा है कि सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी), 2011 में काफी गलतियां एवं अशुद्धियां हैं। महाराष्ट्र की एक याचिका के जवाब में उच्चतम न्यायालय में हलफनामा दायर किया गया। महाराष्ट्र सरकार ने याचिका दायर कर केंद्र एवं अन्य संबंधित प्राधिकरणों से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित एसईसीसी 2011 ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,885 | ↑ 958 | |
| निफ्टी | 17,822 | ↑ 276 | |
| सोना | 45,401 | ↓ 294 | /10g |
| चांदी | 59,609 | ↑ 26 | /kg |

### क्विक न्यूज

**शेयर बाजारों में जोरदार तेजी सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर**

**मुंबई।** देश के शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 958 अंक उछलकर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बंद हुआ। फेडरल रिजर्व के मासिक बांड खरीद कार्यक्रम में कमी लाने के संकेत के बावजूद वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती से भी कारोबारी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 958.03 अंक यानी 1.63% के उछाल के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 59,885.36 अंकपर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 276.30 अंक यानी 1.57% उछलकर रिकार्ड 17,822.95 अंकपर बंद हुआ। (विस्तृत पेज 9)

## ईडी ने शुरू की जब्त तीन हजार किग्रा हेरोइन मामले की जांच

- विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अदालत की निगरानी में जांच करने का उठाया मामला

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**गुजरात** के मुंद्रा बंदरगाह पर दो कंटेनरों से हाल ही में जब्त लगभग 3,000 किलोग्राम हेरोइन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की है। इस मुद्दे को विपक्षी कांग्रेस ने उठाते हुए कहा कि देश में सबसे बड़ी नशीली दवाओं के मामले में अदालत की निगरानी में जांच की मांग की और साथ ही यह भी कहा कि यह विश्व स्तर पर सबसे बड़ी ड्रग्स की खेप होने का अनुमान है। ईडी मामले में सभी स्रोत से एकत्र विवरणों का अध्ययन करने के साथ ही डीआरआई द्वारा दायर शिकायत की कॉपी मांगी है जिसमें सिंडिकेट की मादक तस्करी की बोली का खुलासा हुआ है। यह मामला 15 सितंबर को गुजरात के कच्छ जिले के मुंद्रा बंदरगाह से 2,988.21 किलोग्राम अफगान हेरोइन ड्रग्स की बरामदगी को जब्त करने से संबंधित है। जब्त की गई खेप की कीमत 21,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5-7 करोड़ प्रति किलो रुपये से लेकर रुपये तक है। अधिकारियों ने कहा कि जांच मामले में ईडी के शामिल होने के बाद नशीली दवाओं की शीर्ष एजेंसी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) भी अफगानिस्तान से भारत से अन्य संभावित स्थानों को भेजे जाने वाले ड्रग्स के इतने बड़े ट्रांसशिपमेंट के बड़े प्रभावों को उजागर करने के लिए जांच करेगी।

## भोपाल गैस पीड़ित कैंसर मरीजों का मुफ्त हो इलाज: हाईकोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा ।** जबलपुर

**मध्य** प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोपाल गैस त्रासदी के कैंसर पीड़ितों का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल में मुफ्त इलाज करने के प्रदेश सरकार को निर्देश दिए हैं। अदालत ने 16 सितंबर को यह आदेश जारी किया और इसकी प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद रफीक और न्यायमूर्ति वी के शुक्ला की खंडपीठ ने भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन और नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाओं में वर्ष 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के प्रभावितों को चिकित्सा सुविधा देने का अनुरोध किया गया था।मालूम हो कि दो और तीन दिसंबर 1984 की मध्यरात्रि को भोपाल में तत्कालीन यूनियन कार्बाइड कारखाने से ( शेष पेज 9 )

## सेना को मिलेंगे 118 युद्धक टैंक, बढ़ेगी मारक क्षमता

- रक्षा मंत्रालय ने चेन्नई स्थित एचवीएफ, अवडी को दिया ऑर्डर, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को बढ़ावा देना है मकसद

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**सेना** की लड़ाकू क्षमताओं में इजाफे तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को 7,523 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय सेना की खातिर 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन की खरीद को लेकर एक करार को अंतिम रूप दिया। मंत्रालय ने अर्जुन एमके-1ए टैंकों के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री (एचवीएफ), अवडी, चेन्नई को यह ऑर्डर दिया है। यह एमबीटी एमके-1ए अर्जुन टैंक का नया संस्करण है, जिसमें 72 नयी विशेषताएं और एमके-1 संस्करण से अधिक स्वदेशी उपकरण हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रक्षा मंत्रालय ने 23 सितंबर को भारतीय थल सेना के लिए 118 मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन एमके -1 ए की आपूर्ति के लिए हेवी व्हीकल फैक्ट्री, अवडी, चेन्नई को एक ऑर्डर दिया। इसमें कहा गया है कि 7,523 करोड़ रुपये के इस ऑर्डर से रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा मिलेगा तथा यह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक बड़ा कदम है। मंत्रालय ने कहा कि टैंक दिन और रात के दौरान सटीकता के साथ लक्ष्य को साधने के अलावा, सभी तरह के इलाकों में सहज गतिशीलता सुनिश्चित करेंगे। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अर्जुन एमबीटी अद्यतन करते हुए इसे विकसित किया है। अर्जुन भारतीय सेना का मुख्य युद्धक टैंक है। मंत्रालय ने कहा कि एमके-1ए सटीक मारक क्षमता वाला टैंक है और सभी तरह के क्षेत्रों में गतिशीलता में सक्षम तथा उन्नत प्रौद्योगिकी प्रणालियों से लैस है। यह दिन और रात, दोनों स्थिति में दुश्मन से मुकाबला कर सकता है। इसने कहा कि हेवी व्हीकल्स फैक्ट्री को मिले इस आर्डर से 'एमएसएमई' सहित 200 से अधिक भारतीय कंपनियों के लिए रक्षा निर्माण में एक बड़ा अवसर खुलेगा और करीब 8,000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।



# न्यू नोएडा का दूसरा मास्टर प्लान तैयार, प्राधिकरण को सौंपी रिपोर्ट

## गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद कनेक्टिवटी का खाका भेजा गया

## नए शहर में बुलंदशहर जिले के 60 गांव को किया शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर में नए नोएडा को बसाने से जुड़ी बड़ी खबर है। ग्रेटर नोएडा के दादरी से बुलंदशहर के खुर्जा के बीच बसने वाले न्यू नोएडा का मास्टर प्लान तैयार हो गया है।

जिसे नोएडा प्राधिकरण के अफसरों को दे दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर जिला प्रशासन को इस नक्शे के बारे में शासन स्तर से सूचना दे दी गई है। नए नोएडा परिक्षेत्र के दायरे में आने वाले 80 गांवों में जमीन से जुड़ी सभी एनओसी पर नोएडा प्राधिकरण ने पहले ही रोक लगवा दी थी।

दादरी और बुलंदशहर के गांवों की जमीन पर बनने वाले नए नोएडा का मास्टर प्लान तैयार करने को लेकर स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर एसपीए ने काम में तेजी शुरू कर दी है। मास्टर प्लान से संबंधित दूसरी बार रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण को भेज दी है। इस रिपोर्ट का प्राधिकरण अधिकारियों ने अध्ययन शुरू कर दिया है।

नोएडा प्राधिकरण को नया मास्टर प्लान मिला है, उसमें मुख्य रूप से नए नोएडा की नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद से होने वाली कनेक्टिवटी का खाका भेजा है। इसको बसाने की जरूरत क्यों पड़ी, समेत अन्य जानकारी दी गई है। दरअसल, नियोजन विभाग इसका अध्ययन कर इसमें जरूरी बदलाव करेगा। इसके बाद उन कमियों को दूर करने के लिए वापस उसे भेजा जाएगा। एसपीए को मास्टर प्लान की पूरी रिपोर्ट तैयार कर अप्रैल 2022 तक नोएडा प्राधिकरण को देनी है। यह मास्टर प्लान जियोग्राफिक इंफार्मेशन सिस्टम जीआईएस यानी सेटेलाइट आधारित बनाया जा रहा है।

इसके लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर समेत कई अन्य कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। नए नोएडा में बुलंदशहर जिले के 60 गांव शामिल हैं। हालांकि शासन ने 29 जनवरी 2021 को ही गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुंलदशहर के 60 गांवों को नोएडा अथॉरिटी के क्षेत्र में नोटिफिकेशन कर दिया था। इसके बाद प्राधिकरण ने मौके के गांव का नक्शा तैयार किया था।

### ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ होगा निर्माण

*रिपोर्ट के मुताबिक नोएड अथॉरिटी ने नक्शे में न्यू नोएडा का खाका खींचा गया है। इसके मुताबिक ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे केजीपी के दोनों तरफ न्यू नोएडा क्षेत्र का दायरा होगा। प्राधिकरण ने दूसरे तरफके कुछ गांवों का रकबा भी चिन्हित किया है। इनमें कोट नयाबासरी फूलपुर खंडारा गिरिराजपुर आनंदपुर और कुछ अन्य गांव शामिल हैं। गांव और गांव की जमीन के हिसाब से ही मास्टर प्लान बनाया गया है। देश में आर्थिक विकास को गति देने के लिए दो इंडस्ट्रियल रेलवे फ्रेट कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। करीब 1500 किलोमीटर लम्बा दिल्ली-मुंबई कॉरीडोर ग्रेटर नोएडा के दादरी से मुंबई में जवाहर लाल नेहरू पोर्ट तक है। दूसरा 1839 किलोमीटर लम्बा रेलवे कॉरिडोर कोलकाता से अमृतसर तक बनाया जा रहा है। इन दोनों रेलवे कॉरिडोर के बीच गौतमबुद्ध नगर जिले की दादरी तहसील के 20 गांव हैं। बुलंदशहर जिले की खुर्जा और सिकंदराबाद तहसीलों के 60 गांव हैं। इन 80 गांवों की जमीन पर नया नोएडा बसेगा।*

# घंटाघर चौक पर बनेंगे यूटर्न, यातायात होगा सुचारू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

घंटा घर बाजार शहर का प्रमुख केंद्र होने के कारण जीटी रोड पर ट्रैफिक अधिक रहता है। जाम के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा सड़क के डिवाइडरों को बंद कर दिया गया जिस से ट्रैफिक जाम में तो राहत मिली लेकिन इधर से उधर जाने वाले वाहनों को बहुत कठिनाई होने लगी जिस को लेकर घंटा घर के सभी व्यापारी नेताओ ने अपनी समस्या को राज्यमंत्री अतुल गर्ग के समक्ष रखा।

अतुल गर्ग ने अपने प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर सयोजक अनुज मित्तल को सभी व्यापारियों व प्रशासनिक अधिकारों को एक साथ बैठाकर इस समस्या का हल निकलवाने के निर्देश दिए, जिस के चलते ट्रैफिक इंस्पेक्टर परमहंस तिवारी व पीडब्ल्यूडी के जेई, एई तथा व्यापार मंडलों के पदाधिकारी मौके पर पहुँचे जहाँ सभी ने समस्या के समाधान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया। घंटा घर चौक के दोनों तरफ स्थायी यू-कट बनाये जाएंगे तथा चौक पर पैदल पार करने के लिए सड़क से कुछ ऊंचा रास्ता बनाया जाएगा। राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने मौके पर सभी व्यापारियों से लखनऊ में होते हुए भी ऑनलाइन बात की। तथा अधिकारियो को जल्दी ही इस कार्यो को चालू करने के निर्देश दिए। सभी व्यापारियों ने मंत्री को घन्यवाद भी किया।



अधिकारियों-व्यापारियों से बातचीत करते मंत्री प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल।

इस अवसर पर विपिन गर्ग, उमेश भाटी, मनोज यादव, पप्पू लोहरिया, राकेश बवेजा, संजीव लाहौरिया, देवेंद्र गोयल, राजेश भटनागर, दर्शन सिंह, राजेन्द्र राजू, ललित कपूर, सोनू पाल, लक्की, जीत सिंह राणा, अजय कालरा, दीपक शर्मा, नंदकिशोर, श्री कांत पाल व मंत्री मीडिया प्रभारी नीरज गोयल सहित गुड़मंडी, पुरानी मुंन्सफी, बजरिया, घंटाघर, गोल मार्किट, अनाजमंडी के व्यापार मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खंभे पर चढ़े लाइनमैन की करंट लगने से मौत

**गाजियाबाद।** विजय नगर थाना क्षेत्र सिद्धार्थ विहार बिजली घर में तैनात एक लाइनमैन की ब्रहमपुत्र एंक्लेव सोसाइटी सेक्टर 10 में लाइट ठीक करते हुए रात करंट लगने से मौत हो गई। मरने वाले लाइनमैन का नाम मनोज कुमार (24 वर्ष)है ।

वह मेरठ का रहने वाला था और यहाँ सिद्धार्थ विहार बिजली घर में रहता था। बुधवार की रात सवा 11 बजे ब्रहमपुत्र एंक्लेव में लाइट जाने पर ठीक करने गया था। जब वह खंभे पर चढ़कर लाइट ठीक कर रहा तो उसे करंट लगने गया और नीचे गिर गया। इस दौरान आसपास के लोग वहां पर एकत्र हो गए तथा लाइनमैन को इलाज के लिए अस्पताल ले गए मगर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाइनमैन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# 44 गांवों के किसानों को मिलेगा लीजबैक, मुख्यमंत्री ने दी मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 44 गांवों के मूल किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने इन सभी गांवों के किसानों की वर्षों से लंबित बैकलीज का लाभ देने की मांग को स्वीकार कर लिया है। साथ ही उन्होंने किसानों के अन्य जायज लंबित मामलों को भी संज्ञान में लिया है और इनके शीघ्र निस्तारण के लिए अफसरों को आदेश दिया है।

जेवर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद दिया। बातचीत में एमएलए धीरेंद्र सिंह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा के किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। यहां के किसान लीजबैक और दूसरी अन्य मांगों को लेकर लंबे वक्त से प्रदर्शन कर रहे थे। इसका संज्ञान लेते हुए सीएम ने 44 गांवों के मूल किसानों को लीज बैक का लाभ देने को स्वीकृति दे दी है। साथ ही उन्होंने किसानों की अन्य जाए लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने को कहा है। इसके लिए संबंधित अफसरों को आदेश दिया गया है।



- जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने सीएम योगी को कहा, धन्यवाद

विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया, वह लंबे वक्त से किसानों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत करा रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि जल्द ही किसानों की सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। अब ग्रेटर नोएडा के 44 गांवों के किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। इससे वह बेहद खुश हैं।

# आम्रपाली-सुपरटेक समेत सात बिल्डरों पर लगा जुर्माना

**नोएडा।** सोसाइटी में लगे एसटीपी को नहीं चलाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सात बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की। सातों बिल्डर सोसाइटियों पर 17 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

प्राधिकरण ने जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में जमा करने के निर्देश दिए हैं, नहीं जमा कराने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। साथ ही ऐसी गलती दोबारा मिलने पर जुर्माने की रकम दोगुनी कर दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर जल-सीवर विभाग की टीम ने बिल्डर सोसाइटियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सात सोसाइटियों में खामी मिली।कुछ सोसाइटियों में एसटीपी नहीं लगा है जबकि कुछ सोसाइटियों में एसटीपी लगा है पर कम चलाया जा रहा है।

वहीं कुछ सोसाइटियों के एसटीपी के पानी को ड्रेनेज सिस्टम में डाला जा रहा था, जबकि इस शोधित पानी का इस्तेमाल पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए उपयोग करने का प्रावधान है। कुछ सोसाइटियों ने एसटीपी शुरू ही नहीं किया है। प्राधिकरण की टीम ने सातों बिल्डर सोसाइटियों पर जुर्माना लगा दिया है। वहीं नोएडा प्राधिकरण ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का संचालन नहीं करने वाले चार अन्य बिल्डर सोसाइटी के खिलाफ कार्रवाई की है। इन चारों के ऑफिस और सोसायटी क्लब को सील कर दिया गया है।

# इंटीग्रेटेड औद्योगिक टाउनशिप में मिलेगी 24 घंटे बिजली

**नोएडा।** देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में 24 घंटे बिजली मिलेगी।

इसके लिए टाउनशिप में बने 220 केवी सबस्टेशन को जहांगीरपुर के साथ ही सिकंद्राबाद से भी जोड़ा गया है, ताकि एक लाइन से बिजली बाधित हो तो दूसरी लाइन से सप्लाई मिलती रहे।

दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड की तरफ से करीब 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई गई है। इसमें देश-विदेश की तमाम बड़ी कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक पांच बड़ी कंपनियां अपना प्लांट भी लगा चुकी हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स फॉर्मी मोबाइल सत्कृति इंफोटेनमेंट चेनफेंग एलईडी कंपनी और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं।

आईआईटीजीएनएल की इस टाउनशिप में निवेश की इच्छुक हैं। उनको 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाएगी। अत्याधुनिक सेवाओं से लैस यह टाउनशिप स्मार्ट तकनीक पर बसाई गई है। ज्ञात हो इस कदम से न केवल लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि साथ ही व्यापार में भी लाभ मिलेगा। सरकार आगे भी इस तरह की योजना अन्य टाउनशिप में भी लागू करेगी।


**कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

Capri Global Capital Limited

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट IV कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सीजीएचएफएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | मांग सूचना तिथि और राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (हमारी आजादपुर शाखा की ऋण खाता संख्या LNHEPRD000019482) दीपक खन्ना (कर्जदार) ज्योति खन्ना, सीपीके दि मेंटर फूड प्रोडक्ट सप्लायर (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट परिमाप 125 वर्ग गज, खसरा नंबर 148//1/1, 2/1, 10, 12/1, 149//6/2, 125//11/2, 20, 21, 22/1 का भाग, ग्राम परसराम कालोनी, तहसील एवं जिला पलवल, हरियाणा, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 21-06-2021 रू. 18,47,703/- | 18-09-2021 |
| 2. | (हमारी पूसा रोड शाखा की ऋण खाता संख्या LNHLPRD000002726) मंजीत सिंह (कर्जदार) मनदीप कौर (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 2 (पुराना) नया म्युनिसिपल नंबर 49 पर निर्मित सम्पूर्ण तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, क्षेत्रफल परिमाप 115 वर्ग गज, पुराना लाल डोरा ग्राम सिंजरपुर, अब सिंघलपुर के नाम से मशहूर, दिल्ली-110088, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 21-06-2021 रू. 31,92,016/- | 18-09-2021 |
| 3. | (हमारी गुरूग्राम शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGHGURHL0000000408) रियाज खान (कर्जदार) मनीषा (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 225, क्षेत्रफल परिमाप 75 वर्ग गज, खसरा नंबर 141 का भाग, ग्राम बिजवासन का पुराना लाल डोरा, दिल्ली, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : श्री नियासीबुद्दीन एवं दालुत राम की सम्पत्ति, पश्चिम : श्री जीत सिंह की सम्पत्ति, उत्तर : रास्ता, दक्षिण : अन्य खुला स्पेस। | 21-06-2021 रू. 17,94,467/- | 18-09-2021 |
| 4. | (हमारी कड़कड़डूमा शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGHKKDHL0000000172) सुरेन्दर चढ्ढा (कर्जदार) विपिन चढ्ढा (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर ई-171-बी, द्वितीय तल, ब्लॉक-ई, गोविंदपुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 21-06-2021 रू. 8,54,552/- | 18-09-2021 |
| 5. | (हमारी पूसा रोड शाखा की ऋण खाता संख्या LNCGHJHNHL0000001442) सुशीला देवी (कर्जदार) प्रशांत कुमार (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर जीएफ-04 की एलएचएस रियर साइड, एमआईजी, भू तल, प्लॉट नंबर बी-76 पर निर्मित, खसरा नंबर 410, एसएलएफ वेद विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 21-06-2021 रू. 24,30,971/- | 18-09-2021 |
| 6. | (हमारी आगरा शाखा की ऋण खाता संख्या LNHLAGR000020629) बृजेश कुमार (कर्जदार) मंजेश (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर ई-3, क्षेत्रफल परिमाप 41.69 वर्ग गज, खसरा नंबर 652 (मिन), के.जे.एस. धाम, जंगजीत नगर फेज-1, ताजगंज वार्ड, तहसील एवं जिला आगरा, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : कालोनी रोड, उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य सम्पत्ति | 21-06-2021 रू. 6,67,120/- | 18-09-2021 |
| 7. | (हमारी मेरठ शाखा की ऋण खाता संख्या LNHEMER000034746, LNHLMER000033939) रोहित गुप्ता (कर्जदार) पुलकित पी, मोहित गुप्ता, जयमाला गुप्ता (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर एफ-3 पर निर्मित द्वितीय तल फ्लैट, क्षेत्रफल परिमाप 136.34 वर्ग गज, खसरा नंबर 310, सरस्वती लोक कालोनी फेज-2, मेरठ, उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 21-06-2021 रू. 24,02,732/- | 18-09-2021 |
| 8. | (हमारी पूसा रोड शाखा की ऋण खाता संख्या LNHLPRD000012608) आनंद कुमार (कर्जदार) माया देवी (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 182 एवं 183 का सम्पूर्ण द्वितीय तल, पाकेट-10, सेक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 24-06-2021 रू. 32,60,244/- | 18-09-2021 |
| 9. | (हमारी मेरठ शाखा की ऋण खाता संख्या LNHLMER000004237) रेखा राज कुमार (कर्जदार) राज कुमार (सह-कर्जदार) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 73-ए, क्षेत्रफल परिमाप 58.43 वर्ग गज, खसरा नंबर 624/2, ग्राम बराल, परतापुर, तहसील एवं जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। चौहद्दी निम्नानुसार : पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : 8 फीट गली, उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति | 24-06-2021 रू. 5,57,567/- | 18-09-2021 |

स्थान : दिल्ली + एनसीआर तिथि : 24-09-2021 हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल)



सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बंकेश कुमार सिन्हा/प्रियदर्शनी अम्बास्ता/ एलबीडीईएल00001164030/ एलबीडीईएल00001164079 | फ्लैट नंबर एफ-56, द्वितीय तल, नारायणा विहार, दिल्ली-110028/18 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 9,46,044/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | धनलक्ष्मी बेहरा/फ्लूमेक इंजीनियरिंग प्रा. लि. /गारा रजनीकांत राव/ एलबीडीईएल00002282447 | प्लॉट नंबर 10, ब्लॉक नंबर एफ, विकास पुरी, नई दिल्ली/18 सितम्बर, 2021 | 25-06-2021 रू. 20,42,392/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मंजू/हंसा दत्त/निशांत बावरी/ एलबीडीईएल00004927987/ एलबीडीईएल00003009480 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 81, ब्लॉक डी, तृतीय तल, पाकेट-6, साइट-2, नासिरपुर रोड, सेक्टर-1 ए, द्वारका, दिल्ली/18 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 40,72,421/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | मनदीप सिंह नरूला/जसमीत कौर नरूला/ एलबीडीईएल00003459681 | प्लॉट नंबर 60, द्वितीय तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक-ए, बागडोला, द्वारका, दिल्ली हरियाणा/18 सितम्बर, 2021 | 23-06-2021 रू. 1,07,57,549/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | शारदा देवी एवं संदीप कुमार/ एलबीडीईएल00004899286 | फ्लैट नबंर 207, तृतीय तल, पाकेट-7, सेक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली /18 सितम्बर, 2021 | 23-06-2021 रू. 51,88,285/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | सिमरनजीत सिंह/कंवलजीत कौर अरोड़ा/मंजीत सिंह अरोड़ा/ एलबीडीईएल00004931196/ एलबीडीईएल00005341290 | डीडीए सीएसए, दुकान-45, भू तल, पाकेट-बी, अशोक विहार फेज-III, दिल्ली/20 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 31,05,965/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | अनिरूद्ध किशन लाल दत्ता/पटेल सोनलबेन रमनभाई/ एलबीडीईएल00002006912 | फ्लैट नबंर सी-114, प्रथम तल, दि राष्ट्रपति भवन कैबिनेट अफेयर्स कोआपरेटिव जीआरपी, हाउसिंग सोसायटी, स्थित प्लॉट नंबर 3, सेक्टर-10, द्वारका फेज-1, दिल्ली /18 सितम्बर, 2021 | 23-06-2021 रू. 78,61,237/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | मुकेश कुमार/सुषमा/ एलबीएफडीबी00004386336 | मकान नंबर 118, भू तल, भाई परमानंद कालोनी, दिल्ली- 110009 /18 सितम्बर, 2021 | 23-06-2021 रू. 55,39,430/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | राकेश कुमार मनोचा/सीमा मनोचा/रमन मनोचा/ एलबीएफडीबी00005176759 | प्लॉट नंबर 71, ब्लॉक ए-1, तृतीय तल, छत/टेरेस के अधिकार सहित, स्टिल्ट पार्किंग में एक चौथाई हिस्सा तथा कॉमन उपयोग अधिकार, पश्चिम विहार, दिल्ली /18 सितम्बर, 2021 | 16-06-2021 रू. 50,20,607/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | समीर सी मिन्ज/नीलम कार्ल्स/ एलबीडीईएल00004581385/ एलबीडीईएल00001804300 | डीडीए एमआईजी फ्लैट 28-ए, भू तल, ब्लॉक बीए, अशोक विहार फेज-I, दिल्ली/20 सितम्बर, 2021 | 25-03-2021 रू. 42,73,987/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | गौरव ढल/श्याम सुंदर ढल/ एलबीडीईएल00001091578/ एलबीडीईएल00001358021 | प्लॉट नंबर 3, पाकेट-2, ब्लॉक एच, सेक्टर-11, रोहिणी, नई दिल्ली/20 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 21,49,265/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | कुलदीप सोलंकी/नीलम/ एलबीडीईएल00001802840 | फ्लैट नबंर 220, द्वितीय तल, एमआईजी फ्लैट, पाकेट-7, सेक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली /20 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 15,95,759/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | ललित कुमार/रीवा/ एलबीडीईएल00004288417 | प्लॉट नंबर 336, तृतीय तल, पाकेट-9, सेक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली /20 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 19,89,663/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | नरेन्द्र कुमार/गीता/ एलबीडीईएल00004969156 | एलआईजी फ्लैट नंबर 1346, प्रथम तल, पाकेट-जीएच 4, सेक्टर-28, रोहिणी, दिल्ली /20 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 22,18,061/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15. | कपिल भाटिया/आशिमा भाटिया/भारत भूषण भाटिया/ एलबीडीईएल00004091666/ एलबीडीईएल00002334912 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर सीसी-8/275-ए, ब्लॉक सी 8, प्रथम तल, लारेंस रोड, दिल्ली/18 सितम्बर, 2021 | 19-06-2021 रू. 41,18,895/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 24-09-2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## संक्षिप्त समाचार



कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित महिलाएं

### 71 महिला कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

**नोएडा।** बीजेपी महिला मोर्चा की जिला प्रभारी ज्योति सिंह ने बताया कि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रजनी तोमर और उनकी समस्त पदाधिकारी और उनके मंडल पदाधिकारी के उपस्थिति में कार्यसमिति की बैठक हुई। आईआईएमटी कॉलेज में जिसमें मुख्य अतिथि हमारी प्रदेश मंत्री दीक्षा माहेश्वरी, क्षेत्रिय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अल्पना चौहान और पूर्व जिला अध्यक्ष बिना शुक्ला, महामंत्री उषा और प्रदेश के कुछ पूर्व मंत्री के उपस्थिति में 71 महिला कोरोना योद्धा को कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित योद्धाओं समाज सेवी और पत्रकार सुनीता वत्स, समाजसेवी साधना सिन्हा, अंजु पुंडीर, डॉ. सोनाली गुप्ता (यथार्थ हॉस्पिटल) समेत स्वास्थ्यकर्मियों ,अन्य समाजसेवियों शामिल है।

### डॉ. सीमा यादव के नेतृत्व में होम्योपैथिक कैंप लगा



नोएडा। आयुष विभाग गौतमबुद्धनगर और युवा क्रांति सेना के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम निठारी में जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ सीमा यादव के नेतृत्व में होम्योपैथिक कैंप का आयोजन किया गया जिसमे रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिए व अन्य रोगों के लिए भी सकड़ो लोगो को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला आयुष विभाग से डॉ शालिनी सिंह वीएन प्रसाद छत्रपाल अर्जुन प्रजापति मनोज अवाना युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष रोहित यादव बहादुर यादव राजेश अंबावता अविनाश सिंह अमर भारद्वाज सुधीर राय अर्जुन गौतम प्रताप मयंक सिंह आदि मौजूद थे।

### हजारों परिवारों ने शहीदों को दी अंतिम विदाई

**नोएडा।** वेस्ट के निवासियों ने ऐस सिटी सोसाइटी के निवासी शहीद मेजर रोहित कुमार को श्रद्धांजलि देकर उन्हें विदा किया। शहीद का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के देविका घाट पर परिवार की उपस्थिति में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। वेस्ट में भी उनकी सोसाइटी में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान 2500 से ज्यादा परिवार मां भारती के वीर सपूत को अंतिम विदाई देने पहुंचे। सोसाइटी में भारत माता की जयघोष हर तरफ सुनाई दे रही है। नम आंखों से लोगों ने दोनों बहादुर बेटों की वीरता को नमन किया। बताते चलें कि पटनीटॉप के जंगल में भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर बीते मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# हर घर को नल से मिलेगा आरओ का पानी

## पहले चरण में ओखला, द्वारका, निलोठी-नांगलोई, चिल्ला व नजफगढ़ में लगेंगे प्लांट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आजकल वाटर प्यूरीफायर जिंदगी की एक जरूरत बन गया है। लगभग हर घरों में वाटर प्यूरीफायर देखा जा सकता है। महानगरों का पानी भी बहुत दूषित हो गया है जिसको बिना फिल्टर किये पीने से कई प्रकार की बीमारियाँ हो रही है। इसके साथ ही छोटे स्थानों पर पानी में कई प्रकार की अशुद्धियां जैसे आर्सेनिक, क्लोरीन, टीडीएस और दूसरी प्रकार की अशुद्धियां पाई जाती हैं, जिससे बचने के लिए लोग वाटर प्यूरीफायर या आरओ का इस्तेमाल करते हैं।

इस समस्या से निजात दिलाने की योजना दिल्ली सरकार बना रही है। इस परियोजना से लोगों के घरों में सीधे नल से रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) का पानी पहुंचेगा। यह पानी को शुद्ध करने का सबसे अच्छा तरीका है। इस तकनीक से पानी के भीतर की सभी अशुद्धियां, मेटल



गुरुवार को डीजेबी अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की तैयारियों को जायजा लेते जल मंत्री सतेंद्र जैन।

(धातु) पार्टिकल, बालू के कण, टीडीएस साफ हो जाते हैं। साथ ही यह बैक्टीरिया और वायरस के साथ आर्सेनिक और क्लोरीन जैसे हानिकारक पदार्थों को साफ कर देता है। इस परियोजना को उन क्षेत्र में लागू किया जाएगा जहां भूजल का स्तर अधिक है, लेकिन खारेपन और टीडीएस के कारण इस्तेमाल करने योग्य नहीं है। जल मंत्री और दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने डीजेबी अधिकारियों के साथ बैठक कर इस परियोजना की तैयारियों का जायजा लिया। जैन ने बताया कि साधारण आरओ सिस्टम से पानी की शुद्ध करने की प्रक्रिया के दौरान बहुत सारा पानी बर्बाद हो जाता है, लेकिन दिल्ली सरकार अत्याधुनिक तकनीक से बने आरओ संयंत्रों का उपयोग करेगी, जिसकी जल रिकवरी दर 80 फीसद होगा। पहले चरण में, 363 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) की कुल क्षमता वाले आरओ संयंत्र पहचान किए गए स्थानों पर लगाए जाएंगे, जहां पर भूजल उपलब्ध है। इन आरओ प्लांटों में पानी की आपूर्ति जमीन से पानी निकालकर की जाएगी, जिसके बाद घरों में शुद्ध पानी पहुंचाया जाएगा।

दिल्ली सरकार इन आरओ संयंत्रों को केवल उन क्षेत्रों में बनाएगी, जहां भूमिगत जल का स्तर अधिक है, लेकिन पानी की खराब गुणवत्ता के कारण उपयोग में नहीं लाया जा सकता। मसलन नजफगढ़ क्षेत्र में पानी 2-3 मी. की गहराई पर ही उपलब्ध है, लेकिन खारेपन की वजह से इस पानी का उपयोग नहीं किया जा सकता। इस परियोजना के पहले चरण में ओखला, द्वारका, नीलोठी-नांगलोई, चिल्ला और नजफगढ़ में लगाया जाएगा। इस परियोजना को एक वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा है।


# खतरनाक तरीके से चलाई गाड़ी तो रद्द होगा ड्राइविंग लाइसेंस

## सड़क सुरक्षा परामर्श में दी जाएगी हिदायत, नहीं सुधरे तो कठोर कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली की सड़कों पर खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने वालों की अब खैर नहीं। यातायात पुलिस ऐसे सौ खराब वाहन चालकों की लिस्ट तैयार कर रहा है जो खराब वाहन चलाते हैं और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। पहले ऐसे सभी ड्राइवरों को उनकी खराब ड्राइविंग आदतों के बारे में पत्र भेजकर अवगत कराया जाएगा। साथ ही उनको सड़क सुरक्षा परामर्श कक्षाओं के लिए बुलाया जाएगा। एक बार कक्षा में बुलाकर समझाने के बाद उनकी आदतों को परखा जाएगा। इसके बाद भी यदि वे नहीं सुधरे तो उनका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। स्पेशल सीपी, यातायात मुक्तेश चंदर ने इस बारे में जानकारी दी है।

विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस पहली बार ऐसी सूची तैयार कर रही है। इस सूची में शामिल व्यक्तियों की पहचान चार नियमों का उल्लंघन करने पहला लाल बत्ती लांघना, दूसरा तेज गति से वाहन चलाना, तीसरा शराब पीकर गाड़ी चलाना और चौथा खतरनाक ड्राइविंग के आधार पर की जाएगी। इसका मकसद उन चालकों को यह बताना है कि उनका गाड़ी चलाने का तरीका बहुत खराब है और उन्हें इसमें सुधार करने की जरूरत है। उन्हें यह भी



फाइल फोटो

बताना है कि उनका वाहन चलाने का तरीका इतना खराब है कि वे नियमित रूप से नियमों का उल्लंघन करते हैं। उनके गाड़ी चलाने के तरीके से वे खुद भी खतरे में पड़ते हैं। इसके अलावा वे अपने साथ यात्रा करने वाले परिवार व रिश्तेदारों तथा सड़क पर चलने या गाड़ी चलाने वाले अन्य लोगों को भी खतरे में डालते हैं।

मुक्तेश ने बताया कि वह उन्हें बताना चाहते हैं कि उनकी वाहन चलाने की आदतें अच्छी नहीं हैं और उन्हें हमारी सड़क सुरक्षा कक्षाओं में शामिल होना चाहिए जहां हम उन्हें सड़क सुरक्षा के बारे में सिखाएंगे। अगर उल्लंघनकर्ता बार-बार कहने के बावजूद कक्षाओं में शामिल नहीं होते हैं और नियमों को तोड़ना जारी रखते हैं तो उनका लाइसेंस मोटर वाहन अधिनियम की धारा 19 के तहत स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा।

### पूर्व पुलिस आयुक्त वाईएस डडवाल का निधन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त वाई एस डडवाल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डडवाल का निधन दिल्ली में बुधवार रात हुआ। वह दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में रहते थे। वह 70 वर्ष के थे। डडवाल 1974-बैच के आईपीएस अधिकारी थे। वह 2007 में दिल्ली पुलिस आयुक्त बने और 2010 में उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक की जिम्मेदारी संभाली थी। वह एसएसबी से 2011 में सेवानिवृत्त हुए थे। 'बाटला हाउस मुठभेड़' के समय डडवाल दिल्ली पुलिस के प्रमुख थे। इस मुठभेड़ में विशेष शाखा के निरीक्षक मोहन चंद शर्मा शहीद हो गए थे।

# 'भाजपा ने भ्रष्टाचार कर निगम को बनाया कंगाल'

## कांग्रेस अध्यक्ष का आरोप, 15 साल की लूट के बाद अब स्कूलों को बेच रहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा कि 15 वर्षों से भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम भ्रष्टाचार के शीर्ष पर पहुचा दिया है। अब भाजपा अपने आपको बचाने के लिए अपने निगम पार्षदों को पार्टी से निलंबित करने का ढोंग कर रही है। भाजपा ने भ्रष्टाचार कर निगम को कंगाल बनाने के बाद अब स्कूलों को बेच रहे हैं।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि सब्जी मंडी की बिल्डिंग गिरने के मामले में भाजपा शासित उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा 4 अधिकारियों को जांच के उपरांत क्लीन चिट देना भाजपा के शासन में भ्रष्टाचार का एक और नया उदाहरण सामने आया है। इस हादसे में 7 और 12 वर्षीय दो बच्चों की मृत्यु हो गई थी और 72 वर्षीय वृद्ध गंभीर रुप से जख्मी हुआ था।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि रिपोर्ट निगम आयुक्त को दी गई सब्जी मंडी में बिल्डिंग गिरने की रिपोर्ट में जिन तथ्यां के आधार पर निगम उपायुक्त के साथ 3 इंजीनियरों को क्लीन चिट दिया जाना निगम द्वारा की गई जांच पर सवाल उठाता है कि उन्होंने गिरने वाली बिल्डिंग की बिना कोई गहन जांच प ?ताल किए निगम अधिकारियों को बचाने के लिए रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट के जरिए भाजपा अपने भ्रष्ट नेताओं और निगम के भ्रष्ट अधिकारियों को बचाना चाहती है।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम में भ्रष्टाचार निगम स्कूलों पर भी हावी हो रहा है। भाजपा अब निगम स्कूलों को अब बेचने की तैयारी कर रही है और उत्तरी दिल्ली नगर निगम के कुछ स्कूलों को बचेने के लिए निविदा तक जारी कर दी है जिनमें नरेला, शहर, सदर पहा ?गंज, सिविल लाईन और करोल बाग जोन के स्कूल शामिल है।

# जिमखाना क्लब के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली जिमखाना क्लब के रिकॉर्ड नष्ट किए जाने संबंधी आरोपों को बृहस्पतिवार को बेहद गंभीरता से लिया और क्लब के प्रशासक को निर्देश दिया कि अगले आदेश तक परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखी जाए। क्लब के कार्यालय के रिकॉर्ड कथित रूप से नष्ट किए जाने संबंधी शिकायत को उच्चतम न्यायालय ने गंभीर बताया।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय अधिकरण



(एनसीएलएटी) के 15 फरवरी के आदेश को चुनौती देने सहित विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। एनसीएलएटी ने अपने आदेश में जिमखाना क्लब की आम समिति को भंग कर दिया था और सरकार से प्रशासक नियुक्त करने को कहा था। क्लब के प्रशासक की ओर से पेश हुए वकील ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने मामले को कुछ समय के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया है क्योंकि मुकदमे की पैरवी कर रहे वकील बीमार हैं।

### फर्जी वीजा के साथ पकड़ा गया गुजरात का परिवार

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ ने कनाडा के कथित फर्जी वीजा के साथ गुजरात के एक व्यक्ति, उसकी पत्नी व बेटी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया है। सीआईएसएफ के अधिकारी ने बताया कि परिवार का व्यवहार संदिग्ध लग रहा था। परिवार को फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) और साओ पाउलो (ब्राजील) के माध्यम से अमेरिका जाना था।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार उनके यात्रा दस्तावेजों में विसंगतियां थीं और दिल्ली में कनाडा के दूतावास ने पुष्टि की कि तीनों पासपोर्ट पर उनके देश के वीजा फर्जी हैं।

# डीजल जनरेटर में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण लगाने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- आदेशों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने राजधानी में 125 केवीए और उससे अधिक क्षमता के डीजल जनरेटर का इस्तेमाल करने वालों को अक्टूबर के अंत तक अपने 'डीजी सेट' में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण लगाने करने का निर्देश दिया है।

प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण ने दो जुलाई को जारी एक आदेश का अनुस्मरण कराते हुए कहा कि ऐसे 'डीजी सेट' के मालिक अगर पहले नोटिस की तारीख से 120 दिनों के भीतर इसके निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने कहा कि डीजी सेट में लगने वाले उपकरणों को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पांच प्रयोगशालाओं में से एक द्वारा मान्यता प्राप्त और कम से कम 70 प्रतिशत उत्सर्जन को कम करने में सक्षम होना चाहिए। ऐसे 'डीजी सेट' का इस्तेमाल करने वालों के पास गैस आधारित जनरेटर इस्तेमाल करने का भी विकल्प है।

सेवा ही समर्पण अभियान

# तीनों निगम आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रम चलाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के तीनों नगर निगम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के लिए सेवा ही समर्पण अभियान चलाएंगे। जिसके तहत नागरिकों को बेहतर जनसुविधाएं प्रदान करेंगे।

दक्षिणी निगम के महापौर मुकेश सुर्यान, उत्तरी निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह, पूर्वी निगम के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने गुरुवार को सिविक सेंटर में संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे सेवा ही समर्पण अभियान के अंतर्गत दिल्ली के नागरिकों को बेहतर जनसुविधाएं प्रदान करने के लिए तीनों नगर निगम द्वारा विभिन्न अभियान चलाए जायेंगे।

इस अवसर पर दक्षिणी निगम के महापौर मुकेश सुर्यान ने कहा कि तीनों निगम विशेष रूप से मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, सूखा राशन कार्य वितरण, चलो स्कूल प्रोग्राम, कोविड से बचाव के लिए टीकाकरण, सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जायेंगे।

# कैट का अमेजन के खिलाफ हल्ला बोल

## देशभर में 500 से अधिक जिलों में पीएम के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश के ई कामर्स व्यापार में बड़ी विदेशी कंपनियों द्वारा लगातार किए जा रहे देश के क़ानूनों का खुला उल्लंघन करने और अमेजन द्वारा अपने वकीलों से के ज़रिए अधिकारियों को रिश्वत देने की खबर की कैट ने कड़ी आलोचना की है।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज़ (कैट) के आह्वान पर देश के 20 हज़ार से अधिक व्यापारिक संगठनों के व्यापारी नेताओं ने सभी राज्यों के 500 से अधिक ज़िलों ज़िला कलेक्टरों को प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन दिए। जिसमें ई कामर्स बने नियमों को तुरंत लागू करने की माँग की गई तथा दूसरे ज्ञापन में अधिकारियों को अमेजन के वकीलों के ज़रिए दीं गई कथित रिश्वत के मामले की सीबीआई द्वारा किए जाने की माँग की गई।

ज्ञातव्य है की ई कामर्स व्यापार में मची धांधली को लेकर कैट 15 सितम्बर से 15 अक्तूबर तक एक



महीने का ई कामर्स पर हल्ला बोल राष्ट्रीय अभियान चला रहा है ।

दिल्ली में यह ज्ञापन कैट द्वारा दिल्ली की डिविजनल कमिश्नर मोनिका प्रियदर्शिनी को दिया गया वहीं दूसरी ओर ख़ास तौर से उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र। छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, पुदुच्चेरी, आंध्र प्रदेश सहित सभी राज्यों के विभिन्न ज़िलों के ज़िला कलेक्टरों को ज्ञापन दिया गया ।

- दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 30 सितंबर और 1 अक्तूबर को वाराणसी में

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने यह भी कहा है की पिछले वर्षों में ऐमज़ान ने जिस प्रकार से देश के सभी क़ानूनों और नियमों का खुला उल्लंघन किया है।

बड़े पैमाने पर धांधली की है जो बेहद गम्भीर और संगीन मामला है, इसलिए अब यह ज़रूरी हो गया है की अमेजन के व्यापार मॉडल की एक समग्र जाँच की जाए और सभी संबंधित विभाग एक साथ इसकी जाँच करें। कैट ने अपने राष्ट्रीय गवर्निंग काउन्सिल की एक आपात मीटिंग आगामी 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर को वाराणसी में बुलाई है।

## संक्षिप्त समाचार



### राष्ट्रकवि डॉ. रामधारी सिंह दिनकर की याद में कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रकवि डॉ. रामधारी सिंह दिनकर की 113वीं जयंती के अवसर पर 21 से 23, सितंबर तक तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यक्रम, जिसमें अखिल भारतीय काव्य पाठ् प्रतियोगिता, दिनकर व्याख्यानमाला एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का वर्चयुल/ऑनलाइन आयोजन किया गया। अखिल भारतीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में वरिष्ठ श्रेणी में आद्यया सरोज, माधवी, कुमारी हर्षिता यादु, और कनिष्ठ श्रेणी में अर्मत्य गौतम सिंह, अदिश गौतम सिंह व नव्या शर्मा क्रमानुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी से सम्मानित हुए। इस अवसर पर अतिथि के रूप में अखिलेश प्रसाद सिंह, सदस्य, राज्य सभा, सर्वेश कुमार, सदस्य, बिहार विधान परिषद, रामसागर ठाकुर, चेयरमैन, श्यामा पॉवर इंडिया लिमिटेड, एसएस वल्लभ, अपर उप पुलिस आयुक्त ने अपने उद्बोधन में दिनकर जी को महान राष्ट्कवि बताते हुए, उनकी कविता को वर्तमान काल में अत्यधिक प्रसांगिक बताया।

### नवादा मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क धंसी, आवाजाही बंद

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में बृहस्पतिवार को नवादा मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क का एक हिस्सा धंस गया, जिससे मार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। दिल्ली यातायात पुलिस ने ट्विटर के जरिये लोगों को यह सड़क बंद होने के बारे में जानकारी दी और उस मार्ग पर जाने से बचने का अनुरोध किया। पुलिस ने ट्वीट किया, नजफगढ़ रोड पर नवादा मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क धंस गई और 12/4 फुट का गड्ढा हो गया। सड़क को अवरोधकों से बंद कर दिया गया है। खम्भा संख्या 740 से मार्ग बदल दिया गया है। कृपया इस मार्ग का उपयोग करने से बचें।


### डॉ. प्रेम प्रकाश मीणा बने फीट इंडिया के ब्रांड एंबेस्डर




**नई दिल्ली।** भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन का दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के डॉ. प्रेम प्रकाश मीणा को ब्रांड एंबेस्डर बनाया गया है। हिंदी विभाग में सहायक प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत डॉ. प्रेम प्रकाश एशियन बीच गेम्स सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। डॉ. प्रेम फिट रहने के लिए सभी से एक घंटा ज़रूर करने की अपील करते हैं। मीणा खिलाड़ी होने के साथ साथ एक्टर भी हैं जो कई फिल्म्स और वेब सीरीज में भी आ चुके हैं।

### इंटेक अध्यक्ष ने किया नए कुलपति का स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रो. योगेश सिंह को दिल्ली विश्वविद्यालय का कुलपति बनाए जाने पर इंटेक (आई) के अध्यक्ष अश्विनी शंकर ने स्वागत किया है। अश्विनी शंकर ने इसके साथ ही कहा, नए कुलपति से उनको उम्मीद है कि पाँच वर्षों में वे विश्वविद्यालय समुदाय के हितों की रक्षा करेंगे और तदर्थ साथियों के समायोजन को गति प्रदान करेंगे। इसके साथ ही साथ पदोन्नति की प्रक्रिया को और तेज करेंगे।







साड़ी को लेकर भारतीय महिलाओं के अपमान के विरोध में एक्विला रेस्तरां के बाहर अंसल प्लाजा में प्रदर्शन करते एबीवीपी के सदस्य। फोटो : रंजन डिमरी

पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना की नियुक्ति का मामला

# सुप्रीम कोर्ट में याचिका को लेकर चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- अदालत ने याचिका को कॉपी पेस्ट बताया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी राकेश अस्थाना की दिल्ली पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को गुरुवार को कॉपी पेस्ट बताया और ऐसा करने वाले को चेतावनी दी कि वह भविष्य में ऐसा कुछ नहीं करें।

अदालत ने इस पर भी नाराजगी जतायी कि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता याचिका में लिखी बातों को समझा पाने में असमर्थ थे, जोकि कथित रूप से नकल की गयी थीं।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा कि इससे पहले उच्चतम न्यायालय में दायर दो याचिकाओं से पूरी की पूरी याचिका नकल की गई है, यहां तक कि अर्द्धविराम और पूर्णविराम भी। पीठ ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता को कोई आवेदन करना है तो वह स्वतंत्र रूप से करें।

पीठ ने कहा कि जिस वकील की याचिका से इसे नकल किया गया है वह अपने मुकदमे की पैरवी करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अदालत अस्थाना की नियुक्ति के खिलाफ अधिवक्ता सद्रे आलम की जनहित याचिका और गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की हस्तक्षेप अर्जी पर सुनवाई कर रही थी। इस संगठन की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आवेदन दिया है। इसी संगठन ने अस्थाना की नियुक्ति को उच्चतम न्यायालय में भी चुनौती दी है। पीठ ने कहा कि आपने यह सारी बातें एक अधिवक्ता (प्रशांत भूषण) की अर्जी से नकल की हैं।

### एलजी ने शिक्षा विभाग से रिक्तियां भरने को कहा

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल अनिल बैजल ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की मौजूदा स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने संस्थानों में खाली पदों पर समयबद्ध तरीके से नियुक्ति करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने भर्ती नियमों में व्याप्त विसंगतियों को ठीक करने का भी निर्देश दिया है। एलजी ने ट्वीट कर कहा कि मुख्य सचिव, डीएसएसएसबी के अध्यक्ष, स्कूली शिक्षा सचिव, टीटीई सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर शिक्षा विभाग और प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा विभाग में रिक्तियों की स्थिति की समीक्षा की।

# नेबसराय में करंट लगने से बालक की गई जान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- दो बच्चों को अस्पताल में चल रहा है इलाज

दक्षिणी दिल्ली के नेब सराय इलाके में बिजली की तार के संपर्क में आने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि घायल बच्चों की उम्र पांच से छह वर्ष के बीच है और खानपुर इलाके में झुग्गियों में रहते थे। वह वहीं खेल रहे थे तभी बुधवार को बिजली की तार के संपर्क में आ गए थे।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), अतुल कुमार ठाकुर ने कहा, बुधवार शाम करीब चार बजकर 40 मिनट पर नेब सराय थाने में सूचना मिली कि सड़क पर बिजली का तार पड़ा है और बच्चों को करंट लग गया है। उन्होंने बताया कि तीन लड़कों को मैक्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पांच वर्षीय बच्चे को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य का इलाज चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं।

पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (लापरवाही के कारण मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# वायु प्रदूषण पर काबू पाने को दिए अहम सुझाव

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पड़ोसी राज्यों के साथ की वर्चुअल बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- गोपाल राय ने दिल्ली सरकार के एक्शन प्लान के बारे में बताया



सर्दी की आहट के साथ ही राजधानी दिल्ली में फिर मंडराने लगा है प्रदूषण का खतरा। इस समस्या से निजात दिलाने के मकसद से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने पड़ोसी राज्यों के मंत्रियों व अधिकारियों संग बैठक की जिसमें वायु प्रदूषण को काबू करने को लेकर कई अहम सुझाव दिए।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सभी राज्यों से युद्ध स्तर पर बायो डि-कंपोजर का छिड़काव करने की अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकारें बायो डि-कंपोजर का घोल बनाने से लेकर खेतों में छिड़काव तक की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेंगी, तभी पराली की समस्या का जड़ से समाधान संभव है। गोपाल राय ने इस बैठक में हिस्सा लेने के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री के समक्ष उन्होंने कई सुझाव दिए। चूंकि प्रदूषण का दिल्ली केंद्र बिंदु है। उत्तर भारत के इलाकों में जितनी गतिविधियां होती हैं, भौगोलिक बनावट के कारण उन सबका सबसे ज्यादा प्रभाव दिल्ली पर पड़ता है। यहां जो प्रदूषण होता है, उसमें दिल्ली में पैदा होने वाले प्रदूषण की भी हिस्सेदारी होती है, लेकिन उससे ज्यादा बाहर से आने वाला प्रदूषण है।

*एनसीआर से आने वाले सार्वजनिक वाहन हों सीएनजी चालित*

गोपाल राय ने पड़ोसी राज्यों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन वाहनों को सीएनजीचालित बनाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति अपनाने की अपील की है। उन्होंने पड़ोसी राज्यों से पटाखों पर भी प्रतिबंध लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का सार्वजनिक परिवहन बेड़ा पहले ही सीएनजी में तब्दील कर दिया गया है, लेकिन पड़ोसी राज्यों के डीजल से चलने वाले वाहन दिल्ली सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इसके अलावा एनसीआर में ऐसे थर्मल पावर संयंत्रों को विस्तारित नहीं किया जाना चाहिए, जो बिना उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों के काम कर रहे हैं। इन संयंत्रों को उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए नयी तकनीक के साथ फिर से लगाया जाना है, लेकिन वे दंड का भुगतान करके इस काम से बच निकलते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार , 24 सितंबर, 2021




1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:

# दंगों के बीच सुरक्षित भारत पहुंचना ही उपलब्धि थी...

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### रात को हुआ बस्ती में हमला, पाकिस्तान जिंदाबाद के लग रहे थे नारे

### ठाकुरदास खुराना के परिवार का चांदी का बिजनेस था


ठाकुर दास खुराना।

**भारत**-पाकिस्तान बंटवारे के समय ठाकुरदास खुराना मात्र 12 साल के थे। उनके पिता पुन्नू राम खुराना का चांदी का बिजनेस था। घर में सोने-चांदी की कोई कमी नहीं थी। भारत-पाकिस्तान का बंटवारा होते ही ऐसा ग्रहण लगा कि सब कुछ उजड़ गया। सोना-चांदी की सुरक्षा से अधिक खुद की जान बचाने की चिंता था। किसी तरह यातनाएं झेलते हुए सब भारत पहुंचे तो जीने की एक नई उम्मीद जगी।

ठाकुर दास खुराना का पाकिस्तान के जिला गाजी खान में गांव बुजारे था। पाकिस्तान में उन्होंने चौथी कक्षा तक पढ़ाई की। वहां उर्दू में पढ़ाई होती थी। चांदी का बिजनेस था। साथ ही लकड़ी के संदूक भी बेचते थे। स्कूल से आने के बाद वे पिता के साथ व्यापार में हाथ बंटाते थे। गांव में रेडियो किसी के घर नहीं होता था। जब कभी कुछ सुनना चाहते तो साथ वाले गांव में जाना पड़ता था। अखबार भी कहीं-कहीं मिलता था।

1947 के विभाजन का जिक्र करते हुए ठाकुर दास खुराना बताते हैं कि दिन ढलते-2 यह कई बार सन्देश मिलता कि साथ वाले गांव में हमला हो गया। इससे उनके गांव में भी डर पैदा हो जाता था। एक रात उनकी बस्ती में हमला हो गया। पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे जोर से सुने जाने लगे थे।

### यही डर था भारत पहुंचेंगे या नहीं

**मुजफ्फरगढ़** से रेलगाड़ी में भरकर भारत के लिए रवाना किया गया। वह बहुत दुखदायी और दर्दनाक समय था। भरोसे और विश्वास का इतना अभाव था कि रेलगाड़ी में सभी लोग सोचते थे हम ठीक भारत में पहुंचेंगे भी या नहीं। सुरक्षित भारत पहुंचना ही सबसे बड़ी उपलबि थी। रेलगाड़ी को कई घंटों तक लाइन क्लीयर नहीं दिया गया। प्लेटफार्म पर दंगाइयों की भीड़ होने लगी। उनके पास हथियार थे। ठाकुर दास कहते हैं कि सबको अपना अंत नजर आ रहा था। मिलिट्री की टीम के इंचार्ज ने सूझ-बूझ से काम लिया और लाइन क्लीयर कराई। जब गाड़ी अटारी पहुंची तो वहां के लोगों ने खासकर सिख समुदाय ने उनका स्वागत-सत्कार किया। सब सुविधाएं दी। फिर सभी जालंधर पहुंचे। कई परिवार एक-दो साल तक जालन्धर रहे। ठाकुर दास के मुताबिक उसके बाद उनका परिवार गुरुग्राम आ गया। यहां से कुछ दिन रेवाड़ी रहे। इसके बाद आखिर में वर्ष 1950 में महेंद्रगढ़ जिले में पहुंचे। आज तक वहीं पर बसे हैं। वहां अपने काम-धंधे शुरू किये।

### एक संदूक, एक बिस्तर और कुछ बर्तन लाए थे

**सभी** पड़ोसी छत पर इकट्ठे हो गये और सुरक्षित स्थान पर जाने की सोचने लगे। तब वहां के थाना प्रभारी ने ऐलान किया कि सभी हिन्दू परिवार वहोवा पहुंचें। वहां पर उनकी सुरक्षा होगी। घर छोड़ने का दिन निश्चित हो गया और सब पुलिस की निगरानी में वहोवा पहुंच गये। वहोवा में कुछ दिन ठहरने के बाद उन्हें लॉरियों में भरकर डेरा गाजी खान लाया गया। वहां पर सामान की पूरी तलाशी ली गई कि कहीं हथियार ना हो। परिवार को एक संदूक, एक बिस्तर और एक छोटी बोरी बर्तनों की ले जाने की इजाजत दी गई थी। बाकी वहां पर अपना सोना-चांदी व अन्य सामान सब छोड़कर आने को मजबूर हुए। उस समय सिर्फ जान बचानी थी। मिलिट्री के सिपाही उनकी सुरक्षा में तैनात कर दिए गए।

# प्राथमिक स्कूल में छात्र 90 और शिक्षक एक, बहुत नाइंसाफी है...

### विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ देखना है तो चले जाइए चमनपुरा

### सीएसआर के तहत भी स्कूल की हो सकती है कायापलट किसी का ध्यान नहीं

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम जिला के गांव चमनपुरा का प्राथमिक स्कूल।

**शिक्षा** नीति में बदलाव, शिक्षा का अधिकार जैसे कानून तो हमारे देश में लागू हो चुके हैं, लेकिन जब धरातल पर सुविधाएं, जरूरतें ही ना हो तो फिर ये कानून बौने हो जाते हैं। अक्सर स्कूलों में बिल्डिंग खराब और अन्य कमियां तो खूब सुनने में आती हैं, लेकिन यहां एक स्कूल ऐसा है जहां पर शिक्षकों का ही टोटा है। जिले में 44 साल पुराने इस स्कूल में 90 विद्यार्थियों पर मात्र एक शिक्षक है। ऐसे में हम समझ सकते हैं कि कैसे बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत होगी।

गुरुग्राम जिला के उत्तर-पूर्व दिशा में खंड सोहना में जिला का अंतिम गांव है चमनपुरा। चमनपुरा पूरी तरह से अनुसूचित जाति का गांव है। यहां वर्ष 1976 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय (कोड-12433) शुरू किया गया था। पिछले 44 साल से यह स्कूल संचालित किया जा रहा है। गांव के इस सरकारी स्कूल में अनुसूचित जाति के बहुत ही गरीब परिवारों के लगभग 90 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। बेहद ही सोचनीय बात यह है कि इन 90 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए यहां मात्र एक ही शिक्षक है। नियम तो छात्र अनुपात संख्या 25:1 का है। यानी 25 छात्रों को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक हो। इस हिसाब से इस स्कूल में 90 छात्रों पर चार शिक्षक होने चाहिए। यहां तो स्कूल के एक ही शिक्षक पर पहली से पांचवीं कक्षा तक पढ़ाई का भी जिम्मा है।

### ड्रॉप आउट बच्चों को लाते हैं, जो हैं उनकी चिंता नहीं

**ड्रॉप** आउट यानी स्कूल छोड़कर गये बच्चों को वापस सरकारी स्कूलों में लाने के लिए सरकार ने खूब जोर लगाया है, लेकिन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाने पर अभी तक कुछ नहीं किया गया है। चमनपुरा जैसे और भी अनेक स्कूल हैं, जिनमें शिक्षकों का टोटा है। आखिर गांव के बच्चे क्या तो शिक्षा ग्रहण करेंगे और क्या उनका भविष्य होगा, यह तस्वीर साफ है। स्कूल की इस स्थिति पर बच्चों के अभिभावक भी चिंतित हैं। कोरोना महामारी में गरीब परिवार के विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा ऑनलाइन शिक्षा के लिए संसाधन जुटाना भी असंभव ही था। इसलिए वे शिक्षा से वंचित ही रहे।

### शिक्षा से किया जा रहा वंचित चंडीगढ़ जाएंगे ग्रामीण

**इसी** गांव के निवासी पेशे शिक्षक व समाजसेवी कल्याण सिंह भारत बताते हैं कि अनुसूचित जाति के बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। वे खुद जिला उपायुक्त और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को लिखित में मांग पत्र दे चुके हैं। इस व्यवस्था में सुधार के लिए गुहार लगा चुके हैं। कल्याण सिंह भारत ने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम ने इस मामले में निदेशालय मौलिक शिक्षा विभाग पंचकूला को पत्र जरूर लिखा है, लेकिन अभी तक इस पर कुछ काम नहीं हो पाया है। इस समस्या को लेकर जल्दी ही वे ग्रामीणों को साथ लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रधान सचिव व निदेशक से मिलकर समस्या का समाधान करने की मांग करेंगे।

### आज तक सीएसआर फंड भी नहीं पहुंच पाया

**सीएसआर** (कारपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड से शहर के अनेक स्कूलों की कायापलट की गई है, लेकिन जिन स्कूलों को हकीकत में मदद चाहिए, वे चमनपुरा गांव जैसे स्कूल हैं। सरकार कुछ करे या ना करे, कम से कम सीएसआर फंड से इस स्कूल में कुछ सुविधाएं दी जा सकती हैं। चमनपुरा गांव के स्कूल में अन्य कमियों के साथ शुद्ध पानी पीने की भी कमी है। अन्य स्कूलों में तो बच्चों के लिए शुद्ध पानी के लिए वाटर कूलर और आरओ तक लगाए गए हैं, लेकिन चमनपुरा के बच्चों से यह एक सपने जैसा ही है। गुरुग्राम जिला प्रशासन का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### अधिकारियों से की है मांग : सरपंच अजय

**गांव** के सरपंच अजय का कहना है कि स्कूल में शिक्षकों के लिए कई बार अधिकारियों से मांग की जा चुकी है। अधिकारियों ने उन्हें ही अपने स्तर पर इंतजाम करने को कहा। पंचायत के पास ऐसा फंड नहीं है कि वह स्कूल में शिक्षक रखे।

# नोएडा में लगेगा यूपी का पहला एंटी स्मॉग टावर


फाइल फोटो

- बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सेक्टर-16ए फिल्म सिटी के पास डीएनडी के किनारे ग्रीन बेल्ट पर लगेगा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा अथॉरिटी ने शहर की हवा को स्वच्छ करने के लिए पहला एंटी स्मॉग टावर लगाने की योजना तैयार की है। यह टावर सेक्टर-16ए फिल्म सिटी के पास डीएनडी के किनारे ग्रीन बेल्ट पर लगाया जाएगा। इसका सारा खर्चा नवरत्न कंपनी भेल वहन करेगी। अथॉरिटी को हर साल इसे चलाने में जो खर्च आएगा, उसकी आधी धनराशि देनी होगी।

दरअसल प्राधिकरण शहर के लोगों को गुणवत्तापूर्ण वायु देने के लिए लगातार प्रयासरत है। हालांकि करीब 6 महीने तक शहर और जिले में एक्यूआई अच्छा नहीं रहता है।

अनुमान के मुताबिक नोएडा अथॉरिटी को 18.50 लाख रुपए प्रतिवर्ष इस पर आने वाला खर्च देना होगा। प्राधिकरण इस प्रस्ताव को 24 सितंबर को होने वाले बोर्ड की बैठक में पेश करेगा। भेल ने अथॉरिटी को पत्र भेज कर बताया है कि मंजूरी मिलते ही 60 दिन के अंदर प्लांट को बनाकर उसे शुरू कर दिया जाएगा। कुछ दिनों पहले ऐसा ही एक एंटी स्मॉग टावर दिल्ली में भी लगाया गया है। यह नोएडा का ही नहीं, बल्कि यूपी का पहला एंटी स्मॉग टावर होगा।

सेक्टर-16 कॉमर्शियल और सेक्टर-17 में टाउनशिप है। यहां हजारों लोग काम करते हैं और रहते हैं। इसीलिए इस इलाके की हवा को सुधारने के लिए पहल की गई है। अथॉरिटी ने एंटी स्मॉग टावर लगाने पर सहमति जताई है। डीएनडी के पास सेक्टर-16ए में ग्रीन बेल्ट पर करीब 400 वर्ग मीटर की जमीन पर यह टॉवर लगाया जाएगा।

इस एंटी स्मॉग टावर के लगने से आसपास के 14 सेक्टरों में वायु प्रदूषण कम हो जाएगा। लोगों को ज्यादा स्वच्छ हवा मिलेगी। जहां पर यह टावर लगाए जाएंगे वहां तकरीबन 1 किलोमीटर के दायरे की हवा साफ हो जाएगी। इस टावर के दायरे में आने वाले सेक्टर.16, 16ए, 16बी, 17ए, 18, डीएनडी और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे की हवा का स्तर सुधर जाएगा। जिससे लाखों लोग स्वच्छ हवा में सांस ले सकेंगे।

## संक्षिप्त-समाचार

### घर में ज्यादा मिली शराब तो लगेगा जुर्माना

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में मदिरा की फुटकर बिक्री को लेकर जारी अधिसूचना के पालन के लिए सख्ती शुरू कर दी है। नए नियमों का अनुपालन करना सभी विक्रेताओं के लिए अनिवार्य है। इनका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। गौतमबुद्ध नगर जिला आबकारी विभाग प्रशासन और पुलिस समन्वय बनाकर नियमों को लागू कराने और इनके अनुपालन की रणनीति पर काम कर रहे हैं। तीनों विभाग इस संबंध में आपसी विचार-विमर्श कर प्रभावी योजना बना रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बतया किए शासन स्तर से विभिन्न प्रकार की मदिरा की फुटकर ब्रिकी की सीमा का निर्धारण करते हुए अधिसूचना दिनांक 5 मार्च 2021 को जारी कर दी गयी है। निर्धारित की गयी मदिरा की सीमा से अधिक अब न तो कोई व्यक्ति मदिरा रख सकेगा।

### जयंत त्यागी बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**गाजियाबाद।** नेहरू नगर निवासी कांग्रेसी नेता जयंत त्यागी को प्रदेश हाईकमान ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया है। जयंत त्यागी ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा है कि वह पार्टी संगठन के लिए मजबूती के साथ काम करेंगे। वहीं कांग्रेसी नेता आरिफ राजा ने जयंत की नियुक्ति पर बधाई दी है तथा कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त किया है।

### ब्रह्मपुत्र मार्केट से अवैध स्ट्रीट वेंडर्स को हटाया गया

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-29 में ब्रह्मपुत्र मार्केट में अवैध स्ट्रीट वेंडर्स के खिलाफ अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। अरुण विहार सोसाइटी के निवासी इन वेंडर को लेकर तमाम शिकायतें दर्ज करा रहे थे। दरअसल ये सभी वेंडर्स अथॉरिटी के समझाने के बावजूद शिफ्ट करने को तैयार नहीं हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिकए कुछ विक्रेताओं ने सेक्टर-37 के पास के क्षेत्र में बनाए गए एक अलग वेंडिंग ज़ोन में जाने से इनकार कर दिया था। उसके बाद कार्रवाई की गई थी। बताते चलें कि ब्रह्मपुत्र मार्केट शहर के सबसे पुराने और पॉश बाजार में से एक है। सेक्टर में 101 पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर हैं। इनमें ब्रह्मपुत्र मार्केट में अपने स्टॉल लगाने वाले भी शामिल हैं। इन वेंडरों को बार-बार वेंडिंग जोन में जाने को कहा जा रहा था। मगर पंजीकृत विक्रेताओं में से केवल 25 ने प्राधिकरण के फैसले के मुताबिक शिफ्ट किया। बाकी अवैध रूप से बाजार में रह रहे थे।

### गाजियाबाद आठ थाना प्रभारियों इधर से उधर

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने आठ थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शहर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार का तबादला नंद ग्राम के थाना प्रभारी के रूप में किया है जबकि पुलिस लाइन में तैनात अमित कुमार खारी को शहर कोतवाल बनाया है योगेंद्र मलिक को पुलिस लाइन से विजय नगर थाना का प्रभारी बना कर भेजा है, जबकि विजय नगर थाना प्रभारी महावीर सिंह को टीला मोड़ पर प्रभारी बनाकर भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात मनीष बिष्ट को इंदिरापुरम का थाना प्रभारी बनाया गया है, वहीं सचिन मलिक को स्वाट टीम प्रभारी से हटाकर कौशांबी थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक आरसी पंत को ट्रोनिका सिटी का प्रभार दिया गया है जबकि पुलिस लाइन में ही तैनात निरीक्षक योगेंद्र सिंह को मसूरी का थाना प्रभारी बनाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि इस परिवर्तन से कानून व्यवस्था और दुरुस्त होगी।

### वित्त एवं विकास निगम ने शुरू की एकमुश्त समाधान योजना

**गाजियाबाद।** विकास निगम लिमिटेड ने ऋणों की अदायगी के लिए एकमुश्त समाधान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत एकमुश्त धनराशि जमा करने पर दंड ब्याज एवं चक्रवर्ती ब्याज माफ कर, देय ऋण पर मात्र 3 वर्षों का साधारण ब्याज लेकर उन्हें ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा एवं शेष वर्षों का कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि गाजियाबाद के पिछड़े वर्ग से संबंधित लोगों ने बड़ी संख्या में निगम की विभिन्न योजनाओं मसलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना ,स्वच्छ कार्य मुक्ति एवं पुनर्वास योजना तथा अनुविनी योजना में ऋण प्राप्त किया है और ऋण की अदायगी निर्धारित अवधि में नहीं की है।

# हापुड़ जिले में आदर्श ग्राम पंचायत बनेगी: आशुतोष

**पायनियर समाचार सेवा। हापुड़**



जिले में 25 सितंबर तक ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण ब्लॉक स्तर पर चल रहा है। पंचायती राज में राष्ट्रीय प्रशिक्षक आशुतोष शर्मा ने बताया की हापुड़ जिले में 4 ब्लॉक हैं जिसमें 273 ग्राम पंचायतें हैं, ब्लॉक स्तर पर सभी ग्राम प्रधानों का प्रशिक्षण जारी है। यूपी में प्रत्येक जिले में ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण चल रहे हैं और 31 अक्टूबर तक यह प्रशिक्षण जारी रहेंगे।

आशुतोष शर्मा ने 24 सितंबर को हापुड़ ब्लॉक में प्रशिक्षण जारी रहेगा और सभी ग्राम प्रधानों को ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत विकास योजना, सतत विकास लक्ष्य, ग्राम पंचायतों के मिलने वाले पुरस्कार, मॉडल ग्राम पंचायत के मानक, राज्य और केंद्रीय वित्त आयोग, जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान, जिला पंचायत राज अधिकारी विरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, ब्लाक प्रमुख हापुड़, एडीओ पंचायत संजय कुमार, प्रशिक्षक प्रियंका कुमारी, प्रशिक्षक हरकीरत सिंह मौजूद रहे।

# पक्षियों को बचाने को चलेगा एयर गन सरेंडर अभियान: चौबे

### पशु पक्षियों के शिकार रोकने क लिए पूरे देश में दी जाएगी गति

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/ईटानगर**



अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे के समक्ष एयर गन सरेंडर करते लोग।

पशु-पक्षियों को शिकार से बचाने के लिए पूरे देश में एयर गन सरेंडर अभियान चलाया जाएगा।

यह जानकारी केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने ईटानगर में दी। राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने अरुणाचल सरकार के एयरगन सरेंडर अभियान को अहम पहल बताते हुए उन्होंने ने कहा कि इसे पूरे देश में शुरू किया जाना चाहिए। इस अभियान के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री चौबे ने अरुणाचल के वन एवं पर्यावरण मंत्री मामा नटूंग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। इसके लिए राज्यों से भी आग्रह किया जाएगा। इसके लिए सेवानिवृत्त वनकर्मी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि आदि को जोड़कर गति प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री के सामने अरुणाचल प्रदेश के कुछ लोगों ने अपना एयरगन सरेंडर किया। हमारे देश में काफी लोग हर जिले और गांव में एयर गन के जरिए पक्षियों का शिकार करते हैं। इसके चलते बहुत से पक्षियों की तादाद तेजी से कम होती जा रही है। इसे बचाने के लिए अरुणाचल प्रदेश की तर्ज पर इसे पूरे देश में शुरू हो, इसका प्रयास होगा। चौबे ने ईटानगर बायोलॉजिकल पार्क का भी भ्रमण किया। दुनिया का पहला हूलोकगिबन ब्रीडिंग सेंटर है।

# यूनानीपैथी को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मंत्री से मिला शिष्टमंडल



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

यूनानी पैथी के बारे में अवगत कराने के लिए ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का एक शिष्टमंडल केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला से उनके निवास स्थान पर मिला।

डॉ. यासिर कुरैशी के नेतृत्व में मिले इस शिष्टमंडल में दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और महाराष्ट्र के डॉक्टरों ने भाग लिया। इस शिष्टमंडल में डॉक्टर सैयद अहमद खां, डॉ. मोहसिन देहलवी, डॉ. उजैर बकाई, डॉ. जकीउद्दीन, डॉ. शहनाज परवीन, डॉ. सुनील प्रताप भटनागर, डॉ. डी आर सिंह, डॉ. हबीबुल्लाह, हकीम मु. मुर्तजा देहलवी और तैयब अंजुम मौजूद रहे। शिष्टमंडल ने केंद्रीय मंत्री को यूनानी पैथी के साथ हो रहे भेदभाव की जानकारी दी और इंसाफ की गुहार लगाई।

साथ ही शिष्टमंडल ने यूनानी उद्योग इंडस्ट्री को बढ़ावा देने, यूनानी डॉक्टरों को आयुर्वेद डॉक्टरों की तरह सर्जरी का समान अधिकार देने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में होम्योपैथी और आयुर्वेद के समान अवसर प्रदान करने व एनसीआईएसएम में यूनानी का पृथक बोर्ड बनाने की मांग रखी, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने जल्द से जल्द विचार करने का आश्वासन दिया।

### दमदमा झील के किनारे युवक फांसी के फंदे पर लटका मिला

**सोहना।** सोहना के गांव दमदमा में 28 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध हालात में पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच कर रहे एएसआई शीशराम ने बताया कि चंद्रपाल का 28 वर्षीय पुत्र छत्रपाल मानसिक रूप से परेशान रहता था। छत्रपाल बुधवार रात घर से बाहर निकला था। परिवार वालों ने रात में ही उसे तलाश भी किया था।

गुरुवार सुबह झील पर घूमने के लिए आए ग्रामीणों ने छत्रपाल का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो सूचना परिवार वालों को दी। छत्रपाल पेड़ के नीचे बने चबूतरा पर बैठने जैसी हालत में था। मौके पर सदर थाना सोहना से पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया।

मृतक युवक मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

# नोएडा में पिता और पुत्र को बंधक बनाकर घंटों घुमाते रहे बदमाश

- दोनों से मारपीट कर नकदी लूटी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के महामाया फ्लाईओवर के पास स्थित बस स्टैंड से 16 सितंबर को सुबह एक पिता-पुत्र मैनपुरी जाने के लिए सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान कार सवार 4 बदमाशों ने उन्हें लिफ्ट देकर कार में बैठा लिया।

रास्ते में बदमाशों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर हथियार के बल पर उन्हें बंधक बना लिया और उनसे एक लाख 69 हजार रुपये लूट लिए।

बदमाश पीड़ितों को जेवर टोल प्लाजा से पहले फेंककर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक इकरार अली निवासी जेजे कॉलोनी मदनपुर खादर कालिंदी कुंज दिल्ली ऑटो चालक है। उसने बताया कि 16 सितंबर को वह अपने पिता सोहराब अली के साथ दिल्ली से मैनपुरी जाने के लिए महामाया फ्लाईओवर के पास स्थित बस स्टैंड पर सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहा था।

इस दौरान एक कार उनके पास आकर रुकी जिसमें चालक समेत चार लोग सवार थे। चालक ने आगरा तक दोनों को छोड़ने की बात कहकर कार में बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद कार सवार बदमाशों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी और हथियार के बल पर उन्हें बंधक बना लिया।

जमीन खरीदने के लिए ले जा रहे 1 लाख 19000 रुपये नकद व एटीएम कार्ड लेकर पिन नंबर पूछकर परी चौक के पास स्थित अंसल सोसाइटी में स्थित एटीएम से दो बार में 50 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद जेवर टोल से पहले फलेंदा पुल के पास बदमाश पिता-पुत्र को फेंक कर फरार हो गए।

# शाओमी इंडिया ने 100 से ज्यादा नए और एक्सक्लुसिव रिटेल स्टोर खोलकर अपनी पहुंच बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**देश** के नं. 1 स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने आज भारत में 100 से ज्यादा शाओमी रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की। भारत में सबसे बड़े एक्सक्लुसिव ब्रांड रिटेल नेटवर्क के रूप में शाओमी टियर 5 और टियर 6 शहरों में इस स्टोर्स के साथ देश में अपना विस्तार कर रहा है। इस विस्तार के साथ शाओमी इंडिया कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न शहरों में अपनी पहुंच मजबूत कर रहा है, जिससे ग्रामीण इलाकों में रिटेल व्यवसाय के परिदृश्य में परिवर्तन आएगा और ग्राहकों को त्योहारों की अभूतपूर्व खुशी मिलेगी।

शाओमी इंडिया ने देश के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सदैव सर्वोपरि रखा है। अपनी इसी प्रतिबद्धता के तहत ब्रांड ने 50,000 से कम आबादी वाले टियर 5 और टियर 6 शहरों में 100 से ज्यादा नए रिटेल स्टोर खोले हैं। देश के सबसे दूरदराज के इलाकों में पहुंचने तथा सभी तक टेक्नॉलॉजी पहुंचाकर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए दृढ़निश्चित यह कंपनी 200 से ज्यादा परिवारों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करेगी और भारत में उद्यमशीलता का विकास करेगी।

इस उपलब्धि के बारे में मुरलीकृष्णन बी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा, च्व्हमने मी अभियान के साथ 6 महीने पहले वृद्धि करना शुरू किया। हम देश में अपने रिटेल पार्टनर्स से मिली प्रतिक्रिया व सहयोग से बहुत उत्साहित हैं। इससे हमें 100 से ज्यादा नए स्टोर्स के साथ अपने नेटवर्क को मजबूत करने का प्रोत्साहन मिला। इस प्रयास के द्वारा हम शाओमी और रेडमी उत्पादों की उपलब्धता टियर 5 और टियर 6 शहरों में तथा सीमित पहुंच वाले इन इलाकों में सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रस्तुत करना चाहते हैं। हमें विश्वास है कि हमारे रिटेल स्टोर उभरते हुए उद्यमियों को उनके लक्ष्य पूरे करने में मदद करेंगे और देश के हर कोने में रोजगार के अवसरों का सृजन करेंगे।

अपना ऑफलाईन शुरू करते हुए, शाओमी इंडिया ने अपना पहला फ्लैगशिप रिटेल स्टोर 15 अगस्त, 2018 को बैंगलुरु में खोला और 2 सालों के छोटे समय में ही यह देश में 3000 से ज्यादा रिटेल स्टोर्स तक पहुंच गया, जिससे भारत में 6000 से ज्यादा लोगों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ। मार्च 2021 में, अपने च्ग्रो विद मीज् अभियान के साथ कंपनी ने भारत में एक्सक्लुसिव रिटेल स्टोर्स और ऑफलाईन रिटेल टचप्वाईंट्स की संख्या दोगुनी करने की अपनी योजना की घोषणा की। इसके अलावा कंपनी ने अगले 2 सालों में 100 करोड़ रु. के निवेश के साथ 6000 स्टोर खोलने का संकल्प लिया है ताकि उपभोक्ताओं के प्रति इसकी प्रतिबद्धता मजबूत हो और टेक्नॉलॉजी के लोकीकरण का मिशन पूरा हो सके।

देश के दूरदराज के इलाकों में पहुंचने के लिए शाओमी इंडिया कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अपने स्टोर खोलेगा, जिनमें भारत के पूर्वी हिस्से में 12 नए स्टोर, पश्चिमी क्षेत्र में 26, उत्तर में 29 और दक्षिणी हिस्से में 33 स्टोर खोले जाएंगे।

# सामान्य बच्चों के संग रखी गई मंदबुद्धि बच्ची गायब

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में चाइल्ड हेल्प लाइन की तरफ से बच्चों को सेल्टरों में छोड़कर खानापूर्ति की जा रही है। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद में देखने को मिला। जहां मंदबुद्धि बच्ची को सामान्य बच्चों के बीच रखवा दिया गया, लेकिन बच्ची आश्रम से गायब हो गई। जिस पर आश्रम संचालक ने एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं सीडब्ल्यूसी की तरफ से मंद्धबुद्धि बच्ची के लापता होने पर यह कहा जा रहा है कि उसकी बुद्धि कम थी।

### ये है पूरा मामला

**गत** 18 सितम्बर को सीडब्ल्यूसी की तरफ से एक दस से 11 वर्षीय बच्ची को तिगांव स्थित आश्रम में छोड़ा गया। इस आश्रम को एक साध्वी चलाती है। आश्रम में आई यह बच्ची उन्हें मंदबुद्धि लगी। जिस पर वह उसका विशेष ध्यान रख रही थी। 20 सितम्बर की शाम को आश्रम के मंदिर में साधु मां बच्चियों के साथ पूजा कर रही थीं। तभी वह बच्ची आश्रम से भाग निकली। पता चलते ही उन्होंने बच्ची की तलाश शुरू कर दी, लेकिन वह उन्हें अगले दिन सुबह तक नहीं मिली। जिस पर उन्होंने इसकी सूचना सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन को दी, लेकिन सीडब्ल्यूसी की तरफ से आश्रम पर ही आरोप लगा दिया कि वह बच्चों का ध्यान नहीं रखते हैं। जिस पर उन्होंने नोटिस थमा दिया।

### रहस्यमय तरीके से आश्रम से बच्ची हुई अचानक लापता



### आश्रम का आरोप

**साधु** मां ने बताया कि बच्ची के लापता होने की सूचना पुलिस को दे दी है। उन्होंने बताया कि बच्ची मंदबुद्धि थी। वह अन्य बच्चियों से अलग ही रहती थी। ऐसे में वह कभी आश्रम के गेट के चक्कर लगाती थी तो कभी कहीं। इसके कारण अन्य किशोरियों के जरिये उस पर नजर बना रखी थी, लेकिन वह पूजा के वक्त कहां और कैसे निकल गई, जिसका पता यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी नहीं चल रहा है। उनका कहना है कि नियम के मुताबिक मंदबुद्धि बच्चों को यहां सीडब्ल्यूसी की तरफ से शिफ्ट नहीं करना चाहिए। वहीं बच्ची ने बताया था कि उसके मां-बाप उसे छोड़कर चले गए है, ऐसे में वह उनके पास जाना चाहती है।

### दर्ज हुई एफआईआर

**सीडब्ल्यूसी** के चेयरमैन श्रीपाल करहाना ने बताया कि आश्रम की तरफ से बच्ची के लापता होने की शिकायत दर्ज करवा दी है। वहीं दुसरी तरफ उन्होंने कहा कि बच्ची पूरी तरह से मंदबुद्धि नहीं थी। उसमें थोड़ा दिमाग कम था। जिस कारण उसे अन्य मंदबुद्धि बच्चों के साथ नहीं रखा जा सकता था।

## अभाविप के शिविर 500 लोगों को लगी वैक्सीन

**फरीदाबाद।** अभाविप फरीदाबाद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से पांचवा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन कपड़ा कॉलोनी श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में किया गया। अभाविप जिला मिडिया संयोजक रवि पांडे ने कहा कि कोविड शिविरों में जाकर अवश्य ही टीकाकरण कराएं, यह पूरी तरह सुरक्षित है। अभाविप फरीदाबाद का यह पांचवां वैक्सीनेशन कैंप है, जिसमें पहली, दूसरी डोज लगाई गई। लगभग 500 लोगों को कोरोना बचाव की डोज लगाई गई। सूरज प्रधान ने बताया कोरोना की संभावित तीसरी लहर को हराने के लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। इसीलिए लोगों को भ्रांतियों में आए बगैर वैक्सीन लगवानी चाहिए, क्योंकि वैक्सीन का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता।

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीसी कन्या कैडेट ने मनाया शहीद दिवस



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी और संघर्ष ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर में एनसीसी विंग की कन्या कैडेट ने शहीद दिवस मनाया। एनसीसी आफिसर लेफ्टिनेन्ट मोनिका देशवाल ने बताया कि शहीद राव तुलाराम के शहीदी दिवस के अवसर पर शहीदों को याद करते हुए एनसीसी कन्या कैडेट ने पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन एवं कविता लेखन कर आयोजित प्रतियोगिता में बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यालय की इंचार्ज राजबाला ने सभी कैडेट्स के द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की। एनसीसी यूनिट के कमांडिंग आफिसर कर्नल राम अवतार यादव के नेतृत्व में सभी कैडेटस के द्वारा शहीदों को नमन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लेफ्टिनेंट मोनिका देशवाल और सरोज बाला को विद्यालय के भी अध्यापक और अध्यापिकाओं ने हार्दिक बधाई दी।

### मानव सेवा समिति की बैठक



**फरीदाबाद।** मानव भवन सेक्टर 10 में गुरुवार को मानव सेवा समिति के वरिष्ठ नागरिक सेल की एक बैठक संयोजक मदनलाल मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कोरोना काल के बाद पहली बार आयोजित बैठक में 19 सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने कोरोना काल के अपने अनुभवों को साझा किया और गीत संगीत का आनंद लिया। नई कार्यकारिणी में शामिल क्षेत्र प्रबंधक जितेंद्र मेहता, बीएस मनचंदा को परिचय पत्र व दायित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया। बैठक में वरिष्ठ नागरिक सेल को क्रियाशील करने, और नए सदस्य बनाने, वरिष्ठ सदस्यों के लिए एक हेल्थ हेल्थ चेकअप कैंप मानव भवन में लगाने और वरिष्ठ सदस्यों के लिए दो-तीन दिन का धार्मिक टूर कराने का निर्णय लिया। बैठक में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, मदनलाल मोदी, जसवंत सिंह, जितेंद्र मेहता, बीएस मनचंदा, गोविंद वर्मा, पीके देव, पीएल मल्होत्रा, भीम सिंह चौहान, टीडी मनोचा, परसोत्तम दास, जगदीश मेहता, जसपाल सचदेवा, ज्ञानदेव वत्स और विजय शर्मा मौजूद रहे।

### जिले में 29007 लोगों को लगाई गई वैक्सीन



**फरीदाबाद।** जिला में विभिन्न स्थानों पर मेघा वैक्शीनेशन कैम्पों में 29007 लोगों को कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए। वहीं जिले में कोरोना का एक मरीज पॉजिटिव आया है। जबकि राहत की बात यह रही कि जिले में एक मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 पर पहुंच गया है। जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने कहा कि नोवल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण एक सशक्त माध्यम है। वैक्शीनेशन अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं एसएमओ डॉ मानसिंह ने बताया कि जिला में अब तक 2039647 लोगों को वैक्शीनेशन की डोज लगाई गई हैं। इनमें पहली डोज के 1500990 और दूसरी डोज के 538657 लोगों को लगाए गए वैक्शीनेशन शामिल है। शुक्रवार को टीकाकरण अभियान जारी रहेगा। जिले में 31 सरकारी शिविर और 14 निजी अस्पतालों में कोरोना से बचाव का इंजेक्शन लगाया जाएगा।

### हिन्दी सप्ताह का सफल आयोजन



**फरीदाबाद।** अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान में 13 से 19 सितंबर तक हिंदी सप्ताह मनाया गया था। हिंदी सप्ताह के दौरान निम्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। हिंदी निबंध प्रतियोगिता हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता एवं हिंदी टंकण प्रतियोगिता। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय प्रमाण पत्र संस्थान के निदेशक प्रभात रंजन आचार्य ने दिए। समापन समारोह में संस्थान के राजभाषा अध्यक्ष दिलीप चावला ने कहा कि हम सभी को हिंदी में अधिक से अधिक काम करना चाहिए और हिंदी में काम करने पर हमें गर्व महसूस होना चाहिए। समापन समारोह के अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रभात रंजन आचार्य ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि कोई भी काम मुश्किल नहीं होता है हमें सिर्फ शुरुआत करने की देर होती है। उन्होंने कहा कि संस्थान के कई विभाग जैसे प्रशासन, छात्रावास, सुरक्षा विभाग हिन्दी मे अच्छा काम कर रहे है। प्रतियोगिता के नतीजे इस प्रकार रहे कि हिंदी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला। प्रदीप कुमार मांझी को, द्वितीय स्थान पर रहे उमाशंकर तुरकेल, और तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेघा यादव ने, हिंदी नोटिंग प्रतियोगिता मे पहला स्थान उमाशंकर तुरकेल, दूसरे स्थान पर गुलाब सिंह और तीसरे स्थान पर सारिका शर्मा, इसी प्रकार हिन्दी टंकण प्रतियोगिता मे पहला स्थान पर रहे नरेश, द्वितीय स्थान पर रहे उमाशंकर तुरकेल और तीसरे स्थान पर आए प्रवेश मलिक ने। अंत में राजभाषा सचिव विनोद गौतम ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

# जजपा की मजबूती के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज : चौटाला

### 25 सितंबर को हर्षोल्लास से मनाएंगे जननायक देवीलाल की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जननायक** जनता पार्टी (जजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला जजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान को गति देने व कार्यकर्ताओं से रूबरू होने फरीदाबाद पहुंचे। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, जिनके बल पर संगठन को प्रभावी और मजबूती दी जाती है। इसलिए जजपा ने प्रदेशभर में सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करने के लिए सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया हुआ है।

जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुवार को सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विशेष रूप से जननायक देवीलाल की जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के मसीहा के जन्मदिवस के मौके पर हिलालपुर (नूंह) में जननायक की आदमकद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री, किसान मसीहा जननायक चौ. देवीलाल की जयंती हर्षोल्लास से मनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में सभी जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान जजपा और जननायक सेवा दल, इनसो के कार्यकर्ता और पदाधिकारी युगपुरुष जननायक चौ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन करेंगे। इसके लिए जोरदार तैयारियां जारी हैं और कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं।

इसके अलावा रूप किशोर शर्मा, भानु शर्मा, मनीष चौधरी, राधे, रमनदीप कौर, सीमा, बरखा, जसवीर कौर, आदि ने दर्जनभर ने जननायक जनता पार्टी का दामन थामा। वहीं डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने बॉक्सिंग में स्टेट लेवल पर गोल्ड मेडल जीत कर आए चिनमय गोयल उसके कोच आमिर खान को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, अंतराम तवर, संजीव मंडोला, राजेंद्र लितानी, जिला अध्यक्ष तेजपाल डागर, शहरी जिलाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव ठाकुर राजाराम, कृष्ण जाखड़, धर्मवीर तेवतिया, भारत यादव, महेश पटेल, अनिल भाटी, प्रवीण त्यागी, विकास दलाल, नरेंद्र फौजी, गजेंद्र बढ़ाना, नेपाल फौजी, आशीष डागर, रविंद्र पाराशर, रोहित बैरागी, देवेंद्र मान, कमल फौजदार, माणिक मोहन शर्मा, पवन जाखड़, सूरत चौहान, अमीचंद पीटीआई, अवनीश कौशिक, डॉ दिनेश डागर, मनोज गोयल, जिला प्रवक्ता अनिल खुंटेला, मनफूल डागर, अजय भड़ाना, कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील शास्त्री ने किया।




### सक्रिय कार्यकर्ताओं का होना अति आवश्यक

**डॉ. अजय** चौटाला ने इस दौरान जजपा की मजबूती पर खास बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं का होना अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जननायक जनता पार्टी ने 25 अगस्त से प्रदेशभर में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। पार्टी द्वारा इस एक माह के अभियान के दौरान प्रत्येक बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी कर रही है ताकी पार्टी को और मजबूती मिले। उन्होंने जजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत हर हलके में 500 मेहनती, कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बना रही है। इस अभियान के जरिए हर क्षेत्र यानी कि प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं को सक्रिय कार्यकर्ता बना रही है ताकि वे सक्रिय कार्यकर्ता बनने के बाद दूसरे चरण में सामान्य सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी का प्रचार करते हुए घर-घर जाकर नये लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें।

# हर स्थिति से निपटने को तैयार रहना पुलिस का कर्तव्य : सीपी



### बम निरोधक दस्ते के साथ पुलिस आयुक्त ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अपने कार्यालय में फरीदाबाद पुलिस के बम निरोधक दस्ता और सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ मीटिंग आयोजित की। मीटिंग के दौरान पुलिस कमिश्नर ने बम निरोधक दस्ते में तैनात जवानों से सभी एक्सप्लोसिव इक्विपमेंट की जानकारी हासिल की।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में तैनात बम निरोधक दस्ता के पास वह सभी आधुनिक उपकरण मौजूद है जो कि सभी प्रकार के एक्सप्लोसिव को डिटेक्ट कर डिफ्यूज करने में सक्षम है। फरीदाबाद जिले में क्राइम होने पर सीन ऑफ क्राइम टीम मौके का मुआयना करती है और अपराध घटित होने वाली जगह से साक्ष्य इकट्ठा करती हैं। जिनको जांच के लिए एफएलएल में भेजा जाता है। इकट्ठा किए गए साक्ष्यों के द्वारा आरोपी तक पहुंचने में अनुसंधान अधिकारी को काफी मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि सीन ऑफ क्राइम टीम 24 घंटे मौजूद रहती है। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते एवं सीन ऑफ क्राइम टीम में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त जवान शामिल है।

उन्होंने बताया कि कई बार पुलिस को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल आदि में लावारिस सूटकेस मिलने की सूचना मिलती है ऐसी स्थिति में बम निरोधक दस्ता काफी सहयोगी सिद्ध होगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पुलिस को हमेशा किसी भी तरह की परिस्थितियो से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। पुलिस सहायता के लिय या कोई लावारिस, संदिग्ध वस्तु दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को डॉयल 112 पर सूचना दें।

# नहरपार के किसानों ने दायर की रिव्यू याचिका



**फरीदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का 1230 रुपये वर्गगज का मुआवजा चार गांवों का घटाकर 645 रुपये प्रति वर्गगज कर दिया। फैसले को लेकर नहरपार के किसानों की स्थिति काफी खराब हो गई।

किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट की अध्यक्षता में बड़ौली गांव में हुई बैठक में किसानों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि इस आदेश के खिलाफ नहरपार के किसान सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका (पुनः विचार याचिका) दायर करेंगे। जिस किसी किसान को अपनी जमीन की इस रिव्यू याचिका में शामिल होना है। वह अपने कागजात ब्लाक समिति के सदस्य सतपाल चन्दीला के पास जमा करेंगे। वशिष्ठ ने कहा कि जो रिव्यू यचिका तथ्यों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। यह कि नहरपार के पांच गांवों की जमीन अन्य गांवों के मार्फत उपजाऊ व समतल है, चार गांव बड़ौली, प्रहलादपुर, मिर्जापुर, भतौला का मुआवजा 645 रुपये प्रति वर्गगज किया है। जबकि इसे 1230 रुपये प्रति वर्गगज के हिसाब से रखा जा सकता था और पांच गांवों में से एक गांव सीही का मुआवजा 1230 रुपये ही रखा गया है और इस फैसले में किसानों की कई बड़ी रजिस्ट्रियों का हवाला भी नहीं है। किसानों ने रिव्यू में कहा है कि किसानों की बहस को ऑनलाइन सुना गया है जबकि कोर्ट में फिजिकल सुना जाये।

## बैटरी चलित स्प्रे पंप पर अनुदान को आवेदन आमंत्रित

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा ने बैटरी चलित स्प्रे पंप पर अनुदान देने के लिए, अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले किसानों से 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा ने प्रदेश के सभी जिलों से वर्ष 2021-22, अनुसूचित जाति स्कीम के तहत बैट्री चलित स्प्रे पंप पर अनुदान देने के लिए इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि स्कीम के तहत आवेदनकर्ता किसान को कीमत का 50 प्रतिशत अथवा 2500 रुपये दोनों में से जो भी कम होगा, इसके आधार पर अनुदान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने स्कीम के नियम व शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता किसान संबंधित जिले का स्थायी निवासी हो।

# लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएं बैंक : डीसी



### उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बैठक में दिए बैंकों को निर्देश

**फरीदाबाद।** डीसी जितेंद्र यादव ने बैंकरों को निर्देश दिए हैं कि जो इस साल सितंबर के अंत तक काम से कम दो प्रार्थिओं को सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध करा कर योजनाओं को लागू करें। ताकि आत्म निर्भर भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। जो बैंक अपने सभी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे सभी लक्ष्य पूरा कर लें और वे बैंकर अगली डीएलआरसी की बैठक से पहले सरकारी योजना को लागू नहीं करेंगे तो संबंधित बैंकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

यह दिशा निर्देश उपायुक्त जितेंद्र यादव जिला की डीएलआरसी, डीसीसी बैठक लघु सचिवालय, सेक्टर -12 फरीदाबाद में आयोजित बैठक में बैंक अधिकारियों को दे रहे थे। एलडीएम ने सभी बैंकों के लिए जिला फरीदाबाद के लक्ष्यों के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं, एमएसएमई, लघु व्यवसाय, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया, एसएचजी के लिए महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लक्ष्यों के बारे में जानकारी दी गई। योगेश अग्रवाल एजीएम आरबीआई ने भी सभी बैंकर्स को कहा कि सभी सरकारी प्रायोजित योजनाओं को लागू करने और समय सीमा के भीतर लक्ष्यों को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त जितेंद्र यादव को एलडीएम आरएस सिंह ने सम्मानित किया।

## पंचायती राज विभाग के विकास कार्य अप्रूवल के बाद हो तुरंत शुरू

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं हरियाणा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के वित्त आयुक्त अमित झा ने कहा कि पंचायती राज विभाग में भी पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर, सिंचाई, पब्लिक हेल्थ सहित अन्य विभागों की तर्ज पर विकास कार्य सुनिश्चित हो। अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा और जिन अधिकारियों के विकास कार्य धीमी गति से मिलेंगे उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। हरियाणा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के इंजीनियरिंग के सभी अधिकारी पूरी क्षमता के साथ ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को अमलीजामा पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 20 लाख रुपये की धनराशि से अधिक धनराशि के सभी विकास कार्य चाहे वह ग्रामीण विकास अभिकरण के हो, जिला परिषद के हो या पंचायती राज विभाग सहित अन्य किसी भी मद के हैं।

# पुलिस एसआई की परीक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

### लिखित परीक्षाओं में एचएसएससी की हिदायतों का पालन सुनिश्चित हो : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिलाधीश** जितेंद्र यादव ने कहा कि 26 सितम्बर रविवार को आयोजित महिला पुलिस की एसआई की लिखित परीक्षाओं सही संचालन के लिए कि भी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले और अनुपस्थित रहने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करके एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर कमीशन द्वारा जारी कानूनी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। जिलाधीश जितेंद्र यादव वीरवार को जिला फरीदाबाद में 26 सितम्बर को एचएसएससी द्वारा वाली महिला पुलिस के एसआई की लिखित परीक्षा सफल संचालन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिंट आफिसर और परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को स्थानीय सेक्टर-12 के कंवेंशन हाल में टिप्स और दिशा निर्देश दे रहे थे।

आपको बता दें महिला पुलिस की लिखित परीक्षा के लिए फरीदाबाद में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए है। इनकी जानकारी सम्बंधित परीक्षा केंद्र अधीक्षक सुनिश्चित कर लें। उपायुक्त जितेंद्र यादव इस संबंध में,फ्लाइंग आफिसर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि परीक्षा के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ओवर आल इंचार्ज है। लिखित परीक्षा के दौरान एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद को नोडल इंचार्ज होंगे। सीटीएम, जिला राजस्व अधिकारी परीक्षा के आयोजन संबंधी सभी प्रबंधो के लिए सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट और ट्रांजिट अफसर तथा परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक अपने कार्य दायित्व से जुड़े दायित्वों के बारे में कमीशन की हिदायतों के अनुसार पूरी तरह जानकारी हासिल कर उन्हें दिशा निर्देश देंगे और परीक्षा केंद्रो से सम्बंधित समस्याओं का समाधान कराएंगे। परीक्षा केंद्र अधीक्षक और परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी दे रहे पुलिस टीम के इंचार्ज आपसी तालमेल बनाए रखें। ड्यूटी मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर कानून व्यवस्था बनाए रखें।

उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि वे भी अपने दायित्व के बारे में जानकारी हासिल करके व्यवस्थित रूप से परीक्षाओं की योजना बनाकर उसके सही क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। ट्रांजिट आफिसर को सेंसिटिव मटेरियल लाने-ले जाने की यूपीएससी हिदायतों की पूर्ण जानकारी ले लें। उपायुक्त जितेंद्र ने कहा कि परीक्षा से सम्बंधित अधिकारी अपने वाहन चालक को निर्देश दें कि वे अपने वाहन पूरी तरह वर्किंग कंडीशन में हों ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## नशे के इंजेक्शन सहित दो आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश पर क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने दो आरोपियों को नशे के इंजेक्शन सहित काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच एनआईटी को सूचना मिली थी कि दो आरोपी नशे के इंजेक्शन बेचने की फिराक में थाना मुजेसर एरिया में घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को काबू किया जिनके पास से पुलिस को नशे के 26 इंजेक्शन बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला थाना मुजेसर में दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित निवासी अटल चौक पर्वतीय कॉलोनी और सुभाष निवासी जवाहर कॉलोनी शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं नशे के इंजेक्शन सस्ते दामों पर खरीद कर महंगे दामों पर बेचते हैं।

# जनता सिर्फ विकास चाहती है: बैंसला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्रीनफील्ड** कॉलोनी में गुरुवार को ए ब्लॉक रोड नंबर 97 में करीब 11 सालों के बाद रोड बनने का काम शुरु हो गया। करीब 13 लाख की लागत से बनने वाली आरएमसी रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ स्थानीय पार्षद हेमा बैंसला के पिता पूर्व पार्षद और समाजसेवी कैलाश बैंसला ने किया। नारियल सीनियर सिटीजन के हाथों फोड़कर सड़क बनाने का काम शुरु किया गया।

स्थानीय लोगों ने पूर्व पार्षद से कहा कि पिछले करीब 11सालों से यहां के लोग इस इंतजार में थे कि यह रोड किसी भी तरह बन जाए लेकिन रोड नहीं बनने के कारण कई बार यहां से निकलने में काफी परेशानी होती थी। बरसात के दिनों मे तो नरक बन जाता था। स्थानीय निवासी आरपी सेठ ने कहा कि ग्रीनफील्ड कॉलोनी नगर निगम में आती नहीं है। इसलिए नगर निगम हमारी सड़के बना नही सकती। अगर अर्बन इम्प्रूवमेंट कंपनी के चेयरमैन प्रोफेसर भारत भूषण और कैलाश बैसला के द्वारा सहयोग राशि नहीं दी गई होती तो शायद यहां की सड़के नहीं बन पाती। इस मौक पर पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला ने कहा कि वॉर्ड नंबर 20 में आरएमसी रोड का निर्माण काफी तेज गति से हो रहा है। अब तक हम लोग 100 से भी ज्यादा सड़कों का निर्माण करा चुके है। कैलाश बैंसला ने कहा कि वह जल्द ग्रीनफील्ड कॉलोनी के हर गली में पौधारोपण अभियान चलाने वाले है। जो भी पौधे की देखभाल कर सकता है। उसके घर के बाहर दो या तीन पौधे लगाकर पर्यावरण को शुद्ध और ग्रीनफील्ड को पूर्णता ग्रीन बनाने का काम करेंगे। कैलाश बैंसला ने कहा कि वह विकास के दम पर राजनीति करने में विश्वास रखते है। जनता काफी समझदार है। वह काम चाहती है। और उनके वार्ड में विकास हुआ है। और वह जनता के सामने परीक्षा देने के लिए तैयार है। इस मौके पर अमित कुमार, पवन पांडे आरपी सेठी , राजीव चौहान, कृष्ण कुमार, अर्पित सिन्हा, प्रेम प्रकाश शर्मा, रोहित कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था

## रणनीतिक समीक्षा की जरूरत

**उत्तर** प्रदेश को और आर्थिक प्रगति प्रदान करने तथा कुछ समस्याओं के समाधान हेतु सरकार को रणनीतिक समीक्षा करने की जरूरत है। राज्य नियोजन संस्थान द्वारा हाल ही में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर जारी रिपोर्ट से अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी तस्वीर सामने नहीं आती है। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले पांच वर्ष में राज्य को देश की अर्थव्यवस्था में पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य सामने रखा है। वर्तमान समय में राज्य का 2020-21 में जीडीपी 17.05 लाख करोड़ या 240 बिलियन डालर है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्तर प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी में 2020-21 में 5.9 प्रतिशत का संकुचन हुआ। यह भी स्पष्ट है कि वर्तमान मुख्यमंत्री योगी के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था में लगभग पांच प्रतिशत की प्रगति हुई। 2018-19 के अस्थाई रूप से संशोधित आंकड़े जारी हुए हैं तथा इसके साथ ही 2020-21 के त्वरित संशोधित आंकड़े भी जारी हुए हैं। इनके अनुसार अर्थव्यवस्था में वृद्धि की गति लक्षित गति से थोड़ी कम नजर आ रही है। प्रदेश में आय अनुमानों के संशोधित आंकड़ों के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था में थोड़ी सुस्ती आई है। 2017-18 में जीएसडीपी वृद्धि 4.9 प्रतिशत थी, लेकिन 2018-19 तथा 2019-20 में यह 4.3 प्रतिशत रही। इन अनुमानों के अनुसार अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2017-20 के दौरान पांच प्रतिशत से कम थी तथा 2020-21 में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण यह माइनस 5.9 प्रतिशत हो गई। मार्च में जारी 2020-21 में अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमानों के अनुसार जीएसडीपी में लगभग 6.4 प्रतिशत का संकुचन हुआ। हालांकि, प्रदेश सरकार इस तथ्य से संतुष्ट अनुभव कर सकती है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ द्वारा 31 मई को जारी आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था में भी 2020-21 वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत संकुचन आया।



इन आंकड़ों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि उत्तर प्रदेश सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने होंगे। इस तथ्य की समीक्षा की आवश्यकता है कि विनिर्माण क्षेत्र की पिछले चार सालों में वृद्धि नकारात्मक रही है। इसके साथ ही जीएसडीपी में भी इसका हिस्सा घटा है जो वर्तमान में 15 प्रतिशत है। तेजी से औद्योगीकरण की इच्छा रखने वाले उत्तर प्रदेश को इस दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। हालांकि, यह खुशी की बात है कि इस स्थिति के उलट कृषि क्षेत्र ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के समय में भी कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर सकारात्मक रूप से 2.7 प्रतिशत रही। इसी प्रकार कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से प्रभावित 2020-21 में तृतीयक क्षेत्र समझे जाने वाले सेवा क्षेत्र में 7.9 प्रतिशत का संकुचन आया, लेकिन इसके अलावा बाकी समय में इसमें सकारात्मक प्रगति हुई। आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश के जीएसडीपी को 2018-19 में 15,82,682 करोड़, 2019-20 में 17,25,860 करोड़ तथा 2020-21 में 17,39,114 करोड़ होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने हाल में दावा किया था कि संशोधित अनुमानों के अनुसार जीएसडीपी में समुचित वृद्धि हुई है और यह 31 मार्च, 2021 को 17,91,263 करोड़ के बजाय 19,40,527 करोड़ पर पहुंच गई है। इन तथ्यों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य की अर्थव्यवस्था को तेजी से प्रगति के रास्ते पर लाने के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा। यदि प्रदेश 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है तो इसे इसके लिए एक स्पष्ट रोडमैप बनाना होगा। राज्य में जीएसडीपी की वर्तमान स्थिति ज्यादा विश्वास नहीं पैदा करती है तथा इसे निर्धारित समय में लक्ष्य पर पहुंचाने के लिए प्रयास तेज करने होंगे। ऐसे में सरकार को अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए रणनीतिक समीक्षा की आवश्यकता है।

# भारत में सामुदायिक रेडियो का महत्व

## सरकार को सामुदायिक रेडियो का महत्व समझ कर उसे टिकाऊ बनाने के लिए उपयुक्त वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करनी चाहिए।



**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक सीआरएस एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष हैं)



कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसारण में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की भूमिका पर चर्चा नहीं हुई है। भारत में कैंपस रेडियो के नाम से शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा चलाए जाने वाले 322 से अधिक सामुदायिक रेडियो हैं। इनके साथ ही एनजीओ द्वारा संचालित रेडियो तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा संचालित रेडियो ने प्रासांगिक सूचना के प्रसार, जागरूकता पैदा करने तथा जनता में स्थिति से निपटने हेतु विश्वास व प्रेरणा पैदा करने के माध्यम से समुदायों को जोड़ने की चुनौतियों का सामना किया है। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन आबंटन में सौतेले व्यवहार के कारण अधिकांश सामुदायिक रेडियो अपने बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ब्यूरो आफ आउटरीच एंड कम्युनीकेशन के विज्ञापनों तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विज्ञानों की उपलब्धता न होने के कारण ये सामुदायिक रेडियो स्टेशन राष्ट्रीय संकट के समय अपनी सामुदायिक जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा सके। देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की मान्यता प्राप्त संस्था भारतीय सामुदायिक रेडियो असोसियेशन-सीआरए ने एक सर्वेक्षण कराया। 150 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों से प्राप्त सूचनाओं एवं आंकड़ों के अनुसार पता लगा कि जनसंख्या के संकटग्रस्त तबकों को स्थानीय भाषाओं व बोलियों में महामारी के बारे में विश्वसनीय सूचनाओं की जरूरत थी। वे यह भी जानना चाहते थे कि इससे अपनी सुरक्षा कैसे की जाए।

महामारी के शुरुआती दिनों में सीआरएस ने इन सवालों के जवाब दिए। कोविड 19 क्या है और इसके फैलाव के क्या संकेत हैं? हमें क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? लाकडाउन व कर्फ्यू क्यों जरूरी हो गए हैं? लोगों से इसका फैलाव रोकने के लिए क्या उम्मीदें हैं? प्रत्येक क्षेत्र में कितने मामले सामने आए हैं? देश भर की सामुदायिक रेडियो टीमों ने समय-समय पर जिला प्रशासनों तथा राज्य सरकारों द्वारा जारी सलाहों के आधार पर इन सवालों के जवाब तैयार किए। रेडियो ने डाक्टरों और विशेषज्ञों के साक्षात्कार लिए तथा उनको फौरन प्रसारित किया। 'करें, न करें' के आधार पर सूचनाओं तथा सूचना एवं सार्वजनिक संबंध, स्वास्थ्य, जिला एवं राज्य आपदा प्रबंधन व पुलिस द्वारा प्राप्त सुचनाओं का नियमित प्रसारण किया गया। सामुदायिक रेडियो का प्रसारण समय रोज 12 से 24 घंटे तक रहा। शुरुआत में केवल 50 प्रतिशत प्रसारण विषयवस्तु कोविड-19 से संबंधित थी, पर बाद में स्थिति गंभीर होने तथा लाकडाउन लागू होने के बाद विषयवस्तु को खासतौर से केवल महामारी से जोड़ा गया। जब संकट शिखर पर था तब स्टेशनों ने विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का प्रसारण करते हुए अधिकारियों की अपीलें प्रसारित कीं कि लोग घरों पर रहें तथा सरकार द्वारा वायरस से लड़ने हेतु जारी दिशानिर्देशों का पालन करें। हालांकि, लगभग सभी सामुदायिक रेडियो को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

कर्फ्यू कठोरता से लागू होने के कारण श्रमशक्ति का संकट अनुभव हुआ क्योंकि अनेक सामुदायिक रेडियो आपरेटरों के आवागमन पर नियंत्रण लग गया। अनेक स्थानों पर उनको संबंधित स्टूडियो तक पहुंचने के कर्फ्यू पास नहीं जारी हुए तथा रेडियो आपरेटरों ने लंबे समय तक काम करने वाले एक या दो सामुदायिक रिपोर्टरों से काम चलाया। अनेक रेडियो रिपोर्टरों ने घर से काम करते हुए मेल व वाट्सएप से रिपोर्टें भेजीं। स्थानीय विधायकों, सामुदायिक नेताओं, सेलेब्रिटीज़, जिला मजिस्ट्रेटों, पुलिस सुपरिंटेंडेंटों, डाक्टरों तथा विशेषज्ञों की वायस क्लिपें फोन से रिकार्ड की गईं तथा इनको रेडियो पर प्रसारण के लिए मेल व वाटसएप से स्टूडियो भेजा गया। इनमें समुदाय के लोगों से घरों पर रहने तथा शारीरिक दूरी बनाए रखने की अपील की गई थी।

स्टूडियो में जिंगल तैयार की गईं या इनको साझा स्त्रोतों से डाउनलोड किया गया। सेलेब्रिटीज़ द्वारा गीतों व लोकप्रिय संदेशों के माध्यम से वायरस तथा इससे बचने के बारे में जागरूकता पैदा की गई। कुछ सामुदायिक रेडियो ने वर्चुअल प्रसारण के नए तरीके खोजे जहां सामुदायिक रिपोर्टर अपने इन्पुट घरों से भेजे तथा स्टूडियो में किसी के उपस्थित न होने पर भी प्रसारण लगातार जारी रहा। सामुदायिक रेडियो ने जिला प्रशासन और समुदाय के सदस्यों के बीच पुल का काम किया। सभी प्रासांगिक सूचना और संदेशों को सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को भेजा गया। सामुदायिक रेडियो को लाइव कार्यक्रमों, टेलीफोनों तथा जनता से संदेशों के माध्यम से काफी जानकारियां मिली जिनका फौरन प्रशासन के साथ साझा किया गया तथा समस्याओं के समाधान जनता को संप्रेषित किए गए। दिव्यांगों, वृद्धों तथा आर्थिक रूप से गरीबों की चिन्ताओं को भी उचित स्थान दिया गया। सामुदायिक रेडियो ने नियमित रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता, अभिप्रेरणा, सकारात्मकता, पैरेंटिंग, पोषण, फिटनेस, टैलेंट कनेक्ट, जूनियर आरजे कनेक्ट, होममेकर्स कनेक्ट, पाकशास्त्र आधारित कार्यक्रमों तथा बच्चों को व्यवस्त रखने, रचनात्मक व्यवहारों, दिन-प्रतिदिन योग, प्रेरक कथाओं एवं संकट के समय सबकी सहायता करने व सहायता प्राप्त करने के बारे में कार्यक्रम प्रसारित किए। कुछ सामुदायिक रेडियो ने सरकार तथा स्थानीय एनजीओ द्वारा आर्थिक सहायता, भोजन व स्वास्थ्य सेवाओं हेतु उठाए कदमों की जानकारी गरीब तबकों को दी। इनमें मुफ्त डाक्टर टेली कंसल्टिंग, लोगों की सहायता के लिए डाक्टरों की उपलब्धता, किसी स्वास्थ्य समस्या का डाक्टरों द्वारा समाधान तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे शामिल थे। अनेक सामुदायिक रेडियो ने स्वयं कोरोना टेस्ट आंकलन का प्रसारण ब्लाग के माध्यम से कर लोगों को बताया कि वे भ्रमित न हों, कोविड-19 को मौसमी बीमारी न समझें और वायरस का परीक्षण करायें।

डिजिटल रूप से एक प्रतिज्ञा दस्तावेज जारी किया गया जिसमें सभी आयुवर्ग के लोगों ने सबके स्वस्थ भविष्य के लिए घर पर रहने की प्रतिज्ञा की तथा एकान्त में समय के उपयोग के बारे में जानकारियां साझा कीं। विभिन्न सामुदायिक रेडियो से प्राप्त संदेशों से संकेत मिलता है कि उन्होंने सूचनाओं के आधिकारिक स्रोत के रूप में काम किया तथा स्वत: एकान्त के समय समुदाय को मनोरंजन भी प्रदान किया। सामुदायिक रिपोर्टरों ने अपने सतर्क दृष्टिकोण के चलते निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा समुदायों में फैलाई फर्जी खबरों का खंडन भी किया। उन्होंने पहले अधिकारियों से संदिग्ध खबरों के बारे में जानकारी प्राप्त की और फिर सही खबर का प्रसारण किया। शहरों से गांवों में कामगारों के पलायन के समय खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश व बिहार के सामुदायिक रेडियो ने रचनात्मक सूचनायें प्रसारित करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इससे कामगार सही रास्ता तलाश सके। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों ने वाट्सएप व अन्य आईटी मंचों का लाभ उठाते हुए विभिन्न भाषाओं में विषयवस्तु व सूचनाओं का साझा किया तथा साथी स्टेशनों का मनोबल बनाए रखा। सीआरएस द्वारा विभिन्न भाषाओं व बोलियों में तैयार जिंगल, कविताओं व लोकगीतों के माध्यम से रचनात्मक विषयवस्तु का प्रसारण किया गया। इससे विषयवस्तु को विविधता मिली। दुर्भाग्य से सामुदायिक रेडियो के योगदान को समुचित रूप से स्वीकार नहीं किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा कामर्शियल रेडियो जाकी से संवाद के समय सामुदायिक रेडियो रिपोर्टरों को आमंत्रित नहीं किया गया।

पिछले दो साल से सामुदायिक संपर्क विभाग तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के लिए विज्ञापन अभियान नहीं जारी किया है। इसके अलावा पिछले चार-पांच साल का बकाया भी अदा नहीं किया गया है। विभिन्न मंत्रालयों ने कोविड-19 प्रबंधन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी अभियानों को बनाने में सीआरएस की पूरी तरह अनदेखी की है।

सामुदायिक रेडियो द्वारा भारत में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए उनको मीडिया के अन्य रूपों की तरह मान्यता मिलनी चाहिए तथा उनको अन्य मीडिया संगठनों के समान दर्जा दिया जाना चाहिए। देश में सामुदायिक रेडियो कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें आशा है कि सरकार तथा अन्य संबंधित अधिकारी इस राष्ट्रीय संकट के समय सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की महत्वपूर्ण भूमिका समझेंगे तथा आने वाले समय में जीवित रहने व बेहतर कामकाज के लिए उनको वित्तीय समर्थन तथा पेशेवर सुविधायें प्रदान करेंगे।

# जारी है कांग्रेस की हाईकमान संस्कृति

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार उवं स्तम्भकार हैं)



महीनों के सस्पेंस के बाद इस हफ्ते पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की जगह दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी को लाया गया है। पंजाब अस्सी के दशक में आतंकवाद से प्रभावित सीमावर्ती राज्य होने के कारण वहां जो कुछ भी हो रहा है वह संवेदनशील है। बदलाव और आसान हो सकता था, लेकिन आलाकमान ने अपने विवेक से विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले गार्ड बदलने का फैसला किया, जबकि तीन महीने पहले, यह एक निश्चित शॉट था कि कमजोर विपक्ष के कारण कांग्रेस पंजाब को जीत लेगी, लेकिन कैप्टन के बाहर निकलने से स्थिति बदल सकती है। नए मुख्यमंत्री के सामने कई चुनौतियाँ हैं और वह केवल एक ठहराव की व्यवस्था है। इंदिरा गांधी ने अपने पूरे नेतृत्व में जिन प्रमुख प्रथाओं की कल्पना की और उनका पालन किया, उनमें से एक पार्टी की स्थापना में हाईकमान की अवधारणा थी। जवाहरलाल नेहरू के समय में, कांग्रेस के पास कोई आलाकमान नहीं था क्योंकि पटेल और जी.बी.पंत जैसे अन्य, समान रूप से ठोस राष्ट्रीय नेता थे।

इंदिरा गांधी ने अपनी पार्टी के लोगों को जब और जब चाहें प्रभावशाली पदों पर स्थापित या हटा दिया। एक पुरानी कांग्रेसी नेता याद करती हैं कि कैसे वह उस मुख्यमंत्री को बुलाती थीं जिसका वह बर्खास्त करना चाहती थीं और यह कहते हुए अपने निर्णय से अवगत कराती थीं : ''कोई जल्दी नहीं है, आप आज या कल इस्तीफा दे सकते हैं। पर्याप्त समय लो।'' यही उनके पद छोड़ने का संकेत होता था। राजीव गांधी ने भी आलाकमान की संस्कृति का पालन किया, लेकिन तब पार्टी मजबूत थी। यूपीए के समय में भी सोनिया गांधी ने इस परंपरा का पालन किया।



आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस उन कुछ राज्यों को अस्थिर क्यों करना चाहती है जहां उसे आराम से रखा गया है। राहुल और प्रियंका दोनों को लगता है कि वे पार्टी से निपटने में अपनी दादी का अनुकरण कर सकते हैं। पार्टी न तो केंद्र में सत्ता में है और न ही कई राज्यों में। ऐसे में कांग्रेस आलाकमान को अपने मैदान में जो कुछ बचा है उसे बचाने की जरूरत है। इंदिरा गांधी की कार्यशैली अब नहीं चलेगी। राहुल और प्रियंका पुराने पहरेदारों को बदलने के लिए अधीर हैं और उन्हें उनके प्रति वफादार युवा चेहरों के साथ बदल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वे तीनों कांग्रेस शासित राज्यों में परिवर्तन की मांग करने वाले विद्रोहियों का खुलकर साथ देते हैं। परिणाम पार्टी में अधिक विभाजन, अधिक विद्रोह, अनुशासनहीनता और क्षरण है। पंजाब में एक समस्या के समाधान ने दूसरी समस्या खड़ी कर दी है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से भी विद्रोह की गूंज सुनाई देती है। राजस्थान में परिवार ने सचिन पायलट के नेतृत्व वाले बागी धड़े का खुलकर समर्थन किया, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तो पल्ला झाड़ लिया था। पायलट को अस्थायी रूप से शांत किया गया, लेकिन उनके समर्थक अधीर हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और बागी नेता टीएस सिंह देव के बीच सत्ता के बंटवारे पर सहमति जताई थी। ढाई साल बाद देव कुर्सी की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस आलाकमान पहले की तरह शक्तिशाली क्यों नहीं है? इसका सीधा सा जवाब है कि समय बदल गया है और सत्ता के समीकरण बदल गए हैं और कांग्रेस बस अपने अतीत के गौरव में जी रही है। अफसोस की बात है कि गांधी परिवार को यह एहसास नहीं हुआ कि आलाकमान की शक्ति सिकुड़ रही है।

सोनिया गांधी के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के साथ, कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व संकट का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी 2019 में अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद भी पार्टी के वास्तविक शासक हैं। प्रियंका गांधी भी एक शक्ति केंद्र के रूप में उभर रही हैं, जैसा कि पंजाब के फैसले से देखा जाता है। पंजाब की कहानी गांधी परिवार के उन दो सदस्यों की बढ़ती ताकत की कहानी है जिन्होंने अपनी मां को कैप्टन अमरिंदर सिंह का बदलने के लिए राजी किया और उनकी जगह एक कमजोर नेता बना दिया। उन्होंने ही महत्वाकांक्षी नवजोत सिद्धू को बढ़ावा दिया, जिन्होंने कैप्टन की जगह लेने का लक्ष्य रखा था। कहानी खत्म नहीं हुई है क्योंकि सिद्धू अभी भी मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस का जुआ पंजाब में काम करे या न करे क्योंकि समय बहुत कम है। कहानी का नैतिक यह है कि आलाकमान संस्कृति तभी तक सफल हो सकती है जब तक नेतृत्व मजबूत हो। यह इंदिरा गांधी के साथ क्लिक किया हो सकता है, लेकिन वर्तमान प्रशासन उनके राजनीतिक कौशल के करीब कहीं नहीं आता है। एक ही दवा हर समय काम नहीं करती। ममता बनर्जी जैसे क्षेत्रीय क्षत्रप निरंकुश तरीके से व्यवहार करते हैं।

आलाकमान की संस्कृति को अपनाने वाली पार्टी के साथ भाजपा भी बदल गई है। उदाहरण के लिए, भाजपा ने पिछले कुछ महीनों में कर्नाटक, उत्तराखंड और गुजरात में तीन मुख्यमंत्री बदले हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके गृह मंत्री अमित शाह सर्वशक्तिमान हैं। भाजपा की रणनीति इंदिरा गांधी युग के समान है। अंतत: वोटों को झोली में डालने की क्षमता रखने वाला ही होता है जो किसी भी राजनीतिक दल में मायने रखता है, यही वजह है कि वे सफल होते हैं।

## आप की बात

### स्कूल खुले, विश्वविद्यालय बंद

**वैश्विक** महामारी ने सभी क्षेत्रों को बुरी तरह हताहत किया है। लेकिन, लगातार हो रहे टीकाकरण ने, आकडों को नियंत्रित किया है। ऐसे में, फिर से लगभग सभी क्षेत्र खुल चुके हैं।फिर चाहें वो रेस्टोरेंट, होटल, टूरिज्म या फिर शिक्षा से जुड़े हों। भारत के कई राज्यों में पांचवी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों को बुलाया जा रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बारहवीं से नीचे कक्षा के विद्यार्थियों की उम्र अट्ठारह वर्ष से कम ही होती है।लेकिन बावजूद इसके, स्कूल पूर्ण रूप से खुल रहे, जिसमें बच्चों का टीकाकरण तक नहीं हुआ। वही दूसरी ओर वह विद्यार्थी जो स्नातकोत्तर और परा स्नातक के अंतिम वर्ष में हैं, उनके विश्विद्यालय और महाविद्यालय अभी भी बंद हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय समेत कई यूनिवर्सिटी हैं, जो अभी भी विद्यार्थियों को बुलाने में संकोच कर रहे। इसका विपरित असर, उनके भविष्य के आजीविका पर पड़ रहा। दिल्ली विश्वविद्यालय को इस विषय को अति गंभीरता से लेते हुए, सही और स्पष्ट निर्णय लेने की आवश्यकता है। विश्विद्यालय प्रबंधन इस बात को सुनिश्चित करे कि एक टीका तो सभी को लग चुका हो, और साथ ही आरटी पीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव हो।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

### ब्रिटेन का विवादास्पद निर्णय

**ब्रिटेन** ने भारत से टीकाकृत होकर आए भारतीयों को भी 10 दिन का क्वारंटाइन करने का निर्णय लिया है जिससे अनेक तरह के विवादों के संदेह का जन्म हुआ है। शायद ब्रिटेन को भारतीय टीकों पर भरोसा नहीं है। भारतीयों को 10 दिन का क्वारंटाइन आखिर किस लिए किया जा रहा है? हम इसे उचित नहीं मानते। इसीलिए स्वाभाविक रूप से आज भारत में इसी कारण इस निर्णय का काफी विरोध हो रहा है। आज हमारे देश की कोवीशील्ड वैक्सीन पर क्या ब्रिटेन संदेह कर रहा है कि वह कारगर नहीं है अत: ब्रिटेन से पूछना चाहते हैं कि हमारे देश में टीकाकृत होकर आए हुए नागरिकों पर संदेह करना क्या उचित है इस तरह के ब्रिटेन के आदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। आज हमारे विपक्षी दलों ने ब्रिटेन के आदेश को आश्चर्यजनक एवं नक्सलवादी भी कहा है हमारे देश भारत से भारतीय बच्चे ब्रिटेन में पढ़ाई के लिए जाते हैं तब यह आदेश इन सब के लिए परेशानी पैदा करने वाला है। हमारे भारतीय लोगों पर शक करना किसी भी तरह से उचित नहीं है हमारे यहां भी नियम कायदों का पालन होता है तब ब्रिटेन को भारतीयों को अपमानित नहीं करना चाहिए।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### आत्मनिर्भर भारत

**कैसे** कभी छोटी नजर आने वाली चीजें राष्ट्र को जोड़ने वाली बन कर सामने आ जाती हैं, इसका सबसे सटीक उदाहरण आज "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत का आह्वान" के रूप में देखने को मिल रहा है। कोविड-19 महामारी के भयावह आपदा काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भरता की अवधारणा को देश के सामने एक अवसर के रूप में रखा तो देश की जनता जर्नादन ने भी इसे अपनाने में पूरा उत्साह दिखाया। खिलौने के माध्यम से आत्मनिर्भरता और संस्कृति के साथ एक व्यवसायिक आत्मविश्वास की स्थापना हो सकती है, इसकी उम्मीद तो नहीं थी लेकिन नजर आने लगा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समग्र सोच और स्पष्ट इरादों के साथ शुरु की गई नई पहल आज एक श्रेष्ठ भारत के सपनों को साकार करने में सहायक साबित हो रही है। गुजरात के केवडिया में "स्टेच्यू ऑफ यूनिटी" विश्व पर्यटन का आकर्षक केन्द्र बन चुका है। त्यौहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों की खरीदने की नई प्रवृत्ति जनमानस में दिखने लगी है।

– **नरेंद्र राठी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**इन** नोटिसों के जारी होने के समय पर दृष्टि डालें। ये तब जारी की गई हैं जब आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है।

– **राघव चड्ढा**
आम आदमी पार्टी नेता

**इस** घोषणा के लिए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय का धन्यवाद कि भारत अत्यंत महत्वपूर्ण कोविड-19 वैक्सीनें भेजने की प्रक्रिया बहाल करेगा।

– **टीए घेब्रिएसस**
महानिदेशक डब्लूएचओ





**उग्रवादी** गुंडों ने मेरे दिल्ली स्थिति आवास में तोड़-फोड़ की? भीड़ ने साम्प्रदायिक नारे लगाए और मुझे जाने से मारने की धमकी दी।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार , 24 सितंबर, 2021



# अक्टूबर में चालू हो जाएगा गोरखपुर का खाद कारखाना

## गोरखपुर विवि में बनेगी बाबा गंभीरनाथ शोधपीठः धर्मेंद्र प्रधान

● ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा का अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर


**केंद्रीय** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ पार्क में गुरुवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ की प्रतिमा और म्यूरल पेंटिंग के जरिए महंत दिग्विजयनाथ की जीवन यात्रा को चित्रित करने वाली पेंटिंग का अनावरण किया। धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में महंत बाबा गंभीरनाथ जी के नाम पर एक शोध पीठ की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुप्रतिक्षित गोरखपुर का खाद कारखाना अक्टूबर में चालू हो जाएगा।



ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए सीएम योगी ने कहा कि ब्रह्मलीन महंतश्री जीवनपर्यंत राष्ट्रीयता की भावना को आगे बढ़ाते रहे। गोरखपुर में उनका आगमन दैवयोग से हुआ था। वह इतिहास प्रसिद्ध उस राणा राजवंश से थे जिसने राष्ट्र रक्षा में किसी भी प्रकार का बलिदान देने से संकोच नहीं कियाण् वंशानुगत संस्कार आजीवन उनके में परिलक्षित होता रहा। केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में महंत बाबा गंभीरनाथ जी के नाम पर एक चेयर की स्थापना की जायेगी। महिलाओं-बालिकाओं को समान शिक्षा अधिकार की दिशा में महंत दिग्विजयनाथ का निरन्तर प्रयास रहा और इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गयी, नई शिक्षा नीति का आना एक सुखद संदेश है। जब सभी जाति, सभी वर्ग को समान शिक्षा मिलेगी तो विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश-केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के भाव से निरन्तर कार्य कर रही है। आजादी के 75 साल पूरा होने पर पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है। गोरक्षनाथ एक शिक्षा का धाम है जो सदियों से समाज की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। आजादी की लड़ाई में महंत दिग्विजयनाथ की अहम भूमिका रही है। श्री प्रधान ने कहा कि कोरोना काल खण्ड में मोदी-योगी के कुशल नेतृत्व में इस बीमारी पर नियंत्रण पाया गया।

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर उप्र में 40 लाख वैक्सीन लगाकर रिकार्ड कायम किया गया। जब केन्द्र की सरकार बनी थी तो उज्जवला योजना आरम्भ की गयी। इसके तहत देश में 8 करोड़ महिलाओं को निशुल्क कनेक्शन प्रदान किया गया। जिसमें ढाई करोड़ कनेक्शन उत्तर प्रदेश में दिये गये। शीघ्र ही गैस पाइप लाइन के माध्यम से गोरखपुर में गैस की आपूर्ति की जायेगी जिससे महिलाओं को गैस सिलेंडर के लिए इन्तजार नही करना होगा।

# देश का गौरव बढ़ाने व सेवा में पूरे समर्पित भाव से लगे हुए हैं पीएमः धर्मेंद्र प्रधान



● पीएम मोदी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री व चुनाव सह प्रभारी अनुराग ठाकुर के द्वारा शुभारंभ किया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रतिनिधि के रूप में 20 साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। पार्टी ने सेवा एवं समर्पण अभियान के तहत 17 सितंबर से लेकर 7 अक्टूबर तक 20 दिन तक जन जागरण व जनसंपर्क के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर भाजपा द्वारा हर जिले में प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यकाल की चुनौतियों, निर्णयों, सेवा व समर्पण के कार्यों को जनता के बीच दिखाया व पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे वर्षों से गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब देश के प्रधानमंत्री के रुप में मोदी जी जन कल्याण, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और अब सब के प्रयास से देश का गौरव बढ़ाने और देश सेवा में पूरे समर्पित भाव से लगे हुए हैं। आज इस प्रदर्शनी को लगाने का उद्देश्य भी यही है कि नई पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री डा चन्द्रमोहन, प्रदेश प्रवक्ता डा समीर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा ने किया मंथन

**लखनऊ।** भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुई बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों और अभियानों के स बंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डा दिनेश शर्मा, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी स मलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से पार्टी द्वारा शुरू किये गए सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में हो रहे कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई। प दीनदयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को प्रदेश में बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे संपर्क व संवाद के कार्यक्रमों के विषय में चर्चा कर तय किया गया कि 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश भर में व्यापक जनसंपर्क का अभियान चलाकर मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाऐं। आगामी 2 अक्टूबर को प्रदेश में मंडल स्तर पर स्वच्छता का अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही आगामी दिनों में पन्ना प्रमुखों के स मेलन आयोजित करेगी। सेवा एवं समर्पण अभियान के अंर्तगत चलने वाले स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत सहित अन्य सेवा कार्य प्रभावी ढ़ग से संपादित करने पर भी चर्चा हुई। पार्टी द्वारा प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में हाल ही में संपन्न हुए प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया तथा यह तय किया गया कि पार्टी अब शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, सीए आदि विभिन्न वर्गों के साथ संवाद करेगी।

## भाजपा के विकास के दावे को मायावती ने बताया हवाहवाई

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से चुनावी तैयारियों में लग गई हैं। वही तैयारियों के बीच एक बार फिर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के विकास के दावे हवाहवाई व जुमलेबाजी साबित हो रहे हैं। गुरुवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी के लोगों की प्रति व्यक्ति आय सही से नहीं बढ़ने अर्थात यहाँ के करोड़ों लोगों के गरीब व पिछड़े बने रहने सम्बंधी रिजर्व बैंक के ताजा आँकड़े इस आमधारणा को प्रमाणित करते हैं कि भाजपा के विकास के दावे हवाहवाई व जुमलेबाजी हैं। यहाँ इनकी डबल इंजन की सरकार में भी ऐसा क्यों? मायावती ने आगे कहा कि यूपी चुनाव से पहले यहाँ भाजपा के विकास के दावों के खोखले होने का पर्दाफाश होने से अब यह पार्टी धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ व हिन्दू-मुस्लिम विवाद आदि के पुराने संकीर्ण मुद्दे पर वापस आ गई है लेकिन लोग फिर से इनके छलावे में आने वाले नहीं हैं।

## घोटाला, धांधली और जालसाजी हो गया है भाजपा का दूसरा नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की राज्य सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह और पूरी तरह विफल है। उसने अपने किए वादे तो निभा, नहीं, प्रदेश को बदहाली और बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया। भाजपा का दूसरा नाम ही घोटाला, धांधली और जालसाजी हो गया है। भाजपा ने राज्य की जनता को सिर्फ परेशानियां, मंहगाई और भ्रष्टाचार के ही उपहार दिए हैं। 2022 का चुनाव प्रदेश को नई सरकार मिलने का चुनाव होगा। साढ़े चार साल में जनता ने देखा है कि कैसे प्रदेश विकास और प्रगति में पीछे हुआ है। आज उत्तर प्रदेश की जनता चाहती है कि प्रदेश में प्रोग्रेसिव पॉलिटिक्स हो और लोक कल्याणकारी सरकार सत्ता में आए।

अखिलेश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में भाजपा सरकार ने सपा सरकार की व्यवस्थाओं को चौपट करने के अलावा कुछ और नहीं किया है। भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते शिक्षा व्यवस्था गर्त में है। देश का भविष्य विद्यालय परिसरों में जलभराव के कारण छप्पर में पढ़ाई करने को मजबूर है। स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का एक नमूना बरेली जिले में देखने को मिला, जहां एक बच्ची की मृत्यु डेंगू से होने पर स्वास्थ्य महकमा छह दिन तक रिपोर्ट दबाए बैठा रहा। कोरोना की तरह डेंगू से मौतों को भी प्रशासन दबाने पर तुला हुआ है। वाराणसी में बीएचयू अस्पताल में बेड न होने से स्ट्रेचर पर इलाज हो रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पहले ढिंढोरा पीटती है फिर विज्ञापन में विकास का हल्ला मचाती है। उन्नाव में सन 2018 में महिलाओं के लिए बने पिंक शौचालयों को कागजों में नया दिखाकर निर्माण वर्ष 2021 में कर दिया गया। ईंट लगी न सीमेंट बस बन गया शौचालय। यही है भाजपा का हवाई विकास। सच्चाई यही है कि प्रदेश में भाजपा ने एक भी योजना को धरती पर नहीं उतारा है।

## अखिलेश को दिखाई और सुनाई नहीं देताः सिद्धार्थ नाथ



**लखनऊ।** योगी सरकार के मंत्री और सरकार के प्रवक्ता सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा है कि ब्रह्मलीन महंत नरेंद्र गिरी के मामले में न शासन चुप और न प्रशासन मौन लेकिन सपा मुखिया अखिलेश यादव को कुछ सुनाई और दिखाई नहीं देता। ब्रह्मलीन महंत नरेंद्र गिरि के मामले से संबंधित जो गिरफ्तारियां हुई हैं। सरकार ने बिना देर किए सीबीआई जांच की जो सिफारिश की है। अखिलेश ने अपने ट्वीट में लिखा है कि शासन की चुप्पी, प्रशासन का मौन पूज्य स्वर्गीय नरेंद्र गिरि जी को माननेवालों के लिए गहरे अवसाद का कारण बन रहा है। सत्य का प्रकाशन, शासन की प्राथमिकता होनी चाहिए न कि सत्य का आच्छादन। इसके जवाब में सिद्धार्थ नाथ ने कहा कि अखिलेश जी पूर्व मुख्यमंत्री और एक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की मर्यादा का तो ख्याल रखिए। लाश पर राजनीति आपको शोभा नहीं देती। यह काम तो गिद्धों का है। आपको भाजपा का कोई भी अच्छा काम दिखता नहीं है तो दोष आपका है। थोड़ा धैर्य रखना सीखें। इस अधीरता से सत्ता में आने का आपका ख्वाब पूरा होने से रहा। अलबत्ता जगहंसाई जरूर होगी हो भी रही है।

## हाईकोर्ट व सचिवालय के कर्मियों से सम्मानजनक व्यवहार करे पुलिस-प्रशासन

**लखनऊ।** शासन ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पुलिस प्रशासन के लोगों द्वारा सम्मानजनक व्यवहार करने एवं उनसे संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण किए जाने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से परिपत्र जारी किया गया है। राज्य के सभी मंडलायुक्त, पुलिस आयुक्त, जिलाधकारी और पुलिस कप्तानों को दिए गए निर्देश में अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय प्रदेश की सर्वोच्च संस्थाएं है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों की कार्यालयी व्यस्तता के कारण उनके द्वारा अपने प्रकरणों की पैरवी के लिए समयाभाव रहता है। अतएव उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खण्डपीठ लखनऊ तथा उप्र सचिवालय के समस्त अधिकारियोंए कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किये जाना तथा उनसे संबंधित प्रकरणों में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए संवेदनशीलता एवं उदारता पूर्वक समयबद्ध निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करे।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का संकल्प पत्र वितरण अभियान आज से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने हर ज़िले में शुक्रवार से एक महीने तक चलने वाले संकल्प पत्र वितरण अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की। 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर शुक्रवार को प्रत्येक विधान सभा की 6 बड़ी मस्जिदों में नमाज़ बाद ये संकल्प पत्र बांटे जाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज़ आलम ने बताया कि 6 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस प्रांगण में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन संकल्प सम्मेलन में पास 16 सूत्रीय संकल्प पत्र को इस अभियान के तहत हर मुस्लिम मुहल्ले तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के 8432 मस्जिदों को चिन्हित किया गया है। इस अभियान से 25 लाख लोगों तक इसे पहुंचाया जाएगा। सभी प्रदेश पदाधिकारी अपने प्रभार ज़िलों में रुक कर इसे मॉनिटर करेंगे। शाहनवाज आलम ने बताया कि 6 सितंबर को अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प सम्मेलन में पास 16 सूत्रीय बिन्दु उत्तर प्रदेश की राजनीति को बदलने वाला साबित होने जा रहे हैं। जिसे कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार पीड़ितों के लिए मरहम साबित हो रहे हैं साइबर क्राइम थाने

● 18 रेंज में साइबर क्राइम थानों ने अब तक पीड़ितों के खाते में वापस कराए 2 करोड़ 2 लाख 35 हजार 407 रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल साइबर क्राइम की चुनौतियों को काफी गंभीरता से लिया है। उनके प्रयासों का नतीजा है कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में प्रदेश के साइबर क्राइम थाने पीड़ितों के लिए मरहम साबित हो रहे हैं। इन थानों द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर आनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ितों के खातों में ठगी के रुपए वापस कराने में व्यापक सफलता प्राप्त की गयी। प्रवक्ता ने बताया कि 15 से 30 सितंबर तक पुलिसकर्मियों को साइबर क्राइम के प्रति प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। विगत वर्षों में साइबर ठगों द्वारा सुदूर राज्यों में बैठकर आनलाइन साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के अपराध के सम्बन्ध में साइबर क्राइम उप्र पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए यथा सम्भव आनलाइन साइबर ठगी से पीड़ित व्यक्तियों के ठगे गये रुपए वापस कराए गए। अभी तक 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों द्वारा अभियोगो से सम्बन्धित प्रकरणों में कुल 20235407 रुपए पीड़ित के खातों में बरामद कराए गए हैं तथा 50099534 रुपए बैंकों में फ्रीज कराये गये हैं। साइबर अपराधों से बचाव के लिए जरूरी निर्देश साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 155260-112 पर दें जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके। साइबर अपराध एनसीआरपी पोर्टल की वेबसाइट पर दर्ज करें।

खाते में केवाईसी अपडेट कराने के लिए बैंको द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीवीए पिन नम्बर नहीं मांगी जाती है। किसी के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी बेवसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जनकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह जांच लें। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभागए कम्पनियों के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। अज्ञात व्यक्ति, अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

# यूपी में 54 फीसदी लोगों मिली वैक्शीन की पहली खुराक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** टीकाकरण के लिए पात्र लोगों में से 54 फीसदी को टीके की पहली खुराक मिल गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक यूपी में टीके की पहली खुराक पाने वालों का आंकड़ा 8 करोड़ के पार हो गया जबकि 178 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। इसके साथ ही प्रदेश 9 करोड़ 85 लाख से अधिक वैक्सीन लगाने वाला पहला राज्य बन गया है।

प्रदेश में कोविड की रोकथाम के लिए जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट के मंत्र से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यूपी में कोरोना संक्रमण किस कदर कमजोर पड़ चुका है। बीते 24 घंटों में हुई टेस्टिंग से सहज ही लगाया जा सकता है। विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 20 हजार 65 सैम्पल टेस्टिंग में मात्र 11 नए मरीजों मिले। इसी अवधि में 20 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। ताजा स्थिति के मुताबिक प्रदेश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 186 रह गई है। प्रदेश के 30 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 69 ज़िलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 7 करोड़ 71 लाख 45 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 644 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। संक्रमण की न्यूनतम दर पर सन्तोष जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नियोजित प्रयासों से कोरोना की दूसरी लहर पर बने प्रभावी नियंत्रण के बीच जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है।

# एनआरएचएम से बड़ा है जल जीवन मिशन घोटालाः संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और सांसद संजय सिंह ने जल जीवन मिशन के महाघोटाले को एनआरएचएम से कई गुना बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने एक नया खुलासा करते हुए बताया कि मिशन का काम करने वाली सभी 21 कंपनियां समीक्षा बैठक में फेल पाई गईं हैं। पार्टी द तर पर पत्रकारों से बात करते हुए संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने जो आरोप लगाए थे वो धीरे धीरे मिशन खुद प्रमाणित कर रहा है। पहले मिशन के इंजीनियरों ने अपनी चिट्ठियों में लिखा कि कैसे स्वीकृत दरों से 30 से 40 प्रतिशत ज्यादा दरों पर टेंडर दिए गए हैं। यही नहीं उनकी चिट्ठियों से ये भी साफ हो गया है कि कैसे उनकी वित्तीय शक्तियों को भी 1 करोड़ से आनन फानन आदेश जारी करके 5 करोड़ तक कर दिया गया। संजय सिंह ने ये भी बताया कि कैसे इंजीनियरों की चिट्ठियों के दबाव में मिशन के अधिशाषी निदेशक अखण्ड प्रताप सिंह ने बीती 21 अगस्त को जल निगम के प्रबंध निदेशक को एक पत्र लिखकर विभाग द्वारा स्वीकृत दरों की नई सूची मंगाया मतलब जिन बढ़ी दरों पर काम बांटे गए उसको सही ठहराने के लिए जल निगम से ही दरों को संशोधित कराकर बढ़ी दरों के बराबर लाने के कुत्सित प्रयास किए गए। संजय ने कहा कि आरोपों पर मंत्री महेंद्र सिंह ने सफाई दी थी कि मिशन में काम अव्वल दर्जे का हो रहा है। काम की गुणवत्ता मापने के लिए उन्होंने थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराने के भी निर्देश दिए थे लेकिन थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन के काम में भी घोटाला हो गया जहां अन्य राज्यों में 0.5 परसेंट तक में टीपीआई का काम कराया जा रहा है वहीं यहां करीब 1.33 प्रतिशत की ज्यादा दरों पर कराया जा रहा मतलब इस काम में भी हजारों का घोटाला किया गया। संजय सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पेयजल का काम करने वाली 21 कंपनियों के कामकाज को लेकर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष एवं प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बीती 25 अगस्त को ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में क्रियान्वित हो रही प्रथम एवं द्वितीय चरण की विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

## तत्काल बने वन नेशन वन हेल्थ पॉलिसीः आरएलडी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**टीम** आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने गुरुवार को केंद्र सरकार की बहु प्रचारित महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना को धरातल पर धराशाई बताते हुए सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इस योजना को सिर्फ प्रचार-प्रसार और वाहवाही लूटने के लिए ही लागू किया गया था। अन्यथा क्या कारण है कि विगत 3 वर्षों में यह योजना अपनी अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। अनुपम मिश्रा ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि निरूसंदेह आयुष्मान योजना एक बड़ा नीतिगत कदम है लेकिन कोरोना महामारी के समय इसकी तमाम विसंगतियां धरातल पर देखने को मिली। यदि आयुष्मान योजना के अंतर्गत 20.32 लाख नमूनों की जांच की गईए जिसमें से 7.08 लाख गरीब परिवार ही अस्पतालों में भर्ती हुए जबकि कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 3.5 करोड़ से अधिक है और मरने वालों की संख्या 4.5 लाख से अधिक है। इससे पता चलता है कि महज 2 फीसद कोरोना पीड़ितों को आयुष्मान योजना का लाभ मिला। मिश्रा ने हैरानी जताते हुए कहा कि जब लगभग 23000 अस्पताल इस योजना से संबंध हैं तब कोरोना पीड़ितों को समुचित इलाज क्यों नहीं मिल पाया?

# सिंगापुर की कंपनियां निवेश की इच्छुक, भूमि उपलब्ध कराने के लिए दिया प्रस्ताव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सतीश महाना से सिंगापुर के उच्चायुक्त के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने की भेंट

**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना से विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग वी कुन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टक, इंट्रीग्रेटेड टाउनशिप एवं डाटा सेंटर के क्षेत्र में निवेश करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर की दो कंपनियां नोएडा में डाटा सेंटर की स्थापना करना चाहती हैं। साथ ही एक अन्य कंपनी कानपुर में एग्रो के क्षेत्र में निवेश की इच्छुक है। इसके अलावा वाराणसी में भी निवेशक स्किल सेंटर के क्षेत्र में निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने उद्यम स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया।

सिंगापुर के प्रतिनिधि मण्डल ने अवगत कराया कि सिंगापुर के निवेशक यूपी में एमएसएमई के क्षेत्र में निवेश के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच व्यापारिक रिश्ते काफी मजबूत हैं। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र के विकास में सिंगापुर के उद्यमी अपना अहम योगदान दे सकते हैं। लॉजिस्टिक, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं। सिंगापुर के उद्यमी ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से काफी प्रभावित हैं। दादरी एवं जेवर का मास्टर प्लान उद्यमियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में विश्व की बहुत सी इलेक्ट्रानिक कंपनियां चीन से बाहर जा रही हैं। उत्तर प्रदेश ऐसी कंपनियों को अपने यहां आकर्षित करने के लिए बेहतर विकल्प साबित होगा। प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। यहां उद्योग लगाने पर आसानी से दक्ष कारीगर उपलब्ध होंगे और निवेशकों को बड़ा उपभोक्ता बाजार भी मिलेगा।

प्रदेश में आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं को बेहतर विकास हुआ है। इसके फलस्वरूप उप्र सिंगापुर के निवेशकों के लिए नम्बर वन हाट-स्पाट बन गया है। महाना ने कहा कि सरकार निवेशकों को हर प्रकार की सहूलियत एवं सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। जिसके कारण कई देशों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और शीघ्र ही बहुत से क्षेत्रों में उद्योग स्थापित होने की संभावना है। सिंगापुर के साथ भी निवेश के विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क एवं वायु परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया गया है। डिमाण्ड एवं सप्लाई चेन को मजबूत किया गया है। निवेश को आकर्षित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की गई है।

## सिंगापुर के उच्चायुक्त ने की मुख्य सचिव से मुलाकात

**लखनऊ।** मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी से सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। इस मौके पर मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के कारण दुनियाभर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल हो रहा है। प्रदेश निवेशकों को अनुकूल एवं भयमुक्त वातावरण प्रदान कर रहा है। प्रदेश में 21 नई इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली नीतियाँ लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता की हुगली नदी से वाराणसी तथा प्रयागराज तक जलमार्ग भी बहुत तेजी से विकसित किया जा रहा है जिससे उद्योगों को और अधिक गति मिलेगी। प्रदेश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है तथा उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में स्किल्ड मैन पावर भी उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग के नेतृत्व में आये प्रतिनिधिमण्डल को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये तथा सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमोन वॉन्ग ने मुख्य सचिव को एक पुस्तक भेंट की।

## किसान-नौजवान-पटेल यात्रा का लखनऊ पहुंचने पर जोरदार स्वागत

**लखनऊ।** सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में चल रही किसान-नौजवान-पटेल यात्रा लखनऊ पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनता ने जोरदार स्वागत किया। मोहनलालगंज, गोसाईगंज, खुर्दही बाजार, चक गंजरिया, अर्जुनगंज में विभिन्न स्थलों पर आयोजित जन समुदाय को संबोधित करते हुए नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि बीजेपी का एजेंडा विकास विरोधी है। भाजपा सरकार ने साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल में किसानों और नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। सरकार की नीतियां समाज विरोधी भी है। समाज में हिंसा, अराजकता, भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता बीजेपी सरकार के कुशासन से त्रस्त है। यूपी में प्रगति और समृद्धि समाजवादी सरकार ही ला सकती है। 2022 में श्री अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने पर ही सबको न्याय और सम्मान मिलेगा।

# शिवसेना ने गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों की तुलना दुष्ट हाथी से की

**भाषा।** मुंबई



**शिवसेना** ने महाराष्ट्र सहित गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों की तुलना दुष्ट हाथी से की और आरोप लगाया कि वे अपने पैरों तले लोकतांत्रिक संविधान, कानून और राजनीतिक संस्कृति को कुचल रहे हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का नाम लिए बगैर पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना में यह आरोप भी लगाया कि केंद्र उन राज्यों की सरकारों को अस्थिर करने के लिए राज्यपालों का इस्तेमाल कर रहा है जहां भाजपा की सरकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिवसेना नीत महा विकास आघाडी सरकार का राज्यपाल कोश्यारी के साथ असहज संबंध है। कोश्यारी अन्य मुद्दों के अलावा राज्य सरकार के कोटा से 12 विधान पार्षदों की नियुक्ति को मंजूरी देने में विलंब करने के मुद्दे पर भी प्रदेश सरकार के निशाने पर हैं। शिवसेना ने कहा, गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपाल दुष्ट हाथी की तरह हैं और उनके महावत नई दिल्ली में बैठे हुए हैं। इस तरह के हाथी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, कानूनों, राजनीतिक संस्कृति को अपने पैरों तले कुचल रहे हैं और नए मानक गढ़ रहे हैं। संपादकीय में सवाल किया गया कि यह कितना उचित है कि राज्यपाल गैर भाजपा दलों की राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। शिवसेना ने कहा कि इस तरह के प्रयास से देश की एकता प्रभावित हो रही है और यह आग से खेलने जैसा है।

## उद्धव अच्छा काम कर रहे हैं : भाजपा विधायक

**ठाणे।** महाराष्ट्र में भाजपा की विधायक मंदा म्हात्रे ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तारीफ करते हुए कहा कि वह राज्य में अच्छा काम कर रहे हैं। राज्य में विपक्षी दल की विधायक ने बुधवार को नवी मुंबई में पत्रकारों से यह भी कहा कि जब भी विपक्षी पार्टी समेत कोई भी व्यक्ति किसी भी काम के लिए ठाकरे से संपर्क करता है तो वह ध्यान से उसकी बात सुनते हैं और उपयोगी सलाह देते हैं। म्हात्रे ने कहा, मुख्यमंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठाकरे ने नवी मुंबई में एक सुपर स्पैशेलिटी अस्पताल की मंजूरी दे दी है जिससे नागरिकों को काफी मदद मिलेगी।

इसने कहा कि याद रखा जाना चाहिए कि इस तरह का काम करने से अपना ही हाथ जल जाता है।

# टीएमसी कार्यालय के बाहर कतार में खड़े हैं भाजपा नेता: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से कई नेताओं के भारतीय जनता पार्टी में जाने के बीच राज्य की सत्ताधारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर उनका संगठन अपने दरवाजे खोल देता है, तो भगवा खेमा कुछ ही समय में ढह जाएगा। मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली में बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा नेता, ज्यादातर विधायक, टीएमसी कार्यालय के सामने कतार में लगे हुए हैं, जिसके दरवाजे बंद हैं। उन्होंने कहा, हमने दरवाजे बंद रखे हैं। अगर दरवाजे खुले तो भाजपा निश्चित रूप से ढह जाएगी। समसेरगंज विधानसभा क्षेत्र में 30 सितंबर को मतदान होना है।

डायमंड हार्बर के सांसद ने आगे कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने मार्च-अप्रैल में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान बाहरी लोगों को भगा दिया और वह आगामी चुनावों में फिर से ऐसा करेगी।

टीएमसी अक्सर भाजपा का बाहरी लोगों की पार्टी कहती है। बनर्जी ने कहा, इन बाहरी लोगों को फिर से सबक सिखाने की जरूरत है आगामी चुनावों में भगवा पार्टी की हार होगी। जहां भी भाजपा सत्ता में होगी, हम वहां जाएंगे और पार्टी को उखाड़ फेंकेंगे। सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि त्रिपुरा में भाजपा सरकार ने उन्हें रैलियां करने से रोकने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा, त्रिपुरा में आदेश कब तक लागू रहेगा? टीएमसी त्रिपुरा में निश्चित रूप से जीत दर्ज करेगी। लोग देखेंगे कि टीएमसी अगले तीन महीनों में क्या हासिल कर सकती है। त्रिपुरा में 2023 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। टीएमसी ने समसेरगंज सीट से अमीरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है।



पूर्वी मिदनापुर में दीघा बीच पर समुद्र का नजारा लेते हुए पर्यटक।

## पुडुचेरी से भाजपा उम्मीदवार का राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना तय

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी से राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एस सेल्वगणपति का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सिर्फ उनका नामांकन ही सही पाया गया।विधानसभा के सचिव और चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी आर मौनीसामी ने कहा कि पांच निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन आज जांच के अंत में खारिज कर दिए गए क्योंकि उनके नामांकन के लिए आवश्यक संख्या में प्रस्तावक नहीं थे।उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश से सेल्वगणपति के निर्विरोध राज्यसभा सदस्य के रूप में चुने जाने की आधिकारिक घोषणा 27 सितंबर को की जाएगी। 27 सितंबर को नामांकन वापस लेना का अंतिम दिन है। भाजपा ने पुडुचेरी के पूर्व मनोनीत विधायक सेल्वगणपति को एआईएनआरसी के समर्थन से अपना उम्मीदवार बनाया था।

# रास उपचुनाव: फडणवीस से मिले कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के नेता

**मुंबई।** कांग्रेस की महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष नाना पटोले और राज्य के राजस्व मंत्री बालासाहेब थोराट ने विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेन्द्र फडणवीस से बृहस्पतिवार को भेंट की और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी से अनुरोध किया कि वह अपनी उम्मीदवारी वापस ले ले ताकि राज्यसभा की सीट पर अगले महीने होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो सकें। राज्यसभा में कांग्रेस के सदस्य राजीव सातव की मृत्यु के कारण यह उपचुनाव हो रहा है। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ गठबंधन की सरकार में शामिल कांग्रेस ने रजनी पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं भाजपा ने संजय उपाध्याय को अपना प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा की इस सीट के लिए उपचुनाव चार अक्टूबर को होने वाला है।

कांग्रेस के एक सूत्र ने बताया, थोराट और पटोले ने फडणवीस से भेंट की ताकि वे भाजपा को अपना प्रत्याशी वापस लेने के लिए मना सकें और कांग्रेस उम्मीदवार को निर्विरोध जीत मिल सके। नामांकन पत्रों की छंटनी बृहस्पतिवार को होनी है और नाम 27 सितंबर तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता होने पर चार अक्टूबर को मतदान और उसके तुरंत बाद वोटों की गिनती होगी। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा में भाजपा के पास सबसे ज्यादा 106 विधायक हैं। शिवसेना के पास 56, राकांपा के 53, कांग्रेस के 43, बहुजन विकास आघाडी के तीन, समाजवादी पार्टी के दो, एआईएमआईएम के दो, प्रहार जनशक्ति पार्टी के दो, मनसे का एक, भाकपा का एक, स्वाभिमानी पार्टी का एक, राष्ट्रीय समाज पक्ष का एक, क्रांतिकारी सेतकारी पार्टी का एक, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी का एक, जनसुराज्य शक्ति पार्टी का एक और 13 निर्दलीय विधायक हैं।

## कोर्ट ने आयोग को हलफनामा दायर करने की अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भबानीपुर उपचुनाव के लिए जारी अधिसूचना की सामग्री को लेकर निर्वाचन आयोग को हलफनामा दायर करने की अनुमति बृहस्पतिवार को दी। अदालत एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अनुरोध किया गया था कि वह उपचुनाव की प्रक्रिया में हस्तक्षेप करे क्योंकि निर्वाचन आयोग ने कथित रूप से कहा था कि भबानीपुर में उपचुनाव नहीं कराने से संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है। अर्जी में दावा किया गया है कि चुनाव आयुक्त ऐसा बयान नहीं दे सकता है। चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता ने याचिकाकर्ता के वकील बिकास भट्टाचार्य की दलीलों के आलोक में चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के दो पैराग्राफ की सामग्री पर हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति राजश्री भारद्वाज की खंड पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

# वसुंधरा ने नदी परियोजना को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने अपने कार्यकाल की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक द्रव्यवती नदी परियोजना में कथित अव्यवस्था को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय जनहित के नजरिए से देखें।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने ट्वीट किया, द्रव्यवती रिवर फ्रंट ना सिर्फ हमारी भाजपा सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना थी, बल्कि जयपुर के लाखों लोगों की उम्मीद भी थी। इसके लिए हमने एक संकल्प लिया तथा हम 1,400 करोड़ रुपए की लागत से एक गंदे नाले को सुंदर एवं स्वच्छ नदी के रूप में परिवर्तित करने की दिशा में आगे बढ़े। इस परियोजना का कार्य पूरा होते ही करीब 47 किलोमीटर लम्बे रिवर फ्रंट (नदी किनारे का क्षेत्र) के रूप में एक नए, खूबसूरत एवं स्वच्छ जयपुर की छवि निखर कर सबके सामने आई थी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की संवेदनहीनता एवं लापरवाही के चलते द्रव्यवती परियोजना भी अब अव्यवस्था का शिकार हो गया है। भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने लिखा है, मेरा राज्य सरकार से आग्रह है कि द्रव्यवती रिवर फ्रंट परियोजना को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय जनहित के नजरिए से देखें, ताकि यह परियोजना पर्यटन स्थल के रूप में देश और दुनिया में एक उदाहरण बन सके तथा जयपुर की सुंदरता में चार चांद लगा सके।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शरद रणपिसे का निधन

**पुणे।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधान परिषद में पार्टी के नेता शरद रणपिसे का बृहस्पतिवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। सूत्रों ने इस आशय की जानकारी दी। पार्टी नेता ने बताया कि कुछ दिन पहले रणपिसे (71) को दिल का दौरा पड़ा था और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। महाराष्ट्र कांग्रेस ने ट्वीट किया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद में समूह के नेता शरण रणपिसे के निधन से कांग्रेस को बहुत क्षति पहुंची है। पार्टी ने एक अध्ययनशील व्यक्तित्व को खो दिया है।

### भारतीय मछुआरों की नौका एवं जाल क्षतिग्रस्त

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंकाई नौका के कथित हमले में यहां भारतीय मछुआरों की नौकाएं एवं मछलियां पकड़ने के उनके जाल क्षतिग्रस्त हो गए। तमिलनाडु मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कच्चातीवु के निकट बुधवार देर रात हुई, जब करीब 10 गश्ती नौकाओं में आए श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने शीशे की बोतलें एवं पत्थर फेंके।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः EL-MWS-GKP-2021-22-09

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैं जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **निविदा सं. एवं कार्य का विवरणः EL-MWS-GKP-2021-22-09** प्रोविजन आफ एडिसनल मोबाइल चार्जिंग प्वाइन्ट इन एल.एच.बी. ए.सी. एण्ड एल.एच.बी. नान ए.सी. कोचेज आफ एन.ई., एन.सी. एण्ड ई.सी. रेलवे इन मैकेनिकल वर्कशाप गोरखपुर। **अनुमानित लागत (₹):** 3,52,69,795.57, **बयाने की राशि (₹):** 0.0, **ई-निविदा फार्म का मूल्यः** ₹ 000/-, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि सेः** 12 माह। • आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 18.10.2021 समय 15:30 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर(कार.)
मुजाथि/विद्युत-48 गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल न. 09794845955 पर SMS करें।

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''



जम्मू में युवा राजपूत सभा के सदस्य महाराजा हरि सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर रैली निकालते हुए।

# पाक सेना प्रमुख बाजवा पर बलूनी और रावत में जुबानी जंग

**देहरादून।** कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब प्रभारी हरीश रावत द्वारा हाल में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को प्रा (पंजाबी भाषा में भाई) कहे जाने पर भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने कड़ी आपत्ति जताई है और इससे दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है।उत्तराखंड से राज्यसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक ऐसे व्यक्ति को भाई कहा जा रहा है जिसके हाथ भारतीयों और उत्तराखंड के वीर जवानों के खून से रंगे हैं। उन्होंने रावत से कहा, आप देवभूमि के रहनेवाले हैं। यहां के प्रत्एक घर से ोई न कोई सेना में है। इस तरह का देकर आप तुष्टीकरण की किस तरह की राजनीति कर रहे हैं, किस तरह के वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा सांसद ने कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की प्रशंसा करने को लेकर भी रावत आलोचना की।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतरर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स स्टेन कार्स प्राइवेट लिमिटेड/ श्री अनिल कुमार मल्होत्रा/श्री राघव मल्होत्रा/ श्री प्रशांत मल्होत्रा/ स्टेन ऑटो प्राइवेट लिमिटेड/श्रीमती सीमा मल्होत्रा/ ओम प्रकाश विज/ खाता संख्या- 631960001476/ 010251006926/ 010260000397/ 631951000018 | एच नंबर 542 सेक्टर 15- ए, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद/ 21 सितंबर, 2021 | जून 24, 2021 ₹ 12,80,87,904.80/- | दिल्ली/ एनसीआर पंजाब |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांकः सितम्बर 24, 2021
स्थानः दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## तेलंगाना में करीब 14 माओवादी मिलिशिया ने आत्मसमर्पण किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडम जिले में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) से संबंधित 14 लोगों ने बृहस्पतिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि 14 में से एक लड़की समेत तीन लोग नाबालिग है जो प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के लिए मिलिशिया सदस्य के तौर पर काम करते थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे पार्टी के लिए काम नही करना चाहते थे, फिर भी उन्हे इसमे शामिल होने के लिए मजबूर किया गया और उन्हे प्रशिक्षण लेना पड़ा।भद्राद्री कोठागुडम जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील दत्त ने बताया, प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) पार्टी ने उन्हे बैठकों में भाग लेने, ग्रामीणों से राशन और जरूरी वस्तुओं को इकट्ठा करने के लिए मजबूर किया। वे माओवादी पार्टी कैडर के रवैए से तंग आ चुके थे और मुख्यधारा में शामिल होना चाहते थे।

## मोइली को प्रशांत के कांग्रेस में आने से कोई आपत्ति नहीं

**बेंगलुरु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली ने चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर के कांग्रेस में संभावित प्रवेश का बृहस्पतिवार को स्वागत किया और कहा कि उन्हे किशोर को महत्वपूर्ण पद दिए जाने पर कोई आपत्ति नही है। मोइली ने यहां एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा, प्रशांत किशोर 99 प्रतिशत सफलता दर वाले चुनाव रणनीतिकार है और उन्होंने स्वेच्छा से हमारे साथ सहयोग करने को कहा है। (किशोर को पार्टी में लाने की) प्रक्रिया जारी है। उन्होने किशोर के पार्टी में आने और अन्य आंतरिक सुधारों को कांग्रेस का पुनरुत्थान करार दिया। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री से पूछा गया कि यदि किशोर को पार्टी में बड़ी भूमिका दी जाती है तो उन्हें कोई आपत्ति तो नही है।मोइली ने कहाकि मुझे कोई आपत्ति नही है।

# विनी महाजन को हटा अनिरुद्ध तिवारी मुख्य सचिव नियुक्त

**चंडीगढ़।** चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने बृहस्पतिवार को विनी महाजन को हटाकर उनकी जगह अनिरुद्ध तिवारी को मुख्य सचिव नियुक्त किया है। तिवारी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1990 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास, अतिरिक्त मुख्य खाद्य प्रसंस्करण, अतिरिक्त मुख्य सचिव बागवानी और अतिरिक्त मुख्य सचिव शासन सुधार एवं लोक शिकायत का पदभार संभाल रहे हैं। 1987 बैच की अधिकारी महाजन को पिछले साल अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था और वह राज्य में इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी थीं। महाजन को अमरिंद सिंह का करीबी माना जाता है, जिन्होंने पिछले हफ्ते कांग्रेस में सत्त ा संघर्ष के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

महाजन का पदस्थापन आदेश बाद में जारी किया जाएगा। आदेश के अनुसार, रवनीत कौर (1988 बैच-आईएएस अधिकारी), संजय कुमार (1988-बैच), वी के जंजुआ (1989-बैच) और कृपा शंकर सरोज (1989-बैच) को तत्काल प्रभाव से विशेष मुख्य सचिव के रूप में नामित किया गया है। सरकार बदलने के बाद नौकरशाहों का तबादला तय माना जा रहा था। पुलिस महानिदेशक के तबादले की अटकलें भी तेज हैं। गुप्ता महाजन के पति हैं। चन्नी के नेतृत्व वाली सरकार ने मंगलवार को नौ आईएएस और दो पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया था। इससे पहले, इसने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और विशेष प्रमुख सचिव का तबादला किया था। कांग्रेस ने रविवार को चरणजीत सिंह चन्नी को राज्य के कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना था। उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## बेंगलुरू में विस्फोट में तीन लोगों की मौत

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू में बृहस्पतिवार की दोपहर को एक विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेंगलुरू दक्षिण के पुलिस उपायुक्त हरीश पांडेय ने यहां पत्रकारों को बताया, पंक्चर ठीक करने की एक दुकान के साथ बने एक परिवहन गोदाम में विस्फोट हुआ। तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि थारागुपेट इलाके में हुए विस्फोट के पीड़ितों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कुछअस्थिर रसायन के कारण विस्फोट हुआ जो एक औद्योगिक खेप का हिस्सा था। पांडेय नेबताया, विस्फोट की जांच की जा रही है। यह न सिलेंडर विस्फोट था और न ही पटाखे से हुआ विस्फोट या शॉर्ट सर्किट से हुआ विस्फोट था। कम्प्रेसर के टुकड़े भी नहीं मिले। उन्हेंने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ विस्फोट की वजह पर अपनी राय देंगे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी (नैनीताल)**
(Phone/Fax): 05946-223352 E-mail : ee_ndhal@rediffmail.com

पत्रांक : 2811/2 ए.सी. दिनांक : 21.09.2021

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 07.10.2021 को आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.10.2021 से दिनांक 06.10.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 07.10.2010 अपराह्न 03.00 बजे तक निम्नांकित कार्यालयों में निविदा बॉक्स में डाले जा सकते हैं। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि एन.एस.सी., डाकघर बचत बैंक पास बुक अथवा भारत मे किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हल्द्वानी के पदनाम से बन्धक हो, लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रु. 100/- के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर रु. 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।

1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो.नि.वि., नैनीताल 2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., हल्द्वानी। 3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., रामनगर 4- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., रूद्रपुर।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹) | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मा. मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-326/2020 के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र-हल्द्वानी के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सड़कों का पुन निर्माण/ मरम्मत का कार्य (ओके होटल से कमिश्नर आवास तक) डी.बी.एम./ बी.सी. द्वारा सुधारीकरण का कार्य। | 48000.00 | 2000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |
| 2. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र-लालकुआं में गौलागेट खुरियाखत्ता मुख्य मार्ग से उम्मेद शाही, प्रकाश शाही से नैन सिंह आदि के घर तक मार्ग का पी.सी. द्वारा नवनिर्माण का कार्य। | 45500.00 | 2000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |
| 3. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र-लालकुआं के अन्तर्गत ग्राम सभा धनपुर, तुलारामपुर व हरिपुर बच्ची के आन्तरिक मार्गों का पी.सी. द्वारा नवनिर्माण कार्य। | 48500.00 | 2000.00 + GST | 120 दिन | 04 माह | डी एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 08.10.2021 को अपराह्न 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., हल्द्वानी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
हल्द्वानी (नैनीताल)।

पायनियर

नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 सितंबर, 2021



# शेयर बाजारों में रिकार्ड तेजी

## चौतरफा लिवाली से सेंसेक्स में 958 अंक का उछाल, बाजार नई ऊंचाई पर

भाषा। मुंबई

**देश के** शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 958 अंक उछलकर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बंद हुआ। फेडरल रिजर्व के मासिक बांड खरीद कार्यक्रम में कमी लाने के संकेत के बावजूद वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती से भी कारोबारी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 958.03 अंक यानी 1.63 प्रतिशत के उछाल के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 59,885.36 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 276.30 अंक यानी 1.57 प्रतिशत उछलकर रिकार्ड 17,822.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 17,843.90 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 5.15 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में बजाज फिनसर्व रहा। इसके अलावा एल एंड टी, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडसइंड बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही।कुल तेजी में सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले आरआईएल, एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक का योगदान करीब आधा रहा। केवल पांच शेयर डा. रेड्डीज, आईटीसी, नेस्ले इंडिया, एचयूएल और भारती एयरटेल में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज



के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख और रियल्टी, धातु तथा बैंक शेयरों की अगुवाई में तेजड़िए बाजार पर हावी रहे। फेडरल रिजर्व के नवंबर में मासिक बांड खरीद कार्यक्रम में कमी लाने की संभावना और प्रक्रिया 2022 के मध्य में समाप्त करने की सूचना के बावजूद वैश्विक बाजारों में रुख कुल मिलाकर सकारात्मक रहा। उन्होंने कहा, हालांकि निवेशकों को अभी चीनी अर्थव्यवस्था को लेकर स्पष्टता का इंतजार है। रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग बढ़ने के साथ इस क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। क्षेत्रवार बीसई रियल्टी, बैंक, ऊर्जा, वित्त, पूंजीगत सामान और औद्योगिक सूचकांक 8.71 प्रतिशत तक मजबूत हुए। हालांकि, दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों का शेयर सूचकांक (एफएमसीजी) नुकसान में रहा।बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप (मझोली और छोटी कंपनियों के सूचकांक) 1.28 प्रतिशत मजबूत हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बांड खरीद कार्यक्रम में कमी के बयान के बाद भी वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख रहा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक बांड खरीद में नवंबर से कमी कर सकता है और अगले साल नीतिगत दर में वृद्धि के भी संकेत दिए। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई और हांगकांग लाभ में रहें जबकि सियोल में गिरावट रही। जापान का बाजार अवकाश के कारण बंद था। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत फिसलकर 76.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 23 पैसे की तेजी के साथ 73.64 पर बंद हुई। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार निवेशक बुधवार को पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने ।,943.26 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## एलआईसी एचएफएल ने दो करोड़ रुपए तक के आवास ऋण की दर 6.66 प्रतिशत की

एजेंसी। मुंबई

**एलआईसी हाउसिंग** फाइनेंस (एलआईसी एचएफएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि दो करोड़ रुपए तक के आवास ऋण के लिए अब न्यूनतम 6.66 प्रतिशत ब्याज देय होगा। एलआईसी एचएफएल ने इससे पहले जुलाई में आवास ऋण की 50 लाख रुपए तक राशि के लिए 6.66 प्रतिशत की ब्याज दर की पेशकश की थी। एलआईसी एचएफएल ने एक बयान में कहा कि यह दर 700 या उससे अधिक के सिबिल स्कोर वाले सभी कर्ज लेने वालों के लिए उपलब्ध है, चाहे उनका पेशा कुछ भी हो। यह दर 22 सितंबर से 30 नवंबर 2021 तक स्वीकृत ऋणों के लिए है।

## क्विक न्यूज

### जेएसपीएल को ओडिशा में 27.8 करोड़ टन की कासिया लौह अयस्क खदान मिली

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने ओडिशा में कासिया लौह अयस्क ब्लॉक हासिल किया है। जेएसपीएल ने एक बयान में कहा कि 27.8 करोड़ टन भंडार वाली यह खदान राज्य के बारबिल में कंपनी के पेलेट संयंत्र से लगभग 17 किलोमीटर की दूरी पर है। कंपनी ने बताया कि इस समय कासिया खदान में प्रति वर्ष 75 लाख टन खनिज उत्खनन के लिए पर्यावरण मंजूरी (ईसी) मिली है। कंपनी ने बताया, जेएसपीएल को कासिया आयरन और डोलोमाइट खदान का खनन पट्टा मिलने के संबंध में ओडिशा सरकार से आधिकारिक रूप से सूचना मिली है। जेएसपीएल को 118.10 प्रतिशत प्रीमियम पर खदान के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया। इस खदान की नीलामी 18 सितंबर 2021 को आयोजित की गई थी।

### विस्तारा सात नवंबर से दिल्ली-पेरिस के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी

**मुंबई ।** विमानन कंपनी विस्तारा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और फ्रांस के बीच एयर बबल समझौते के तहत वह दिल्ली और पेरिस के बीच सात नवंबर से सीधी उड़ान शुरू करेगी। टाटा संस और सिंगापूर एयरलाइंस द्वारा संचालित विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि नए मार्ग पर उड़ान बोइंग 787-900 (ड्रीमलाइनर) विमान द्वारा संचालित की जाएंगी। दोनों शहरों के बीच सप्ताह में दो दिन बुधवार और रविवार को सीधी उड़ानें चलेंगी। उसने कहा कि दोनों शहरों के बीच की उड़ानों को कंपनी की वेबसाइट, मोबाईल एप्लिकेशन और बिचौलियों समेत अन्य माध्यमों से भी बुक किया जा सकता है। विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेस्ली थंग ने कहा, हम पेरिस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे के लिए उड़ानें शुरू करने को लेकर बहुत खुश हैं। यह कदम हमारे वैश्विक नेटवर्क को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ए उड़ानें हमें यूरोप में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने और दुनिया के सामने भारत की बेहतरीन सेवा पेश करने का मौका देती हैं। विस्तारा के पास कुल मिलाकर 48 विमान है जिनमें 37 एयरबस ए320, तीन एयरबस ए321नियो, छह बोइंग 737-800एनजी और दो बोइंग 787.9 ड्रीमलाइनर एयरक्राफ्ट है।


### भूमि विकास बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों को मिलेगा पांच प्रतिशत अनुदान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने दीर्घकालिक कृषि ऋण लेने वाले काश्तकारों के लिए पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान की योजना लागू की है। इसके अमल में आने पर सही समय पर ऋण चुकाने वाले काश्तकारों को पांच प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण मिल पाएगा।सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना 31 मार्च 2022 तक लागू रहेगी। आंजना ने बताया कि योजना सहकारी भूमि विकास बैंकों से दीर्घ कालीन अवधि के लिए लेने वाले ऋणों पर लागू होगी। उन्होंने बताया कि यह ब्याज दर किसी भी वाणिज्यिक बैंक द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर से सबसे कम है। उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए ऋण की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, लेकिन ब्याज दर अधिक होने के कारण किसान को ब्याज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था और कृषि कार्यों में रुकावट भी पैदा होती थी।एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसानों के हित में फैसला लेते हुए इसे। अप्रैल, 2021 से लागू किया गया है। एक अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि में ऋण लेने वाले सभी किसानों को योजना का लाभ मिलेगा।उन्होंने बताया कि दीर्घकालीन कृषि ऋण 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर देय होता है तथा समय पर ऋण चुकता करने वाले कृषकों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान देकर उन्हें राहत प्रदान की गई है।

### आईटी मंत्रालय की कार्यशाला में इंटरनेट पहुंच बढ़ाने के मसौदे पर चर्चा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यशाला में देश के वंचित और अछूते क्षेत्रों में इंटरनेट उपलब्धता सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा हुई। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि कार्यशाला के दौरान दुनिया की सबसे बड़ी फाइबर आधारित ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी परियोजना भारतनेट की भी समीक्षा की गई। बयान के मुताबिक कनेक्टिंग ऑल इंडियंस नाम से आयोजित कार्यशाला में छूटे हुए भौगोलिक क्षेत्रों और गांवों को तुरंत इंटरनेट आवरण में शामिल करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने की।

## भारत औद्योगिक इंजीनियरिंग अनुसंधान के क्षेत्र में शुरूआती अवस्था में: गोयल



भाषा। मुंबई

**केंद्रीय वाणिज्य** मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत औद्योगिक इंजीनियरिंग अध्ययन और अनुसंधान के क्षेत्र में अभी शुरूआती अवस्था में है। उन्होंने यह भी कहा कि मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए यह क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है।राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान (एनआईटीआईई) के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमें इस मोर्चे पर काफी कुछ करने की जरूरत है और इस क्षेत्र में अवसर भी काफी ज्यादा हैं। रेल मंत्री रहे गोयल ने कहा कि एक समय भारतीय रेलवे को संगठन अनुसंधान के मामले में समाधान प्राप्त करने को परेशानी हो रही थी। यह आईआईटी बाम्बे के समाधान पेश करने तक समस्या बनी रही थी। आईआईटी के कार्यों से रेलवे को मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मामले में उल्लेखनीय मूल्य वर्धन की जरूरत है। इसमें पैकेजिंग को लेकर प्रक्रियाओं में सुधार तथा भंडारण व्यवस्था शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला के लिए शोध और नियोजन केवल निजी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए और हमें सार्वजनिक सेवाओं की डिलिवरी को लेकर भी ऐसे प्रयासों की जरूरत है। इससे पहले, गोयल ने लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। एनआईटीआईई के संचालन बोर्ड के चेयरमैन और अलकार्गो लॉजिस्टिक्स के प्रमुख शशि किरण शेट्टी ने कहा कि संस्थान, आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) और आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) की तरह स्वायत्ता चाहता है और इस मामले में उन्होंने मंत्री से मदद का आग्रह किया।

## सुधारों को लागू करने के लिए उद्योग जगत को सरकार के साथ काम करना चाहिए: नायडू

भाषा। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति एम** वेंकैया नायडू ने बृहस्पतिवार को आयोजित एक सम्मेलन में उद्योग जगत से विभिन्न सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के साथ मिलकार काम करने का आह्वान किया ताकि आने वाले दशक में सतत आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित मिस्टिक साउथ-ग्लोबल-लिंकेज-टुवर्ड्स ए 1.5 ट्रीलियन इकोनोमी बाय 2025 सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब अपनी प्रगति को दोबारा हासिल करने के निर्णायक बिंदु पर खड़ा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, अब सभी हितधारकों के लिए हाथ मिलाने और निरंतर आर्थिक गति सुनिश्चित करने का समय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं और उद्योग को अपनी तरफ से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विकास की उच्च गति बनी रहे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह समय की मांग है कि ऐसे कार्य शुरू किए जाएं जो अर्थव्यवस्था को उच्च विकास की पटरी पर वापस ले आएं, जिससे 2030 तक लाखों कामगारों के लिए लाभकारी रोजगारों का सृजन हो सके। उपराष्ट्रपति सचिवालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार नायडू ने आवश्यक रोजगार और उत्पादकता वृद्धि हासिल करने के लिए भारत को आगे बढ़ाने की जरुरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण, स्वचालन, शहरीकरण, बढ़ती हुई आय, स्थिरता, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे वैश्विक रुझान महामारी को ध्यान में रखते हुए एक नया महत्व हासिल कर रहे हैं। ए रुझान भारत के लिए विकास को उत्प्रेरित कर सकते हैं और महामारी के बाद की अर्थव्यवस्था के लिए हॉल मार्क भी बन सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने इस दौरान कहा कि दक्षिण भारत विनिर्माण को सेवाओं के साथ, संस्कृति को आधुनिक मूल्यों के साथ और शिक्षा को कौशल के साथ जोड़ता है तथा ज्यादातर दक्षिणी राज्य ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग के मामले में शीर्ष पर हैं।

## आईटी पोर्टल को सुविधाजनक बनाने पर काम जारी:इंफोसिस

भाषा। नई दिल्ली

**प्रमुख आईटी** कंपनी इंफोसिस ने बृहस्पतिवार को स्वीकार किया कि कुछ उपयोगकर्ताओं को अभी भी आयकर पोर्टल तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और भरोसा दिया कि वह आयकर विभाग के सहयोग से पोर्टल को सुविधाजनक बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है। जून में पोर्टल की शुरुआत के बाद के महीनों में लगातार गड़बड़ियों के चलते इंफोसिस को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। आईटी कंपनी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में पोर्टल के उपयोग में लगातार वृद्धि देखी गई है, और तीन करोड़ से अधिक करदाताओं ने पोर्टल में लॉग इन किया है और सफलतापूर्वक विभिन्न लेनदेन को पूरा किया। इंफोसिस ने एक बयान में कहा, पोर्टल ने करोड़ों करदाताओं के लेनदेन को सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ लगातार सुधार किया है। कंपनी कुछ उपयोगकर्ताओं को अभी भी पेश आ रही कठिनाइयों को स्वीकार करती है और आयकर विभाग के सहयोग से इस पर तेजी से काम किया जा रहा है, ताकि उपयोगकर्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाया जा सके। बयान में कहा गया कि पिछले कुछ हफ्तों में पोर्टल ने करदाताओं की चिंताओं का समाधान किया है और इसके उपयोग में लगातार बढ़ोतरी हुई है। बयान के मुताबिक अब तक तीन करोड़ से अधिक करदाताओं ने पोर्टल में लॉग इन किया है और सफलतापूर्वक विभिन्न लेनदेन पूरे किए हैं। इंफोसिस ने कहा कि वह कुछ उपयोगकर्ताओं को पेश आ रही दिक्कतों को स्वीकार करती है और उनकी चिंताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए 1,200 से अधिक करदाताओं के साथ सीधे जुड़ी हुई है। कंपनी ने कहा कि वह चार्टर्ड एकाउंटेंट समुदाय के साथ मिलकर इन चुनौतियों को तेजी से हल करने के लिए काम कर रही है।

## पेट्रोल कीमतें कम नहीं हो रही, क्योंकि राज्य इसे जीएसटी के तहत लाना नहीं चाहते हैं: पुरी

भाषा। कोलकाता

**पेट्रोलियम मंत्री** हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं हो रही हैं, क्योंकि राज्य ईंधन को जीएसटी के दायरे में नहीं लाना चाहते हैं। पुरी ने यहां एक साक्षात्कार में बताया कि पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमतें 100 रुपए के पार हो गई हैं क्योंकि टीएमसी सरकार भारी कर लगा रही है। उन्होंने कहा, अगर आपका सवाल है कि क्या आप चाहते हैं कि पेट्रोल की कीमतें कम हों, तो इसका जवाब हां है। अब, अगर आपका सवाल है कि पेट्रोल की कीमतें नीचे क्यों नहीं आ रही हैं, तो इसका जवाब है क्योंकि राज्य इसे जीएसटी के तहत लाना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा, केंद्र 32 रुपए प्रति लीटर (पेट्रोल पर कर के



रूप में) लेता है। हमने 32 रुपए प्रति लीटर कर लिया, जब ईंधन की कीमत 19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, और हम अभी भी वही ले रहे हैं, जबकि कीमत बढ़कर 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। पुरी ने कहा कि पेट्रोल पर लिए गए कर का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने जुलाई में कीमतों में 3.51 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की, जिसके चलते पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर से महंगा हो गया। उन्होंने आगे कहा, संयुक्त कराधान यहां (पश्चिम बंगाल) लगभग 40 प्रतिशत है। बयान देना बहुत आसान है। अगर आपने (टीएमसी सरकार) 3.51 रुपए की बढ़ोतरी नहीं की होती, तो यह अभी भी 100 रुपए प्रति लीटर से कम होती। पुरी बुधवार को भवानीपुर उपचुनाव के प्रचार के लिए कोलकाता में थे। इस चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, भाजपा की प्रियंका टिबरेवाल और माकपा के श्रीजीब बिस्वास के बीच मुकाबला है।

## जियो, एयरटेल की ग्राहक संख्या जुलाई में बढ़ी, वोडा-आईडिया ने 14.3 लाख उपभोक्ता गवाएं: ट्राई

भाषा। नई दिल्ली

**वित्तीय संकट** का सामना कर रही वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) ने जुलाई में 14.3 लाख मोबाइल ग्राहक गंवाए जबकि देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो और भारती एयरटेल की ग्राहक संख्या में अच्छी-खासी वृद्धि हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार रिलायंस जियो ने बाजार में अपनी पकड़ को मजबूत करते हुए जुलाई में 65.1 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। वहीं भारती एयरटेल की ग्राहक संख्या में 19.42 लाख का इजाफा हुआ।ट्राई की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई, 2021 में जियो की कुल मोबाइल ग्राहक संख्या तेजी से बढ़ते हुए 44.32 करोड़ पर पहुंच गई। एयरटेल का ग्राहक आधार भी बढ़कर 35.40 करोड़ पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ जुलाई महीने में वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या 14.3 लाख घटकर 27.19 करोड़ रह गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में दबाव में फंसे दूरसंचार क्षेत्र के लिए बड़े सुधार पैकेज को मंजूरी दी है। इस पैकेज में सांविधिक बकाए के भुगतान से चार साल की मोहलत देना, दुलर्भ रेडियो तरंगों को साझा करने की अनुमति, सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) की परिभाषा में बदलाव तथा स्वत: मंजूर मार्ग से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति शामिल हैं। सरकार के इस कदम से वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें पिछले वैधानिक बकाया के रूप में हजारों करोड़ का भुगतान करना पड़ता है।

### गूगल ने गोपनीय रिपोर्ट के लीक होने पर सीसीआई के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की

**नई दिल्ली।** गूगल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा उसके खिलाफ की गई जांच की गोपनीय रिपोर्ट के लीक होने के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की है। गूगल ने एक बयान में कहा कि इस कवायद का मकसद सीसीआई की जांच शाखा को मिली किसी भी गोपनीय जानकारी को गैरकानूनी रूप से बाहर आने से रोकना है। गूगल ने कहा कि उसे अभी तक यह गोपनीय रिपोर्ट नही मिली है। प्रौद्योगिकी कंपनी ने आगे कहा, गूगल ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर इस मामले के समाधान की मांग की है और विशेष रूप से भरोसे के उल्लंघन पर आपत्ति जताई, जिससे गूगल और उसके सहयोगियो को नुकसान पहुंचाता है। पिछले हफ्ते आई रिपोर्टों में कहा गया था कि सीसीआई की जांच शाखा महानिदेशक ने पाया है कि एंड्रायड के संबंध में गूगल अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं में शामिल है।

## पेज एक का शेष

### भारत के...

सॉफ्टवेयर बनाने के साथ वायरलेस प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाएं देती है। भारत क्वालकॉम से बड़े स्तर पर निवेश चाहता है। अपनी यात्रा के पहले दिन उन्होंने क्वालकॉम, एडोब, फर्स्ट सोलर, जनरल एटॉमिक्स और ब्लैकस्टोन जैसी पांच प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष (सीईओ) के साथ एक-एक करके मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन पांच कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, उनमे एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और जनरल एटॉमिक्स के सीईओ विवेक लाल भारतीय मूल के अमेरिकी हैं। उद्योग जगत के शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी बैठक से पहले मोदी ने कहा था कि वह भारत में आर्थिक अवसरों से अवगत कराने के लिए अलग-अलग क्षेत्र की पांच कंपनियों के सीईओ के साथ मुलाकात करेंगे। मोदी की लाल के साथ बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि जनरल एटॉमिक्स न केवल सैन्य ड्रोन प्रौद्योगिकियों में अग्रणी है, बल्कि अत्याधुनिक सैन्य ड्रोन में दुनिया की शीर्ष विर्निर्माताओं में से एक भी है।

### भारत या...

सवाल किया गया था कि क्या भारत या जापान को इस गठबंधन में शामिल किया जाएगा, जिसके जवाब में उन्होंने उक्त जवाब दिया। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र के लिए नए त्रिपक्षीय सुरक्षा गठबंधन ऑकस (एयूकेयूएस) की 15 सितंबर को घोषणा की थी, ताकि वे अपने साझा हितों की रक्षा कर सकें और परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बियां हासिल करने में ऑस्ट्रेलिया की मदद करने समेत रक्षा क्षमताओं को बेहतर तरीके से साझा कर सकें। इस समझौते के कारण उसने फ्रांस के साथ अनुबंध रद्द कर दिया है। फ्रांस ने गठबंधन में उसको शामिल ना करने की आलोचना की थी और कहा था कि जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आम चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है तो यह सुसंगतता की कमी को दर्शाता है। साकी ने कहा, यकीनन, इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष रुचि रखने वाले फ्रांस समेत कई देशों के साथ बातचीत के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है।

### भारतीय प्रवासियों...

स्वागत करने के लिए वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय समुदाय का आभारी हूं। भारतीय प्रवासी हमारी ताकत हैं। मोदी ने कहा, भारतीय प्रवासियों ने जिस प्रकार दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है, वह प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की सभाएं तथा बैठकें उनके कार्यक्रम का अहम हिस्सा रही हैं, लेकिन कोविड-19 संबंधी मौजूदा हालात के कारण प्रधानमंत्री इस बार कोई बड़ी सभा संभवत: नहीं करेंगे। भारतीय-अमेरिकियों के बीच मोदी खासे लोकप्रिय हैं। अमेरिका की जनसंख्या में 1.2 प्रतिशत से अधिक लोग भारतीय-अमेरिकी हैं। यह समुदाय अमेरिकी राजनीति समेत कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से सातवीं बार अमेरिका की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी और जापान तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को मजबूत करने का अवसर होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात के अलावा मोदी का ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें करने का कार्यक्रम है।

### टेक्नीकल एक्सपर्ट...

वह कुछ दिनों में फैसला सुनाएगा और उसने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा था कि अगर सरकार ने विस्तारपूर्वक हलफनामा दाखिल करने के बारे में पुन: विचार किया है तो वह इस मामले को रखे। न्यायालय ने कहा था कि वह केवल यह जानना चाहता है कि केंद्र ने नागरिकों की कथित तौर पर जासूसी करने के लिए गैरकानूनी तरीकों से पेगासस जासूसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया या नहीं। केंद्र ने जासूसी विवाद की स्वतंत्र जांच के लिए दायर याचिकाओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए विस्तृत हलफनामा दाखिल करने से दृढ़तापूर्वक इनकार कर दिया था। पेगासस विवाद में निजता के उल्लंघन को लेकर पत्रकारों और अन्य द्वारा उठायी गयी चिंताओं का जिक्र करते हुए न्यायालय ने कहा था कि वह उनकी याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करेगा। साथ ही उसने कहा था कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को जानने का इच्छुक नहीं है। केंद्र ने कहा था कि वह यह जानने के लिए विस्तारपूर्वक हलफनामा दाखिल नहीं करना चाहता कि कोई खास सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया या नहीं, क्योंकि यह सार्वजनिक चर्चा का विषय नहीं है और यह 'वृहद राष्ट्रीय हित' में नहीं होगा। विधि अधिकारी ने दलील दी थी कि इसका खुलासा करना कि देश कोई खास सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा है या नहीं, इससे 'नुकसान' हो सकता है और आतंकवादी समूह समेत सभी संभावित खतरे सतर्क हो सकते हैं। स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाएं उन खबरों से संबंधित हैं, जिनमें सरकारी एजेंसियों पर कुछ प्रतिष्ठित नागरिकों, नेताओं और पत्रकारों की इजराइली कंपनी एनएसओ के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर जासूसी करने का आरोप है। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ ने खबर दी थी कि पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए जासूसी की संभावित सूची में 300 से अधिक पुष्ट भारतीय मोबाइल फोन नंबर थे।

### दिव्यांगों व...

शहरी क्षेत्र के तौर पर चिह्नित नहीं किया गया। भारत में टीका लगवा चुके लोगों को ब्रिटेन की यात्रा करने पर वहां दस दिनों के पृथक-वास में रहने के बारे में मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह भेदभाव है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही हे। भूषण ने कहा कि हमारा मानना है कि जो नियम चार अक्टूबर से लागू होने वाला है वह भेदभावपूर्ण है। दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी है और हमारा मानना है कि समाधान निकल आएगा। हमे उसी भाषा में जवाब देने का अधिकार है। टीकाकरण अभियान में तेजी लाने की घोषणा करते हुए अधिकारियों ने कहा कि दिव्यांगों एवं चलने-फिरने में असमर्थ लोगों को उनके घर पर ही टीका लगाया जाएगा।

### जज को...

अधिकारी उससे कड़ाई से पूछताछ कर रहे हैं और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि धनबाद में गत 28 जुलाई को सुबह की सैर पर निकले न्यायाधीश को एक ऑटो ने टक्कर मार दी थी जिससे उनकी मौत हो गई थी।

### पिछड़े वर्गों...

के आंकड़ों को सार्वजनिक करने की मांग की और कहा कि बार-बार आग्रह के बावजूद उसे यह उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव की तरफ से दायर हलफनामे में कहा गया है कि केंद्र ने पिछले वर्ष जनवरी में एक अधिसूचना जारी कर जनगणना 2021 के लिए जुटाई जाने वाली सूचनाओं का ब्यौरा तय किया था और इसमें अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति से जुड़े सूचनाओं सहित कई क्षेत्रों को शामिल किया गया लेकिन इसमें जाति के किसी अन्य श्रेणी का जिक्र नहीं किया गया है। सरकार ने कहा कि एसईसीसी 2011 सर्वेक्षण ओबीसी सर्वेक्षण नहीं है जैसा कि आरोप लगाया जाता है, बल्कि यह देश में सभी घरों में जातीय स्थिति का पता लगाने की व्यापक प्रक्रिया थी। यह मामला बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया, जिसने इस पर सुनवाई की अगली तारीख 26 अक्टूबर तय की।

### भोपाल गैस...

अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ था जिसमें 3,700 से अधिक लोग मारे गए और 5.58 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। गैस त्रासदी के प्रभावितों से संबंधित मुद्दों को देखने के लिए शीर्ष अदालत द्वारा गठित एक निगरानी समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंपी है। अदालत के आदेश में कहा गया कि निगरानी समिति की ओर से उपस्थित अधिवक्ताओं ने बताया कि भोपाल मेमोरियल अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) का नियंत्रण भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को सौंपने के बाद गैस पीड़ितों और अन्य रोगियों को प्रदान किए जा रहे उपचार और अन्य सुविधाओं के संबंध में कोई सुधार हुआ है या नहीं, इसके बारे में समिति फिर से निरीक्षण करेगी और फिर एक रिपोर्ट पेश करेगी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, यह निर्देश दिया जाता है कि मध्य प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा 17 जून 2021 को बुलाई गई बैठक में की गई सिफारिश के आलोक में भोपाल गैस त्रासदी से प्रभावित कैंसर पीड़ित मरीजों को भोपाल स्थित एम्स में नि:शुल्क उपचार प्रदान किया जाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई आठ अक्टूबर को तय की है।

# त्रिपाठी, अय्यर के अर्द्धशतक से जीता केकेआर

## मुंबई की लगातार दूसरी हार

भाषा। अबुधाबी



**नए खिलाड़ी** वेंकटेश अय्यर के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के इस सत्र के बहाल होने के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज की और मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बना ली।

मुंबई की यह लगातार दूसरी हार थी। अपना दूसरा आईपीएल मैच खेल रहे अय्यर ने 30 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। वहीं राहुल त्रिपाठी 42 गेंद में 74 रन बनाकर नाबाद रहे। केकेआर ने मुंबई को छह विकेट पर 155 रन पर रोकने के बाद 29 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

वहीं क्विंटोन डिकॉक के अर्धशतक के बावजूद मुंबई इंडियंस छह विकेट पर 155 रन ही बना सकी। केकेआर के गेंदबाजों ने आखिर दस ओवर में सिर्फ 75 रन देकर पांच विकेट लिए। शुभमन गिल और अय्यर ने केकेआर को शानदार शुरूआत दिलाई। ट्रेंट बोल्ट और एडम मिल्ने ने पहले दो ओवर में 15-15 रन दिए। तीसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने गिल को आउट किया। इसके बाद अय्यर और त्रिपाठी ने 88 रन की साझेदारी करके केकेआर की जीत तय कर दी। इससे पहले मुंबई के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने 30 गेंद में 33 रन बनाकर शानदार शुरूआत की। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले रोहित चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेले थे। स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या लगातार दूसरे मैच से बाहर रहे जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं। रोहित ने चौथे ओवर में स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को लगातार दो चौके लगाए। दूसरे छोर पर डिकॉक ने 42 गेंद में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन को मैच का पहला छक्का जड़ा। छठे ओवर में आए प्रसिद्ध कृष्णा को डिकॉक ने उनके पहले ही ओवर में दो छक्के लगाकर 16 रन लिए। उस समय स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। डिकॉक ने आंद्रे रसेल को लगातार दो चौके लगाए। आखिर में सुनील नारायण ने रोहित को सीमारेखा के पास शुभमन गिल के हाथों लपकवाया। उन्होंने टी20 क्रिकेट में नौवीं बार रोहित का विकेट लिया। सूर्यकुमार यादव पांच रन बनाकर कृष्णा का शिकार हुए जिन्होंने विकेट के पीछे दिनेश कार्तिक को कैच थमाया। इस बीच डिकॉक ने 14वें ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। केकेआर के गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच में 26 रन ही दिए और दो विकेट चटकाए। पोलार्ड ने आखिरी पांच ओवर में बड़े शॉट खेलकर टीम को 150 के पार पहुंचाया। आखिरी ओवर में फर्ग्यूसन ने पोलार्ड और कृणाल पंड्या (12) के विकेट चटकाए।

# चेन्नई के खिलाफ जीत की लय में लौटने की कोशिश करेगा बेंगलोर

भाषा। शारजाह

**स्टार** खिलाड़ियों से सजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम पिछले मैच की करारी शिकस्त को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को यहां महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लय में लौटने की कोशिश करेगी। आरसीबी जहां नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगा वहीं चेन्नई ने रविवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की थी। आरसीबी को यदि अंकतालिका में शीर्ष चार में जगह बनाना है तो उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसे देवदत्त पडिक्कल और कप्तान विराट कोहली की सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की दरकार है। लेकिन उन्हें मध्यक्रम से भी सहयोग की जरूरत है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई थी। ग्लेन मैक्सवेल और एबी डिविलियर्स जैसे बल्लेबाजों को अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के गेंदबाजों को भी केकेआर के खिलाफ लचर प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, काइल जेमीसन, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और आलराउंडर वाहिंदु हसरंगा में से कोई भी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाया था। दूसरी तरफ चेन्नई ने मुंबई के खिलाफ युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की 58 गेंदों पर 88 रन की पारी से शानदार वापसी करके जीत दर्ज की थी। टीम के मुख्य बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस और मोईन अली खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि अंबाती रायुडु रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। अनुभवी सुरेश रैना और धोनी भी नहीं चल पाए थे जिससे स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया था। लेकिन गायकवाड़ ने रविंद्र जडेजा और ड्वेन ब्रावो के साथ मिलकर टीम को छह विकेट पर 156 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया था।



**टीम**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान) रुतुराज गायकवाड़, मोइन अली, सुरेश रैना, अंबाती रायुडु, रविंद्र जडेजा, ड्वेन ब्रावो, शार्दुल ठाकुर, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, इमरान ताहिर, फाफ डु प्लेसिस, रॉबिन उथप्पा, कर्ण शर्मा, जोश हेजलवुड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कृष्णप्पा गौतम, मिशेल सेंटनर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, हरि निशांत, एन जगदीसन, चेतेश्वर पुजारा, केएम आसिफ, हरिशंकर रेड्डी, भगत वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंथा चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वाहिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से हटीं नाओमी ओसाका



**इंडियन वेल्स।** दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियो मे से एक नाओमी ओसाका इंडियन वेल्स बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई है। इस महीने के शुरू मे यूएस ओपन मे हारने के बाद ओसाका ने कहा था कि वह टेनिस से लंबे समय का अवकाश लेना चाहती है जिसके बाद संभावना बन गई थी कि वह इस सत्र के आखिरी टूर्नामेंटों से हट सकती है। ओसाका ने अपने ट्विटर हैडल पर चार से 17 अक्टूबर तक इंडियन वेल्स मे होने वाले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि मै अपना अगला टेनिस मैच कब खेलूंगी। ओसाका चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी है। वह अभी विश्व रैंकिंग मे आठवें स्थान पर है।

### युवेंटस की सेरी ए में पहली जीत, एसी मिलान भी जीता

**रोम।** युवेंटस ने मोइज कीन, फेडरिको चीसा और मैथियास डि लिट के गोल की मदद से स्पेजिया को 3-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए के वर्तमान सत्र मे पहली जीत दर्ज की।मैनुएल गियासी ने 33वे मिनट मे बराबरी का गोल दाग दिया। इसकेबाद यानिस एंटिस्ते ने 49वे मिनट मे स्पेजिया को 2-। से आगे कर दिया। ऐसे मे चीसा ने 66वें और मैथियास ने 72वें मिनट मे गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। युवेंटस की पांच मैचों मे यह पहली जीत है। उसके पांच अंक है तथा वह शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान और एसी मिलान से आठ अंक पीछे है। एसी मिलान ने एक अन्य मैच मे ब्राहिम डियाज और थियो हर्नानडेज के दूसरे हाफ मे किए गए गोल की बदौलत वेनेजिया पर 2-0 से जीत दर्ज की।

### मैनचेस्टर यूनाईटेड लीग कप से बाहर, चेल्सी जीता

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड का 2017 के बाद पहली ट्राफी जीतने का एक रास्ता इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट मे वेस्ट हैम के हाथो हार के साथ ही बंद हो गया। वेस्ट हैम ने तीसरे दौर के इस मैच मे मैनुएल लानजिनी के गोल से।-0 से जीत दर्ज की। चौथे दौर मे वेस्ट हैम का सामना मैनचेस्टर सिटी से होगा जो पिछले चार बार का चैंपियन है। चेल्सी ने एस्टन विला को पेनल्टी शूट आउट मे 4-3 से हराकर अगले दौर मे जगह बनाई। निर्धारित समय तक दोनो टीमें।-। से बराबरी पर थी। चेल्सी चौथे दौर मे साउथम्पटन का सामना करेगा। आर्सनल ने एएफसी विंबलडन को 3-0 से हराया और अब वह लीड्स की मेजबानी करेगा।

# एएफसी दल ने भारत में महिला एशियाई कप के लिए स्थलों का मुआयना किया

भाषा। नई दिल्ली

**एशियाई** फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अगले साल होने वाले महिला एशियाई कप के मैचों की मेजबानी करने वाले तीन स्टेडियमों और अभ्यास स्थलों का 16 से 21 सितंबर तक मुआयना किया। एशिया में फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था के दल ने मुआयना करने के बाद सभी सुविधाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

एएफसी दल ने 2022 चरण के टूर्नामेंट के लिए जिन तीन स्टेडियम और उनसे जुड़ी सुविधाओं का दौरा किया, उनमें नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई में मुंबई फुटबॉल एरीना - अंधेरी खेल परिसर और पुणे के बालेवाड़ी में शिवर छत्रपति खेल परिसर शामिल हैं। दल ने टूर्नामेंट के लिए खारघर और पुणे में नई ट्रेनिंग सुविधाओं की प्रगति भी देखी और संबंधित अधिकारियों ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इनका काम पूरा होने का आश्वासन भी दिया। एएफसी दल के साथ भारत 2022 स्थानीय आयोजन समिति के सदस्य भी थे। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी। पहली बार इस प्रतियोगिता में इतनी टीमें शिरकत करेंगी जो 2023 फीफा महिला विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफिकेशन के अंतिम चरण का काम भी करेगा। एशियाई कप के क्वालीफायर चल रहे हैं और टूर्नामेंट 20 जनवरी से छह फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय महिला टीम के सामने आस्ट्रेलिया का विजय अभियान रोकने की बड़ी चुनौती

भाषा। मैकॉय (आस्ट्रेलिया)

**पहले** मैच में करारी हार झेलने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया के 25 मैचों से चले आ रहे विजय अभियान को थामकर तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

भारत को अपने बल्लेबाजों विशेषकर शीर्ष क्रम में शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना से बड़ी पारियों की उम्मीद है। पिछले मैच में ए दोनों अच्छी शुरुआत नहीं दे पाई थी। भारत ने यह मैच नौ विकेट से गंवाया था। शेफाली और स्मृति के पास विरोधी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने के लिए पर्याप्त कौशल है और इन दोनों को सुनिश्चित करना होगा कि एलिस पैरी और डार्सी ब्राउन उन पर हावी न हो सके जैसा कि पहले मैच में हुआ था।

पैरी और ब्राउन ने अभ्यास मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। ब्राउन ने छठे ओवर तक शेफाली और स्मृति को पवेलियन भेज दिया था जिसके बाद बाकी भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के बजाय पारी संवारने पर अधिक ध्यान लगाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों में से कम से कम किसी एक को टिककर खेलना होगा जबकि कप्तान मिताली राज के अगुवाई वाले मध्यक्रम को भी अच्छी रन गति से रन बनाने पर ध्यान देना होगा। अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर अंगूठे की चोट के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। वह दूसरे मैच में भी नहीं खेल पाएगी और ऐसे में दीप्ति शर्मा को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। भारत के बल्लेबाजी कोच शिव सुंदर दास ने पुष्टि की कि हरमनप्रीत अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुई हैं। कोच ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, वह (हरमनप्रीत) अभी फिट नहीं हुई हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेगी। यही वर्तमान स्थिति है। बाएं हाथ की बल्लेबाज 21 वर्षीय यास्तिका भाटिया ने पिछले मैच में पदार्पण करते हुए अच्छा खेल दिखाया था। विश्वस्तरीय गेंदबाजी के सामने 35 रन बनाने से उनका मनोबल बढ़ा होगा।



**टीम**

**भारत:** मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर (उप-कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, पूनम राउत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी , मेघना सिंह, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, ऋचा घोष, एकता बिष्ट।

**आस्ट्रेलिया:** मेग लैनिंग (कप्तान), राचेल हेन्स (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, स्टेला कैंपबेल, निकोला केरी, हन्ना डार्लिंगटन, एशले गार्डनर, एलिसा हीली, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, जॉर्जिया रेडमायने, मौली स्ट्रानो, एनाबेल सदरलैंड, टायला व्लामिनक, जॉर्जिया वेयरहैम।

**मैच सुबह 10 बजकर 40 मिनट से शुरू होगा।**

### स्टीव एलवर्दी सरे काउंटी टीम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**लंदन।** इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के टूर्नामेंट एवं विशेष परियोजनाओ के प्रबंध निदेशक स्टीव एलवर्दी को काउंटी टीम सें का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एलवर्दी ने 1998 और 2002 के बीच चार टेस्ट मैचों और 39 वनडे मे अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था।

### शीर्ष वरीय करातसेव अस्ताना ओपन के शुरुआती मैच में हारे

**नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)।** शीर्ष वरीय अस्लान करातसेव और तीसरे वरीय दुसान लाजोविच दोनों गुरूवार को अस्ताना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैचों में हार गए। इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे करातसेव को फिनलैंड के खिलाड़ी एमिल रूसूवोरी से 6-7, 4-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। वही लाजोविच को दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी क्वोन सून-वू ने 7-4, 6-4 से शिकस्त दी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Omisha Bhardwaj W/o Shri Deepak Kumar R/o A-34, ganesh nagar, pandav Nagar Complex, Delhi-110092 have changed my name Omisha to Omisha Bhardwaj for all future purposes.
PD(9082)A


## तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम फाइनल में, पुरुष क्वार्टर फाइनल में हारे

भाषा। यांकटन (अमेरिका)

**भारतीय** महिला कंपाउंड टीम ने मेजबान अमेरिका को 226-225 से हराकर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही। प्रिया गुर्जर, मुस्कान किरार और ज्योति सुरेखा की सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने बुधवार को लिंडा ओचोआ एंडरसन, पीग पियर्स और मकेन्ना प्रॉक्टर की अमेरिकी टीम के खिलाफ करीबी मुकाबले में धैर्य बनाए रखकर रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन अनुभवी अभिषेक वर्मा की अगुवाई वाली पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रिया से 235-238 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में फ्रांस को 234-220 से हराया था। वर्मा और सुरेखा की मिश्रित टीम भी फाइनल में पहुंच गई है। उन्होंने कोरिया के किम युनही और किम जोंगहो को 159-156 से हराया। खिताबी मुकाबले में उन्हें कोलंबिया का सामना करना है। पुरुष वर्ग में विश्व कप में तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा के अलावा संगम बिस्ला और रोशाब यादव ने भी अच्छा मुकाबला किया लेकिन वे आगे बढ़ने में असफल रहे। भारतीय पुरुष टीम को ड्रा में पांचवीं वरीयता दी गई थी।



ज्योति सुरेखा



प्रिया गुर्जर



मुस्कान किरार

### अभिषेक वर्मा विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुने गए

**यांकटन (अमेरिका)।** विश्व कप में तीन बार स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा को चार साल के कार्यकाल के लिए विश्व तीरंदाजी की खिलाड़ियों की समिति में चुना गया है। विश्व चैंपियनशिप के दौरान प्रतिभागी तीरंदाजों ने मतदान के जरिए 32 वर्षीय वर्मा और रूस की मौजूदा विश्व चैंपियन नतालिया अवदीवा का चयन किया। कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां अपने नए प्रतिनिधि के लिए मतदान किया था। एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता वर्मा अकेले पुरुष उम्मीद्वार थे। महिलाओं में अवदीवा और जर्मनी की जेनिन मीसनर उम्मीद्वार थी। रूसी तीरंदाज को 69 प्रतिशत मत मिले। वर्मा और अवदीवा का कार्यकाल चार साल का होगा। समिति की अध्यक्ष नाओमी फॉकार्ड हैं। सजेफ वान डेन बर्ग और क्रिस्टल गॉविन इसके अन्य सदस्य हैं।



**PUBLIC NOTICE**

"It is to inform to the public at large that my client **Mrs. Priyanka Kumari**, approached Fullerton India Home Finance Company Ltd. for a Home Loan against A Freehold Residential built-up Property bearing no. D-4/23, First Floor, Front Side, Without Roof Rights, admeasuring 60 Sq. Yards i.e. 50.166 Sq. Meter out of Khasra No.13/13, situated in the revenue estate of Village Mirzapur Delhi State colony known as Mahvir Enclave, New Delhi – 110045 hereinafter referred to as "the said property" which he owns vide **Sale Deed Dated 19.03.2019** executed by **Mrs Bimla Kumari** W/o Mr Lal Babu in favour of **Mrs Priyanka Kumari** W/o Mr Satya Prakash Duly Registered with SR IX, New Delhi Vide Doc. No. 2269, Vol No. 9931 BOOK NO-1, Page No.187-193, dated on 20-03-2019.
That this is a General publication made in favour of public if any person further having any type of claim/right/title/interest over the said property may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Any use of the above-mentioned document will be considered illegal."

**Prasoon Lata, Advocate**
**SG Associates**
Basement C 78 Sector 2 Noida
0120-4554882, 7011172764

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public at large, on behalf of our client, **Mr. Ramphal Bhardwaj S/o-Mr. Khem Chand & Mrs. Sushila Devi W/o-Mr. Ramphal Bhardwaj** R/o Flat No. A-102, Plot No. 10, Sector-18, Herekrishna Velly, Dwarka, New Delhi-110078 (**Mortgagor**),that the Scheduled Property purchase from Mr. Vijay Kumar Gupta, He/she was the owner vide Sale Deed dated 24.06.2021 Documents No. 10823. Same property **Mr. Ramphal Bhardwaj & Mrs. Sushila Devi** (Mortgagor) mortgage the schedule property with Cholamandalam Investment & Finance Company Ltd. Karol Bagh Banch, New Delhi. If any person race any objection for mortgaging the said property please **race your Objection with documentary proof with in 15** days of Publication below address:-

**SCHEDULE OF PROPERTY**

Freehold Society Built Up Flat bearing No. A-102, on First Floor, super measuring 2090 Sq.Ft.,Block-A, situated at The Peoples Conservative CGHS Ltd., Plot No. 10, Sector-18, Dwarka, New Delhi-110075. hereinafter referred to as "**said property**".

**Sachin Maheshwari & Associates**
**Sachin Maheshwari Advocate**
**New Delhi.**
**011-42236352, Mob. 9911380328**

**PUBLIC NOTICE**

My clients Mr. Ashok Kumar S/o Sh. Pheru Singh and his wife Mrs. Usha both R/o H. No. 181, Shyam Gali No. 1, Moujpur, Delhi110053 have debarred their son Rahul and his wife Divya from their all movable and immovable properties and also severed their relations from them due to their deplorable behaviour. If any person deals with them in future, my clients shall not be responsible for the same.

**Jogesh Gupta (Advocate)**
**Ch. No. G-210, Karkardooma Court, Delhi**

**PUBLIC NOTICE**

मेरे मुवक्किलगण दौलत सिंह पुत्र श्री आन सिंह एवं धन्नो देवी पत्नी श्री दौलत सिंह निवासीगण मकान नं0 सी 460, न्यू सीमापुरी, दिल्ली 95, ने अपने पुत्र घनश्याम व पुत्रवधु सोनी खत्री को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में इनके किसी भी कार्य / लेन देन हेतु मेरे मुवक्किलगण जिम्मेदार नहीं होंगे।

**मोहित बंसल (अधिवक्ता)**
**चैम्बर नं0 एफ–303, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**कार्यालय जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर**

पत्रांक : 2351/विज्ञप्ति/2021–22 | दिनांक : 23.09.2021

**निविदा संशोधन सूचना**

जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर के कार्यालय पत्र सं. 1727 दिनांक 06.09.2021 के द्वारा दैनिक पायनियर समाचार पत्र के दिनांक 07 सितम्बर 2021 के संस्करण में प्रकाशित निविदा सूचना के क्रमांक 25 एवं 30 पर अंकित कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं। शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

| क्र. सं. | पूर्व में स्वीकृत कार्य | पूर्व में स्वीकृत धनराशि | क्र. सं. | संशोधित कार्य का नाम | संशोधित स्वीकृत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वि.ख. सितारगंज के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंटेड बैंचों की स्थापना का कार्य। | 8.50 लाख | 1 | वि.ख. सितारगंज के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंटेड बैंचों की स्थापना का कार्य | 2.55 लाख |
| | | | 2 | वि.ख. सितारगंज के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाईटों की स्थापना का कार्य। | 5.95 लाख |
| 2 | ग्राम फिरोजपुर के अलीनगर में रोड से शौकत मास्टर के खेत की ओर सी.सी. मार्ग निर्माण कार्य। | 5.40 लाख | 3 | ग्राम फिरोजपुर के अलीनगर में जमाल खां के घर से लाल खां के खेत की ओर सी.सी. मार्ग निर्माण कार्य। | 5.40 |

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत उधमसिंह नगर।

**ANGEL BROKING LIMITED.**
Regd. Off: G-1, Akruti Trade Centre, MIDC, Road No. 7, Andheri (E), Mumbai-93
SEBI Registration No (Stock Broker): INZ000161534

**PUBLIC NOTICE**

| Name of SB/AP | Trade Name of SB/AP | NSE Reg. No. | Regd Address of SB/AP |
|---|---|---|---|
| RAKHI | RAKHI SALES CORPORATION | AP0397 206021 | 201/6, 1st Floor, Shop No-1, Main Road, Maujpur, Near Babarpur Red Light, New Delhi-110053 |

This is to inform/confirm that we have discontinued our Business Relations with the above mentioned Authorized Persons. Clients and General Public are warned against Dealing in with them in his/their capacity as our Authorized Persons and we hereby confirm that we will not be liable in any manner for any consequence of such dealings/deals. Clients are requested to contact our centralized desk **022-3355 1111/4218/5454** or email us to **support@angelbroking.com.**

Place : Delhi
Date : 24.09.2021

For **ANGEL BROKING LTD**
Sd/-
Authorised Signatory

**कार्यालय जिला पंचायत गाजियाबाद।**

पत्रांकः– 271 / ले0वि0 / जि0पं0गा0 / 2021–22

दिनांकः– 23 / 09 / 2021

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

जिला पंचायत, गाजियाबाद में जी0एस0टी0, आयकर रिटर्न दायर करने एवं जी0एस0टी0 आयकर यैट, आदि के केसो में जिला पंचायत की ओर से पैरवी करने आदि समस्त कार्यो हेतु चार्टेड एकाउंटेंट की सेवाओं की आवश्यकता है।

कृपया उपरोक्त सेवाएं प्रदान करने के इच्छुक चार्टेड एकाउंटेंड अपनी कोटेशन दरें दिनांक 28.09.2021 की सांय तक कार्यालय जिला पंचायत, गाजियाबाद की ब्लॉक कविनगर में स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रस्तुत करें।

हस्ता / –
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, गाजियाबाद।

# अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए न होने दे तालिबान: जयशंकर

भाषा। न्यूयॉर्क

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने जी-20 देशों से कहा कि तालिबान को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किसी भी प्रकार से नहीं करने देने की अपनी प्रतिबद्धता लागू करनी चाहिए और दुनिया को एक ऐसी व्यापक एवं समावेशी प्रक्रिया की अपेक्षा है जिसमें अफगान समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो।

जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें उच्चस्तरीय सत्र के इतर बुधवार को जी-20 के विदेश मंत्रियों की एक बैठक को संबोधित किया, जिसमें अफगानिस्तान में मौजूदा हालात पर चर्चा की गई। जयशंकर ने डिजिटल बैठक के बाद ट्वीट किया कि मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर काम करना चाहिए। सहायता देने वालों को निर्बाध, बिना किसी प्रतिबंध के और सीधी पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किसी भी प्रकार से नहीं करने देने की तालिबान की प्रतिबद्धता का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। दुनिया को एक ऐसी व्यापक एवं समावेशी प्रक्रिया की उम्मीद है, जो अफगान समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हो। अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की वापसी के बाद तालिबान ने पिछले महीने वहां अपना कब्जा कर लिया है। तालिबान ने कहा है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ नहीं किया जाएगाा। जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2593 वैश्विक भावना को दर्शाता है और इसे हमारे दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करना जारी रखना चाहिए। भारत की भागीदारी अफगान लोगों के साथ उसकी ऐतिहासिक मित्रता से संचालित होगी। भारत की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अगस्त में एक प्रस्ताव पारित कर अफगानिस्तान के क्षेत्र का इस्तेमाल किसी अन्य देश को धमकाने या हमला करने या आतंकवादियों को शरण देने तथा उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए नहीं किए जाने की मांग की।



## संयुक्त राष्ट्र दूत ने समूह को जल्द वैश्विक मान्यता देने का किया आग्रह

**काबुल**। संयुक्त राष्ट्र के लिए तालिबान द्वारा नामित दूत ने मुल्क के नए शासकों को जल्द वैश्विक मान्यता देने का बुधवार को अनुरोध किया। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने युद्धग्रस्त देश में स्वास्थ्य देखभाल आपदा की आशंका जताई है।

पिछले महीने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा करने के बाद से तालिबान के सामने कई चुनौतियों में से एक मानवीय संकट भी है। इसके अलावा आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट से खतरा भी है जिसने अपने हमले तेज कर दिए हैं और वह देश के पूर्वी क्षेत्र में अपने गढ़ में तालिबानियों को निशाना बना रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के सहायता समन्वयक मार्टिन ग्रिफिथ ने आपात उपाय के तौर पर विश्व निकाय की आपात निधि से अफगानिस्तान के लिए बुधवार को 4.5 करोड़ डॉलर की सहायता राशि जारी की। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि अफगानिस्तान की स्वास्थ्य व्यवस्था ढहने के कगार पर है और तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। यह बयान डब्ल्यूएचओ के एक दल के काबुल की हालिया यात्रा के बाद आया है। इस दल का नेतृत्व एजेंसी के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम गेब्रेएसस ने किया और उन्होंने तालिबानी नेताओं तथा अन्य लोगों से भी मुलाकात की।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देश एक आसन्न मानवीय आपदा का सामना कर रहा है। उसने बताया कि हजारों स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा सामान नहीं हैं और स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन नहीं मिला है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इनमें से कई केंद्र बंद हो गए है जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ए कठोर निर्णय लेने के लिए मजबूर हो गए हैं कि किसे बचाया जाए और किसे मरने के लिए छोड़ दिया जाए। उसने महिलाओं के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य कार्यबल तक पहुंच बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इससे पहले तालिबान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर पूर्व शांति वार्ताकार और तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के प्रवक्ता सुहल शाहीन को अपना नया संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधि बनाने की घोषणा की।

## अफगानिस्तान में बौद्ध धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित करे संयुक्त राष्ट्र : राजपक्षे

**संयुक्त राष्ट्र**। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान में तालिबान के शासन में बौद्ध धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। दरअसल, तालिबान ने 2001 में बामियान में महात्मा बुद्ध की एक विशाल प्राचीन प्रतिमा को नष्ट कर दिया था।

राजपक्षे ने यहां बुधवार को संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय आम चर्चा को संबोधित करते हुए कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान की बौद्ध धरोहर का संरक्षण सुनिश्चित करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्य देशों से सहयोग की सच्ची भावना, सद्भावना और परस्पर सम्मान के साथ एकजुट होकर काम करने की अपील करते हैं, ताकि सभी के लिए बेहतर और कहीं अधिक सतत भविष्य तैयार हो सके।

उल्लेखनीय है कि तालिबान ने 2001 में बामियान में बुद्ध की बलुआ पत्थर की एक प्राचीन प्रतिमा को नष्ट कर दिया था। तालिबान सरकार के नेता मुल्ला मोहम्मद उमर ने टैंकों और तोपखाने से विशाल प्रतिमा पर गोलाबारी करने और डायनेमाइट विस्फोट से इसे नष्ट करने का आदेश दिया था। विश्व धरोहर स्थल में शामिल बामियान स्थित बुद्ध प्रतिमा को नष्ट किए जाने के 20 साल बाद और पिछले महीने तालिबान के काबुल पर नियंत्रण करने के बाद, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के महानिदेशक आउद्रे अजौले ने अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप अफगानिस्तान की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरतने की अपील की थी। यूनेस्को ने कहा था कि वह जमीनी स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है और अफगानिस्तान की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा के लिए हरसंभव कोशिश करने को प्रतिबद्ध है।

## स्थाई शांति हासिल करने के लिए तमिल समुदाय के साथ सार्थक सुलह आवश्यक है : राजपक्षे

**संयुक्त राष्ट्र**। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कहा कि देश में स्थाई रूप से शांति हासिल करने के लिए घरेलू संस्थानों के जरिए तमिल समुदाय से सार्थक सुलह आवश्यक है। उन्होंने इस बार पर जोर दिया कि उनकी सरकार इस प्रक्रिया में सभी पक्षकारों को शामिल करने तथा अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का सहयोग हासिल करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय चर्चा को बुधवार को संबोधित करते हुए राजपक्षे ने कहा, 2009 तक देश को 30 वर्षों तक अलगावादी उग्रवादी युद्ध का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि 2019 में श्रीलंका ने ईस्टर संडे हमलों में चरमपंथी धार्मिक आतंकवादियों द्वारा मचाई गई तबाही देखी जिसमें 250 से अधिक लोग मारे गए थे। उन्होंने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के साथ क्रूर संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा, उससे पहले 2009 तक देश को 30 वर्षों तक एक अलगाववादी उग्रवादी युद्ध का सामना करना पड़ा। आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती है जिससे निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार अति आवश्यक है: जी 4

भाषा। न्यूयॉर्क

**भारत**, ब्राजील, जर्मनी और जापान ने फिर दोहराया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई और अस्थाई सदस्यों की संख्या में विस्तार के जरिए उसमें सुधार करना अति आवश्यक है ताकि यह वैश्विक निकाय अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में जटिल और बदलती चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सकें।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री कार्लोस अल्बर्टो फ्रांको फ्रैंका, जर्मनी के संघीय विदेश मंत्री हीको मास और जापान के विदेश मंत्री मोतेगी तोशिमित्शू ने बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के दौरान मुलाकात की। जी4 मंत्री स्तरीय संयुक्त प्रेस बयान में कहा गया है कि इन देशों ने सुरक्षा परिषद को अधिक तर्कसंगत, प्रभावी और सभी का प्रतिनिधित्व करने वाला बनाने के लिए उसमें सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।

### स्थाई शांति के लिए सार्थक सुलह आवश्यक है: राजपक्षे

**संयुक्त राष्ट्र**। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने कहा कि देश में स्थाई रूप से शांति हासिल करने के लिए घरेलू संस्थानों के जरिए तमिल समुदाय से सार्थक सुलह आवश्यक है। उन्होंने इस बार पर जोर दिया कि उनकी सरकार इस प्रक्रिया में सभी पक्षकारों को शामिल करने तथा अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों का सहयोग हासिल करने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय चर्चा को बुधवार को संबोधित करते हुए राजपक्षे ने कहा, 2009 तक देश को 30 वर्षों तक अलगावादी उग्रवादी युद्ध का सामना करना पड़ा था।

बयान में कहा गया है, कि जी4 मंत्रियों ने पुन: दोहराया कि सुरक्षा परिषद में स्थाई और अस्थाई सदस्यों की दोनों श्रेणियों में विस्तार के लिए उसमें सुधार अति आवश्यक है ताकि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए जटिल और बदलती चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सकें और अपने कर्तव्यों का प्रभावी तरीके से निर्वहन कर सकें। जी4 मंत्रियों ने सुरक्षा परिषद में नए स्थाई सदस्यों के तौर पर शामिल होने के लिए एक-दूसरे की उम्मीदवारी का समर्थन किया।

इस साल जनवरी में भारत दो साल के कार्यकाल के लिए अस्थाई सदस्य के तौर पर सुरक्षा परिषद में शामिल हुआ है और उसका कार्यकाल दिसंबर 2022 में समाप्त हो जाएगा। भारत ने अगस्त में सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता भी की। जी4 देश पारंपरिक रूप से संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय वार्षिक सत्र के इतर मुलाकात करते हैं। इस बैठक के बाद जयशंकर ने जी4 विदेश मंत्रियों की एक तस्वीर ट्वीट की और कहा कि भारत ने बहुपक्षवाद में सुधार की आवश्यकता पर स्पष्ट संदेश भेजा है। तय समय सीमा में ठोस नतीजों का आह्वान किया है।

# संरा के नस्लवाद विरोधी लक्ष्यों को लेकर फिर जताई गई प्रतिबद्धता

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा ने 2001 के एतिहासिक लेकिन विवादास्पद नस्लवाद विरोधी सम्मेलन की स्मृति में वर्षगांठ बैठक आयोजित कर दुनिया भर में नस्लवाद से निपटने के लिए प्रयासों को दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताई लेकिन इस पर एक बार फिर मतभेद देखने को मिले।

दक्षिण अफ्रीका के डरबन में दो दशक पहले हुए सम्मेलन को याद करते हुए महासभा ने एक प्रस्ताव को स्वीकार किया जिसमें कुछ प्रगतियों को स्वीकार किया गया लेकिन अफ्रीकी विरासत और कई अन्य समूहों जैसे रोमा शरणार्थियों के खिलाफ, युवा से लेकर बूढ़ों तक, विकलांग लोगों से लेकर विस्थापित हुए लोगों को निशाना बनाकर किए जाने वाले भेदभाव, हिंसा और असहिष्णुता में वृद्धि की निंदा की। अफ्रीकी विरासत वाले लोगों के लिए मुआवजे और नस्ली न्याय पर केंद्रित एक बैठक में, महासभा ने गुलामी, उपनिवेशवाद और नरसंहार के प्रभावों की ओर इशारा किया और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अफ्रीकी मूल के लोग राष्ट्रीय संस्थानों के माध्यम से पर्याप्त हर्जाना या संतुष्टि प्राप्त कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वीडियो के माध्यम से सभा से कहा कि अफ्रीकियों के लाखों वंशज जिन्हें गुलामी में बेच दिया गया था, वे अल्पविकास, नुकसान, भेदभाव और गरीबी के जीवन में अब भी फंसे हुए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से मानव जाति के इतिहास में सबसे स्याह समय में से एक और अद्वितीय बर्बरता के अपराध के लिए क्षतिपूर्ति के मुद्दे को उठाने का आग्रह किया।

महासभा के प्रस्ताव में धार्मिक पूर्वाग्रहों- विशेष रूप से मुस्लिम विरोधी, यहूदी विरोधी और ईसाई विरोधी पूर्वाग्रहों के कारण होने वाली बुराइयों का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन 20 साल पहले डरबन बैठक के बारे में लगातार शिकायतें किए जाने के कारण इजराइल, अमेरिका और कुछ अन्य देशों ने बैठक का बहिष्कार किया। वहां, अमेरिका और इजराइल इसलिए पीछे हट गए थे।

## बाइडन-मैक्रों की बातचीत के बाद मनमुटाव कम हुआ

एपी। पेरिस

**अमेरिका** और फ्रांस के रिश्तों में दशकों में आई सबसे बड़ी दरार फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद भरती दिखाई दे रही है। बुधवार को फोन पर आधे घंटे तक हुई बातचीत को व्हाइट हाउस ने मैत्रीपूर्ण करार दिया है जिसमें दोनों नेताओं ने आगे की रणनीति पर बात करने के लिए अगले महीने मुलाकात करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के रिश्तों में उस वक्त कड़वाहट आ गई थी जब अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने पिछले हफ्ते नए हिंद-प्रशांत रक्षा सौदे की घोषणा की थी और फ्रांस ने इस पर आपत्ति जताई थी क्योंकि इसके कारण पनडुब्बी को लेकर उसका ऑस्ट्रेलिया के साथ अरबों का एक अनुबंध समाप्त हो गया था।



न्यूयार्क में यूनाइटेड नेशन की बैठक के दौरान युक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दिमोर जेलेंसकी से मिलते ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन

# स्पेन के द्वीप पर लावा फैलने से और अधिक नुकसान का खतरा

एपी। तोदोक

**स्पेन** के कैनरी आयलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट से निकले लावे की गति काफी धीमी हो गई है, जिससे बृहस्पतिवार को यह संदेह पैदा हो गया कि कहीं यह पूरे आयलैंड में तो नहीं फैल जाएगा तथा समुद्र में बहने के बजाय कहीं अधिक घरों को तो नष्ट नहीं कर देगा।

बुधवार को मैदानी इलाके में पहुंचने के बाद लावे की विशाल नदी की रफ्तार चार मीटर (13 फुट) प्रति घंटे तक धीमी हो गई। ला पाल्मा द्वीप पर विस्फोट के एक दिन बाद सोमवार को यह 700 मीटर (2,300 फुट) प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था।

अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे इसका प्रवाह धीमा हुआ, लावे की परत मोटी होती गई। कई जगहों पर यह 15 मीटर (50 फुट) तक ऊंचा हो गया है। लावा अब 166 हेक्टेयर (410 एकड़) में फैला है और लगभग 350 घरों को निगल चुका है। लावे की गति धीमी होने से इसके रास्ते में आने वाले शहरों के निवासियों को अपना सामान एकत्रित करने के लिए समय मिल गया। साथ ही गार्डिया सिविल पुलिस बल बृहस्पतिवार सुबह तट के करीब तोदोक में रहने वाले लोगों को उनके घरों तक ले गए।

गार्डिया सिविल ने कहा कि क्षेत्र में विस्फोट से पहले बढ़ी भूकंपीय गतिविधियां अब थम गई हैं। कैनरी आइलैंड्स ज्वालामुखी संस्थान ने कहा कि ज्वालामुखी के मुख से पिघला हुआ लावा, राख और धुआं निकलता रहा, जिसकी ऊंचाई 4,200 मीटर (लगभग 14,000 फीट) थी। इससे इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि क्या द्वीप के ऊपर का हवाई क्षेत्र खुला रखा जा सकता है। स्पेन के हवाई क्षेत्र का प्रबंधन करने वाले ईएनएआईआरई ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र के ऊपर के दो क्षेत्रों को नो-फ्लाई जोन घोषित किया जा रहा है ताकि आपातकालीन सेवाओं को स्वतंत्र रूप से संचालित किया जा सके। ला पाल्मा में आने और जाने वाली कुछ उड़ानों में बृहस्पतिवार को देरी हुई।

द्वीप पर तैनात आपातकालीन सैन्य इकाई ने कहा कि उसने हवा की जांच की है, उसमें स्वास्थ्य के लिए कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि संपत्ति, बुनियादी ढांचे और खेतों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

वैज्ञानिक ज्वालामुखी गतिविधि की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने संभावित विस्फोट की चेतावनी दी थी। इससे लगभग 7,000 लोगों को समय पर निकाला जा सका।

# टीका लगवा चुकी गर्भवती महिलाओं से नवजातों को भी मिलती है एंटीबॉडी: अध्ययन

भाषा। वाशिंगटन

**जो** महिलाएं गर्भावस्था के दौरान कोविड-19 रोधी मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड टीके की खुराक लेती हैं वे अपने शिशुओं को उच्च स्तर की एंटीबॉडी देती हैं। एक अध्ययन में यह सामने आया है। अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि कोविड-19 रोधी टीकों की प्रभाविता सही एंटीबॉडी और संक्रमण से लोगों को बचाने में सक्षम रक्त प्रोटीन का उत्पादन करने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि क्या यह सुरक्षा माताएं जन्म से पहले अपने शिशुओं तक पहुंचा सकती है, यह अब भी एक सवाल बना हुआ है। अमेरिकन जर्नल ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकोलॉजी मैटरनल-फीटल मेडिसिन में बुधवार को प्रकाशित अध्ययन उन 36 नवजातों पर किया गया जिनकी माताओं ने गर्भावस्था के दौरान फाइजर या मॉडर्ना के कोविड-19 रोधी टीके की खुराक ली थी।

अमेरिका में एनवाईयू ग्रॉसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन के अगुवाई वाले दल ने पाया कि 100 प्रतिशत शिशुओं में जन्म के समय सुरक्षात्मक एंटीबॉडी थे।

एनवाईयू लैंगोन में हैसनफेल्ड चिल्ड्रंस हॉस्पिटल में सहायक प्रोफेसर और अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका जेनिफर एल लाइटर ने कहा कि हालांकि नमूने का आकार छोटा है लेकिन यह प्रोत्साहित करने वाला है कि यदि महिलाएं टीका लगवाती हैं तो नवजात शिशु में एंटीबॉडी का स्तर अधिक होता है।

# सऊदी अरब के शाह सलमान ने ईरान के साथ सीधी बातचीत की उम्मीद जाहिर की

एपी। दुबई

**सऊदी** अरब के शाह सलमान ने ईरान के साथ उनके साम्राज्य की सीधी बातचीत से विश्वास कायम होने की उम्मीद जाहिर की है। दोनों कटु क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी कई वर्षों के तनाव के बाद बातचीत की दिशा में अब छोटे-छोटे कदम उठा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में बुधवार को उनका पूर्व रिकॉर्डेड भाषण प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा कि ईरान, सऊद्दी अरब का एक पड़ोसी है और उनके साम्राज्य को उम्मीद है कि दोनों देश ऐसे परिणाम पर पहुंच सकते हैं, जो क्षेत्रीय आकांक्षाओं को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

उन्होंने हालांकि आगाह किया कि उनके बीच संबंध राष्ट्रीय संप्रभुता के सम्मान और सांप्रदायिक विद्रोहियों की मदद बंद करने पर ही कायम हो सकते हैं। ईरान की अर्ध-सरकारी मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर दोनों देशों के अधिकरियों के बीच न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई। खबर के अनुसार, ईरान, सऊद्दी अरब, तुर्की, कतर, मिस्र, कुवैत, जॉर्डन और फ्रांस के विदेश मंत्रियों और अधिकारियों ने बैठक की।

इसमें यूरोपीय संघ के नीति प्रमुख भी शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता इराक के विदेश मंत्री ने की। मेहर ने इरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दोल्लाहियां के हवाले से कहा कि ईरान सरकार की प्राथमिकता अपने पड़ोसियों के साथ और क्षेत्र में संबंधों को मजबूत और विकसित करना है।

मेहर के अनुसार उन्होंने मंगलवार को न्यूयॉर्क में फिनलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्विटजरलैंड और क्रोएशिया के विदेश मंत्रियों से भी मुलाकात की।

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी वैश्चिक महामारी कोविड-19 के कारण ईरान में ही हैं। उनका भी पहले से रिकॉर्डेड भाषण मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रसारित किया गया था।

## यमन में 1.6 करोड़ लोग भुखमरी की कगार पर: संयुक्त राष्ट्र

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र खाद्य एजेंसी के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि यमन में 1.6 करोड़ लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं और अगर फिर से वित्त पोषण नहीं मिला तो अक्टूबर में युद्धग्रस्त देश में लाखों लोगों के लिए राशन में कटौती की जाएगी। डेविड बीसले ने यमन मानवीय संकट पर एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि इस साल की शुरुआत में जब विश्व खाद्य कार्यक्रम में वित्त पोषण की कमी हो रही थी तो अमेरिका, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, सऊद्दी अरब और अन्य दानदाता आगे आए और उसकी वजह से हम अकाल और विपत्ति को टाल सके। उन्होंने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम में फिर से वित्त पोषण की कमी हो रही है और बिना वित्त पोषण के अक्टूबर में 32 लाख और दिसंबर तक 50 लाख लोगों के लिए राशन में कटौती की जाएगी। मार्च में एक वर्चुअल सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस साल यमन के लिए 3.85 अरब डॉलर की सहायता देने की अपील की थी।

# हर व्यक्ति की रोग प्रतिरोधी क्षमता अलग-अलग होती है

**अध्ययन**

भाषा। यूट्रेक्ट (नीदरलैंड)

**ऐसा** प्रतीत होता है कि हर व्यक्ति की रोग प्रतिरोधी प्रणाली अलग होती है। मैंने और मेरे सहयोगियों ने स्वस्थ और बीमार लोगों के रक्त में एंटीबॉडी को मापने के बाद रोग प्रतिरोधी क्षमता में इस विविधता का पता लगाया। यह अनुसंधान यह बता सकता है कि कोविड-19 के टीके कुछ लोगों के लिए कम प्रभावी क्यों प्रतीत होते हैं। इसी के साथ यह व्यक्तियों में विशेष रूप से प्रभावी एंटीबॉडी की पहचान करने और उन्हें प्राप्त करने तथा दूसरों को ठीक करने में उनके उपयोग की संभावना की जानकारी देता है।

हमारे रोजाना जीवन में हमारे शरीर का कई कीटाणुओं से सामना होता है और वे उस पर हमला करते हैं। वे हमारे शरीर पर नियंत्रण हासिल करने के लिए हमारे शरीर में बड़ी चतुराई से प्रवेश करते हैं। सौभाग्य की बात है कि हमारे पास एक शक्तिशाली सुरक्षा प्रणाली, हमारी रोग प्रतिरोधी क्षमता है। यदि हमारी रोग प्रतिरोधी क्षमता अच्छे से काम करती है, तो हम लगातार एवं आक्रामक तरीके से हम पर हमला करने वाले अधिकतर कीटाणुओं से सफलतापूर्वक लड़ सकते हैं।

हमलावर कीटाणुओं को बेअसर करने के लिए हमारे शस्त्रागार में प्रोटीन अणु हमारे हथियार होते हैं जिन्हें एंटीबॉडी कहा जाता है।

हर कीटाणु से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए अलग हथियारों (एंटीबॉडी) की आवश्यकता होती हैं। अच्छी बात यह है कि हमारे शरीर ने अरबों विभिन्न एंटीबॉडी मुहैया कराए हैं, लेकिन ए सभी एंटीबॉडी एक ही समय पर नहीं बन सकते। अक्सर कुछ विशेष एंटीबॉडी किसी एक विशेष कीटाणु के हमले के समय ही बनते हैं। यदि हम जीवाणुओं से संक्रमित होते हैं, तो हम उन जीवाणुओं पर हमला करने और उन्हें मारने के लिए एंटीबॉडी बनाना शुरू कर देते हैं। यदि हम कोरोना वायरस से संक्रमित होते हैं, तो हम उस वायरस को बेअसर करने के लिए एंटीबॉडी बनाना शुरू कर देते हैं। फ्लू वायरस से संक्रमित होने पर भी हम फिर से अन्य एंटीबॉडी बनाते हैं।

एक समय यह ज्ञात नहीं था कि रक्त में कितने अलग-अलग एंटीबॉडी बनते हैं और हमारे रक्त में कितने एंटीबॉडी मौजूद होते हैं। कई वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि यह कई अरब से अधिक हैं और इसलिए लगभग अथाह है।

हैरान करने वाली दो बातें सैद्धांतिक रूप से, हमारे शरीर में हजारों अरबों विभिन्न एंटीबॉडी बनाने की क्षमता है, लेकिन पहला आश्चर्य तब हुआ जब हमने देखा कि स्वस्थ और रोगग्रस्त दोनों लोगों के रक्तप्रवाह में उच्च सांद्रता में केवल कुछ सौ अलग-अलग एंटीबॉडी मौजूद थे। हमें दूसरी बार हैरानी तब हुई, जब रक्त की कुछ बूंदों से इन प्रोफाइलों का अध्ययन करते समय हमने देखा कि रोगाणुओं के खिलाफ हर व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग प्रतिक्रिया देती है और प्रत्एक व्यक्ति की एंटीबॉडी प्रोफाइल अलग होती है।

इन एंटीबॉडी की सांद्रता बीमारी के दौरान या टीकाकरण के बाद एक अनोखे तरीके से बदल जाती है। परिणाम यह बता सकते हैं कि क्यों कुछ लोगों को फ्लू या कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा अधिक होता है या वे दूसरों की तुलना में कुछ बीमारियों से तेजी से ठीक क्यों होते हैं। अब तक वैज्ञानिक मानते थे कि रक्त में एंटीबॉडी के अत्यधिक जटिल मिश्रण का सटीक रूप से पता लगाना असंभव है, लेकिन मास स्पेक्ट्रोमेट्री पदार्थों को उनकी आणविक संरचना के आधार पर अलग करती है, और चूंकि प्रत्एक विशिष्ट एंटीबॉडी की एक अलग आणविक संरचना होती है, इसलिए हम सभी एंटीबॉडी को व्यक्तिगत रूप से मापने के लिए तकनीक का पता लगाने में सफल रहे।

इस पद्धति का उपयोग लगभग 100 लोगों में एंटीबॉडी प्रोफाइल को मापने के लिए किया गया है। इन लोगों में कोविड-19 रोगी और कोविड-19 के टीके वाले लोग शामिल थे।

एक बार भी ऐसा नहीं हुआ, जब हमें दो अलग-अलग लोगों में एक ही एंटीबॉडी मिली हों, भले ही उन्होंने एक ही टीका लगवाया हो। यह कहना उचित है कि हर किसी की एंटीबॉडी प्रोफाइल उनके फिंगरप्रिंट यानी उंगलियों के निशान की तरह ही अद्वितीय होती है।



## इंटीरियर डिजाइनिंग तत्वों में संतुलन बनाने की बात कर रहे हैं अभिषेक चड्ढा

# बदलते समय के अनुकूल



महामारी ने कई लोगों के जीवन में उथल-पुथल मचा दी है और अनगिनत व्यावसायिक प्रयासों को प्रभावित किया है। वैश्विक मंदी के कारण मुनाफे में भारी कमी होने से छोटे परिवारिक व्यवसायों और कंपनियों को फसल की मार का सामना करना पड़ रहा है। महामारी से बचने और सफल होने के बीच संतुलन बनाने हेतु, कंपनियां प्रदर्शन-योग्य योग्यताओं के खाते बनाती हैं। वायरस के प्रकोप और उसके कारण लगे लॉकडाउन ने अथाह काम को रोक दिया और लंबित कर दिया और कई उद्यमों के लिए परीक्षा के रूप में सामने आया। इस कठिन समय के दौरान, नेताओं के लिए यह समय की आवश्यकता है कि वे पहल करें और संघर्षरत उद्योग में 'पेशेवर' होने के मूल अर्थ को आगे बढ़ाएं और उसे पुन: परिभाषित करें। नयी वास्तविकता के उभार के कारण - जो हर एक के लिए साझा कहानी बनकर सामने आई है, लॉकडाउन ने नागरिकों के दिलों में अनेक नकारात्मक भावनाओं को जन्म दिया है। चूंकि लोग घर पर रहने के लिए बाध्य हैं, इसलिए हर व्यक्ति आज अपने नए सामान्य का मूल्यांकन करने की कोशिश कर रहा है। महामारी ने खुले या बाह्य स्थलों और पर्याप्त तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता को मजबूती दी है। हालांकि, आज लोग उन बाहरी सुविधाओं के साथ भी उत्साहित हैं, जिन्हें उन्होंने इस लॉकडाउन अवधि के दौरान सबसे अधिक याद किया है। उच्च -स्तरीय

आरामदायक आवासीय डिजाइनरों के लिए भविष्य एक उपजाऊ जमीन बन गया है। अपने परिसरों के आराम के साथ लुभावने दृश्यों को प्रेरित करने के लिए बेसमेंट और छतों को नवीनीकृत करने का समय आ गया है। इसलिए, आर्किटेक्ट डिजाइन में संतुलन बनाने के लिए विभिन्न क्रमपरिवर्तन और संयोजन के साथ प्रयोग कर रहे हैं जहां वे इन सुविधाओं और चिकित्सीय जीवन को एक साथ शामिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### माफी से बेहतर सुरक्षित

घरों की योजना बनाते समय हमें जिस चीज को प्राथमिकता देने की जरूरत है, वह है रहने की जगह की जवाबदेही और अनुकूलन क्षमता। बाह्य स्थल, महत्व प्राप्त करते हुए, अतिआवश्यक मनोरंजक समय के लिए अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। इन स्थानों में आंगन, गैलरी और पोर्च शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में बाहरी स्थल एक वरदान हैं। इस तरह के स्थान एक परिवार, या व्यक्तियों को, अपने लिए गुणवत्तापूर्ण समय प्रदान करते हैं, जिससे घर को अधिक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है। बाहर की ओर के जो रिक्त स्थान हैं और बैठने की जगहें हैं, रहने वालों को बहुत जरूरी राहत देते हैं। बैठने की जगह लाउंज और झूलों के रूप में मौजूद हैं।

यदि कोई महामारी के दौरान या बाद में लोगों से मिलना जुलना चाहता है तो सामाजिक दूरी होना महत्वपूर्ण है। इसलिए, कोविड के बाद की दुनिया में डिजाइन किए गए सभी स्थानों को परस्पर सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए बनाना चाहिए जहां लोगों के घुलने-मिलने के लिए पर्याप्त जगह मिलनी चाहिए। चूंकि महामारी ने लोगों को घर के अंदर रहने के लिए मजबूर कर दिया है, इसलिए रसोई घर का केंद्र बिंदु बन गया है। अति-अपेक्षित कार्यक्षमता को पूरा करने के लिए, पेंट्री आकार बढ़ रहे हैं जो अतिरिक्त भंडारण स्थान से लैस हैं।

### घर से काम करना - नया सामान्य

जैसे-जैसे वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) मामलों का अनुपात बढ़ता है, मनभावन और रचनात्मक स्थान मौज-मस्ती के लिए होते हैं और घर के अन्य अनौपचारिक क्षेत्रों के साथ सह-अस्तित्व के लिए विश्राम को शामिल किया जा रहा है। बेहतर डब्ल्यूएफएच संस्कृति की पूर्ति के लिए नए इंटीरियर डिजाइन मॉडल को लचीला बनाया जा रहा है। बेरोकटोक आवाजाही के लिए पर्याप्त भंडारण स्थान और अलमारियों का प्रावधान शामिल किया जा रहा है। आदर्श घर-कार्यालय वातावरण की पेशकश करने के लिए पर्याप्त धूप, सुव्यवस्थित डेस्क, ताजा रंग और आरामदायक फर्नीचर के साथ तटस्थ, अल्पतम सौंदर्यशास्त्र की रचना करना अब धीरे-धीरे एक आदर्श बन गया है। खुली अलमारियों के साथ एक काम करने वाला कोना निर्मित करना एक संगठित फाइलिंग सिस्टम बनाता है, जो कार्यक्षेत्र को एक अतिव्यवस्थित संरचना प्रदान करता है। क्लाइंट की प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए, आरामदायक कामकाजी माहौल की पूर्ति के लिए होम ऑफिस ढांचे तैयार किए जा रहे हैं।

बेहतर कोविड उपरांत डिजाइन -समय की मांग

न्यूनतम संपर्क सुनिश्चित करने के लिए, हाल ही में होम ऑटोमेशन सिस्टम पर अधिक ध्यान दिया गया है। नो-टच डोर, स्मार्ट लाइट सहित, इंटेलिजेंट होम स्ट्रक्चर ने अधिकतम आराम और उत्पादकता प्रदान करते हुए घरेलू दक्षता में सुधार किया है। महामारी ने साबित कर दिया है कि स्थानों को सामान्य दृष्टि से भिन्न ढंग से सोचने की आवश्यकता है। पारंपरिक प्रथाओं के साथ आधुनिक तकनीक के सम्मिश्रण का नया रोजगार सामने आया है। सतहों पर तांबे को फिर से देखा जा रहा है क्योंकि यह बैक्टीरिया नाशक माना जाता है। धूल उपचार प्रणाली और जीवाणुरोधक फिनिश जैसी सुविधाओं का उपयोग करना आज मांग में आ गया है।

घर पर रहने ने हर किसी को मजबूर किया है कि वह अपनी वास्तविक जरूरतों पर पुनर्विचार करे और समस्त पीढ़ियों हेतु सुरक्षित वातावरण के लिए बहुआयामी, सुरक्षित स्थान निर्मित करें जो सिर्फ चलन नहीं बल्कि एक नई डिजाइन आवश्यकता बन गया है। इस महामारी ने लोगों को एक कदम पीछे खींचने के लिए प्रेरित किया कि वे आराम व शांति के लिए इसमें बदलाव लाएं और अपने मौजूदा वातावरण को ठीक करें। अंततोगत्वा, हम सभी मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से आरामदायक जीवन पाना चाहते हैं और हमारे घर हमारी जीवन शैली का चित्रण होने के अलावा, बस यही चीज को प्रदान करते हैं।

**(लेखक बैंगलोर स्थित इंटीरियर डिजाइन कंपनी द कारीगर्स के संस्थापक और सीईओ हैं)**

# मिड मैड मॉड

## मध्य सदी के आधुनिक डिजाइन

**कीया और मंडावी की कहानी को सामने लाते हुए उमा नायर मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों के पुनरुत्थान की बात कर रही हैं, जो घर की सजावट में उच्च गुणवत्ता की पेशकश करते हैं।**

वैश्विक महामारी के बीच कहीं, दो महिलाओं ने विलाप किया कि शहर में अच्छे, किफायती और सुलभ घरेलू सजावट की चीजें खोजना इतना मुश्किल क्यों है? कीया और मंडावी ने दुनिया भर से दुर्लभ चीजों की खोज करने का अपना जुनून साझा किया और सोचा कि क्या उन्हें सभी के लिए सुलभ बनाना संभव हो सकता है। वे हर रोज कम कीमत पर लेकिन उच्च महत्तावाले उच्च गुणवत्तापूर्ण डिजाइन चाहते थे। मिड मॉड मैड इंस्टाग्राम पर स्टाइल का एक असामान्य और विचित्र रूप से जिज्ञासु एम्पोरियम है। यह एक लार्क के रूप में शुरू हुआ, जो एक साधारण विचार था और कई वार्तालापों के इर्द-गिर्द रचा गया था। दो दोस्तों - एक रणनीति और स्थिरता सलाहकार, एयरबीएनबी सुपरहोस्ट और उद्यमी, दूसरा (बहुत) वरिष्ठ कॉर्पोरेट एक्जीक्यूटिव, एयरबीएनबी सुपरहोस्ट और उद्यमी - ने इस बात पर अफसोस जताया कि भारत में घर की सजावट और डिजाइन की दुनिया को कैसे उदासीन, अनिच्छुक और अत्यधिक बॉक्सी और कुकी-कटर महसूस किया गया।



जिज्ञासु, व्यापक दृष्टि वाला प्रयोग कहां था जिसके लिए विदेशी, डिजाइन के शौकीन, मैन्युफैक्चरर्स और सौदागर भारत आते रहे थे?

कीया का कहना है, ''हम दोनों ने साइबरस्पेस में कहीं एक मंच का सपना देखा था, जहां शहर के साहसी गृह-स्वामी और सज्जाकार विशिष्टता के साथ अने किफायती घरेलू सामान, सजावट और कलाकृतियां खोज सकें। आप जानते हैं, बिलकुल, विदेशों में उन पुराने स्टोरों की तरह? मुझे लगता है कि हम दोनों हमेशा अपने पसंदीदा सस्ते / विंटेज स्टोर और वैश्विक बाजारों की सुंदरता और उत्साह को एक आम बैठक स्थल पर लाना चाहते थे।''

मांडवी हंसती हैं,''हम यह विचार पसंद है कि हम जो पेशकश करते हैं वह हमेशा बदल जाएगा और हमारे जीवन से पसंदीदा स्मृति चिन्हों की तरह, प्रत्येक के पास साझा करने लायक कहानी होगी - चाहे वह हाथ से पीटा गया, तांबे के फूलों का झूमर हो जिसे थाईलैंड से घर वापस खींच लिया गया था या वह आश्चर्यजनक विंटेज एक गैलरी रिम वाला सिल्वर ट्रे हो जिसे मैं बार्सिलोना के पिस्सू बाजार या कंबोडियाई अप्सराओं में खोजने के लिए सुबह 6 बजे उठी, जिसे कीया ने एक सड़क के कलाकार को चाकू के अलावा कुछ भी नहीं पेंट करने के लिए मजबूर किया क्योंकि उसके पास ब्रश नहीं था हालांकि उसने उसे समझाने की भरपूर कोशिश की थी कि वह एक इंप्रेशनिस्ट था, जबकि उसे खुद नहीं पता था कि इसका मतलब क्या है।'' मिड मॉड मैड का मतलब भव्य सामानों से भरा एक छिपा हुआ रत्न है, जो सभी किस्म के कुछ सेकंड हैं। यदि आपने इसके बारे में नहीं सुना है, तो आश्चर्यचकित न हों, उनके पास कोई गोदाम या ईंट और मोर्टार की दुकान नहीं है, न ही उनके पास कोई वेबसाइट है। इन्वेंट्री, जो नए अधिग्रहणों और बिक्री की वजह से बदलती रहती है, जो इंस्टाग्राम पर कलात्मक पोस्ट /कहानियों के माध्यम से अपडेट की जाती है। उनका वर्तमान स्टॉक घरेलू सजावट के पीसेस के लिए समर्पित है जो या तो फैक्टरी सेकंड हैं, या सुरुचिपूर्ण ढंग से पुराने या कोमलता से उपयोग किए जाते हैं। कुछ निर्यात सरप्लस, दिनांकित डिजाइन नमूने, या प्रयोग हैं जो थोड़ा गलत हो गए हैं।

**मध्य शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों का क्रैश कोर्स**

अमेरिका में मध्य-शताब्दी की आधुनिक शैली का इतिहास लगभग 1940 के दशक में शुरू होता है, हालांकि इसका उदय 1950 के दशक के मध्य से 1960 के दशक के मध्य तक था। इस आंदोलन की उत्पत्ति जर्मनी, हॉलैंड और फ्रांस में हुई है। यह बॉहॉस - जर्मनी में एक कला विद्यालय - द्वारा ऐसे लोकप्रिय विचार केन्द्र से काफी प्रभावित है - जिसने प्रथम विश्व युद्ध (डब्ल्यूडब्ल्यू -1) को पोस्ट करना शुरू किया था। मौलिक रूप से सरलीकृत डिजाइनों के बारे में सोचें जहां आकार कार्य का पालन करता है, सामग्री का उत्सव, दृश्य निर्माण तत्व, अतिसूक्ष्मवाद और सबसे महत्ववपूर्ण है एक महान डिजाइन के प्रति समर्पण। अमेरिका में इस आधुनिक दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति अधिक जैविक थी और प्रकृति से जुड़ी हुई थी। जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के अमेरिका में उपनगरीय क्षेत्रों का विस्तार शुरू हुआ, तो मध्य-शताब्दी की आधुनिक शैली भी विकसित हुई।

''मध्य-शताब्दी आधुनिक'' शब्द आंदोलन समाप्त होने के बाद बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया गया था, जब लेखक कारा ग्रीनबर्ग ने दौर से संबंधित अपनी पुस्तक के शीर्षक के लिए इस वाक्यांश का इस्तेमाल किया था। पुस्तक 1984 में लिखी गई थी, और तब से इस शब्द का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है।

**नियोजित सामग्री**- मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइन उन सामग्रियों का जश्न मनाते हैं जिनका वे छिपाने या दबाने के बजाय उपयोग करते हैं। 50 और 60 के दशक में, डिजाइनर अपेक्षाकृत नई सामग्री, जैसे प्लास्टिक, ल्यूसाइट और प्लाईवुड का उपयोग करने को लेकर उत्साहित थे, लेकिन वे लकड़ी जैसी अधिक पारंपरिक सामग्रियों पर भी बहुत अधिक निर्भर थे - विशेष रूप से पुन: प्राप्त लकड़ी और कांच और संगमरमर से अपसाइक्लिंग अपशिष्ट सामग्री उद्योग (मसलन टेराजो)। आज के डिजाइन मोल्डेड फाइबरग्लास और प्लास्टिक के साथ-साथ जैविक सामग्री के अनुरूप हैं।

मध्य शताब्दी की आधुनिक शैली में, अल्प अधिक है, लेकिन यह निश्चित रूप से उबाऊ नहीं है। सामग्री को सावधानी से चुना जाता है और दिलचस्प तरीकों से उपयोग किया जाता है। रंग के चबूतरे दिलचस्पी बढ़ाते हैं। और पूर्वगामी फुलाव और अलंकरण मध्य-शताब्दी के फर्नीचर के लुभावने आकार को केन्द्र में ले जाने का मौका देता है।

**मिडमॉड वापसी क्यों कर रहा है?**

हालांकि यह लगभग 75 वर्षों से ज्यादा समय से है, मगर यह शैली कुछ भी हो, लेकिन पुरानी है। मध्य-शताब्दी के आधुनिक डिजाइन ने हाल ही में वापस लोकप्रियता पाई है, और यह देखना आसान है कि क्यों। डिजाइन का स्वच्छ, सरल आकार में होना एक स्थायी गुण होता है जो अभी भी आवेग महसूस करता है। लोग आज अव्यवस्था को कम करने और अपने रिक्त स्थान को भरने का लक्ष्य बना रहे हैं, और मध्य शताब्दी का न्यूनतम दृष्टिकोण (स्कैंडिनेवियाई डिजाइन के समान) इसमें सही बैठता है जैसे-जैसे लोग तेजी से प्रकृति के साथ संबंध बनाने की ओर अग्रसर हैं, मध्य शताब्दी के आधुनिक डिजाइनों के जैविक तत्व लोकप्रियता की अपील को वापस प्राप्त करते हैं। दोनों तरफर सेउस युग के प्रति रूमानी यादों की भावना है, एक तरफ वे लोग जो इसे जीते थे और दूसरे वे जिन्होंने इसे देखा है, जिसे शो में मैडमेन के रूप में हाइलाइट किया गया है। डिजाइन को अपनाना आज एक व्यापक निरंतरता का हिस्सा बनता है, जिसमें कुछ लोग समूचे घरों को शैली में सजाते हैं तो कुछ अन्य कुछ ऐसे खास टुकड़ों को चुनते हैं जो उनके स्वाद के अनुकूल होते हैं।


# प्रकृति, परंपरा और बहुत कुछ


## इंडिया कॉउचर वीक में कढ़ाई और शिल्प का बोलबाला रहा

### रेनू टंडन









प्रकृति के उपहारों को ध्यान में रखते हुए, डिजाइनर रेनू टंडन ने एफडीसीआई इंडिया कॉउचर वीक 2021 में अपने संग्रह के लिए सनकी अतियथार्थवाद को थीम के रूप में मनाया।

रेनू ने व्यक्त किया कि संग्रह, जूरी, एक रोमांचक असामान्य अनुभव था। भारी स्वारोवस्की अलंकृत साग, नूड्स, पिंक से लेकर समृद्ध क्लासिक पीस, टोन-ऑन-टोन मिरर किए गए लहंगे, अनारकली, पारंपरिक साड़ी, शरारा और घरारा संग्रह एक बयान देने के लिए बाध्य था।

संग्रह को तीन भागों में विभाजित किया गया था जिसमें हरे, गुलाबी और नग्न रंगों का प्रदर्शन किया गया था। रेनू के लिए, यह सीज़न रंगों के टकराव वाले बहुरूपदर्शक में छलांग लगाने वाला था।

सुंदर पेस्टल रंगों में युवा लड़कियों के लिए हल्के और आकर्षक पोशाक के साथ संग्रह खोला गया, जो बहुत सारे फूलों, गुलाब की पंखुड़ियों, पत्तियों और एक स्वप्निल रूप के साथ दिखाया गया था, जो इसे प्रकृति के जितना संभव हो सके रखने के लिए सूरज की किरणों के साथ खेल रहा था। इसके बाद यह मोती और स्वारोवस्की के साग और बहु-रंगों के साथ जटिल कढ़ाई में परिवर्तित हो गया - मेहंदी, कॉकटेल और पूर्व-विवाह कार्यों के लिए आज दुल्हन और परिवारों द्वारा पसंद किए जाने वाले रंग। संग्रह के अंतिम हिस्से में कारमेल, बेज और न्यूट्रल की एक श्रृंखला दिखाई गई - एक क्लासिक लुक जिसे आप कॉकटेल और संगीत से लेकर रिसेप्शन तक किसी भी समारोह में पहन सकते हैं, अपने पहनावे में रंग जोड़ने के लिए विभिन्न आभूषणों के साथ जोड़ा जा सकता है।

''ज़ूरी के सिल्हूट को सभी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था, जिससे संग्रह बहुमुखी और कालातीत हो गया। नग्न मेरे पसंदीदा हैं, क्योंकि इसे किसी भी समारोह में पहना जा सकता है। मैं चाहता हूं कि मेरी दुल्हनें सुरुचिपूर्ण दिखें, जबकि पुरानी दुनिया की शादी के आकर्षण को समकालीन तरीके से बनाए रखें'', डिजाइनर ने लॉन्च पर बोलते हुए कहा।


### वरुण बहल



दुनिया भर के महान डिजाइनर भारत के मास्टर कारीगरों के हाथों से बनाई गई सबसे उत्तम कढ़ाई का उपयोग करते हैं। लेकिन घर पर, हमने दशकों से किसी न किसी तरह से दुल्हन के पहनावे के साथ अलंकरण की बराबरी की है। इस गहरे जुड़ाव ने वरुण को फिर से परिभाषित किया कि हाउते कॉउचर कैसे पहना जाता है, और आज के सूचित और स्टाइल के प्रति जागरूक उपभोक्ता के लिए इसका क्या अर्थ है। अपने संग्रह, मेमोरी / मोज़ेक के माध्यम से, वरुण ने कुछ विषयों को एक साथ खींचने की कोशिश की, जो पिछले एक साल में उनके दिमाग में मजबूत हुए हैं। अलंकरणों के अलावा, उन्होंने हाउते कॉउचर की मांगों के अनुसार सिल्हूट और नाटक के विचार के बारे में भी गहराई से सोचा। यहां, उन्होंने हाउते कॉउचर पहनने की रस्म को कम करने के लिए अपने डिजाइन और कटौती को सरल बनाने की कोशिश की, उन्हें एक निश्चित ताज़ा हल्कापन प्रदान किया ताकि किसी को उन्हें अधिक बार और अलग-अलग तरीकों से पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने अपने हस्ताक्षर वाले पुष्प-प्रेरित प्रिंट भी लाए, और उन्हें मिश्रण में जोड़ा। यह थोड़ा बोहेमियन था, ग्लैमर के संकेत के साथ, और एक बारीक-निष्पादित मोज़ेक की तरह, इसने उनके विचारों को एक साथ लाया कि हाउते कॉउचर क्या हो सकता है। आपको ड्रेप्ड स्कर्ट और ब्रालेट के साथ पेयर किए गए कपड़े, पावर शोल्डर के साथ जैकेट, लहंगा, स्कर्ट के साथ पेप्लम टॉप, लंबी जैकेट के साथ स्लिप ड्रेस, ट्राउजर के साथ केप, साथ ही सुरुचिपूर्ण साड़ी, सभी ऑर्गेना, सिल्क जैसे कपड़ों में मिल जाएंगे। मेमोरी / मोज़ेक में साटन, ट्यूल, मखमल, और यहां तक कि डेनिम। डिजाइनर का रंग पैलेट हाथीदांत, काला, लाल, ऋषि हरा, और ब्लशिंग पिंक के साथ खेला जाता है - हल्का, विपरीत, और ताज़ा, आने वाले उत्सवों के लिए आदर्श, चाहे आप दुनिया में कहीं भी हों।





### फाल्गुनी शेन पीकॉक







संग्रह, लव इज, प्रेम के स्मारक- ताजमहल से प्रेरित था। संग्रह का विवरण ताजमहल की सुंदरता से उधार लेकर प्रेम की दूरदर्शी गाथा का अनुवाद करने की मांग करता है; पहनावे पर स्थापत्य रत्न के असंख्य रूपांकनों को लिखने से लेकर स्वारोवस्की क्रिस्टल, मोती, दर्पण, सेक्विन और मोतियों के परिष्कृत अलंकरण के साथ उन्हें वार्निश करने तक।

संग्रह रंगों का एक मिश्रण था जो बेक्ड बेज और मोती हाथीदांत जैसे मधुर म्यूट टोन से गुलाब गुलाबी और टकसाल हरे रंग के पेस्टल तक बढ़ाया गया था, यहां तक कि पन्ना हरा, शाही बैंगनी, फ़िरोज़ा और बहादुर पोस्पी जैसे गहरे स्वर तक फैला हुआ था। धात्विक रंगों के लिए एक स्पलैश अर्थात। चांदी और सोने ने ग्लैमर का तड़का लगाते हुए भव्यता को बढ़ा दिया। जटिल क्राफ्टिंग तकनीकों ने गुंबदों और मीनारों के स्थापत्य रूपांकनों, पत्ते के फिलाग्री और सदी के जीवों और पक्षियों के रूपांकनों के माध्यम से कपड़े पर संरचनात्मक चमत्कार को दोहराया। विधि के संदर्भ में यह रेखा नवीन है, लेकिन दृष्टिकोण के संदर्भ में दृढ़ता से निहित है, जो लेबल का एक हस्ताक्षर सौंदर्य है। कट्स पारंपरिक थे फिर भी, थिंक ट्रेल्ड लहंगा, फिट-एंड-फ्लेयर सिल्हूट, और बॉल गाउन-स्टाइल लहंगा जो शादी के दिन ब्राइडल ट्राउसेउ के लिए बनाया गया था।